# दैनिक बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 250 | जयपुर | सोमवार,14 जुलाई, 2025 | श्रावण, कृष्ण पक्ष-चतुर्थी संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹5.00 | पृष्ठ : 10

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan


## उत्तर प्रदेश में बारिश-बिजली गिरने से 14 लोगों की मौत

### बिहार-झारखंड में 3 की जान गई; एमपी में नदियां उफान पर, 5 जिलों में बाढ़

बढ़ता राजस्थान



नई दिल्ली/भोपाल/लखनऊ (एजेंसी)। यूपी में मानसून जमकर बरस रहा है। पिछले 24 घंटे की बात करें तो बारिश-बिजली गिरने से 14 लोगों की मौत हो गई। वहीं, प्रदेश के बांध अब ओवरफ्लो होने लगे हैं। ललितपुर में माताटीला बांध के 9 गेट खोले गए हैं, जबकि झांसी में पथराई बांध के 4 और लहचूरा बांध के 10 गेट खोले गए हैं।झारखंड के सरायकेला-खरसावां और लोहरदगा जिलों में बिजली गिरने से 2 लोगों की मौत हो गई। वहीं, एक व्यक्ति झुलस गया। सभी खेत से काम करके घर लौट रहे थे। राज्य में बारिश का आज यलो अलर्ट है। बिहार में शनिवार को सिर्फ रोहतास में बारिश हुई, यहां बिजली गिरने से 1 महिला की मौत हो गई।मध्य प्रदेश में भारी बारिश के चलते रीवा, सतना और छतरपुर समेत 5 जिलों में बाढ़ के हालात हैं। खजुराहो में 9 घंटे में 6.3 इंच बारिश हुई। छतरपुर के नौगांव में 3.4 इंच पानी बरसा। चित्रकूट में लोगों को नाव से रेस्क्यू किया गया। यहां बाणसागर डैम के 7 गेट खोले गए। बरगी डैम के 5 गेट खोले गए हैं।राजस्थान के झालावाड़, धौलपुर, करौली और अलवर में शनिवार को तेज बरसात हुई। झालावाड़ में 4 इंच से ज्यादा पानी बरसा। इस दौरान तीन बच्चे डूब गए, दो के शव बरामद कर लिए गए हैं, जबकि एक की तलाश जारी है।मौसम विभाग ने रविवार को मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात और उत्तराखंड में तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी है। 21 राज्यों में तेज बारिश का यलो अलर्ट जारी है। [illegible] में बिजली गिरने का अलर्ट है। उत्तराखंड में बिजली गिरने के साथ-साथ अचानक बाढ़ आने और लैंडस्लाइड का भी अलर्ट है।

## बिहार की वोटर लिस्ट में बांग्लादेशी, नेपाली, म्यांमारियों के नाम

### तेजस्वी यादव और प्रशांत किशोर ने दी प्रतिक्रिया

बढ़ता राजस्थान



पटना (एजेंसी)। चौंकाने वाली जानकारी के बाद भारतीय जनता पार्टी ने विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा है, खासकर उन पर जो मतदाता सूची पुनरीक्षण का विरोध कर रहे थे। अब इस गंभीर आरोप पर राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव और जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने भी अपनी राय व्यक्त की है, जिससे यह मुद्दा और गरमा गया है।

बिहार की मतदाता सूची में विदेशी नागरिकों के नाम शामिल होने के खुलासे ने राज्य में एक बड़ा राजनीतिक संकट खड़ा कर दिया है। बताया जा रहा है कि मतदाता सूची में बांग्लादेश, नेपाल और म्यांमार मूल के लोगों के नाम पाए गए हैं, जिसने चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर सवालिया निशान लगा दिया है। इस चौंकाने वाली जानकारी के बाद भारतीय जनता पार्टी ने विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा है, खासकर उन पर जो मतदाता सूची पुनरीक्षण का विरोध कर रहे थे। अब इस गंभीर आरोप पर राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव और जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने भी अपनी राय व्यक्त की है, जिससे यह मुद्दा और गरमा गया है।

इस मुद्दे पर पूछे जाने पर, राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा, ये सूत्र कौन हैं? ये वही सूत्र हैं जिन्होंने कहा था कि इस्लामाबाद, कराची और लाहौर पर कब्जा कर लिया गया है। ये सूत्र को हम मूत्र समझते हैं। एसआईआई आखिरी बार 2003 में पीए सरकार में किया गया था। तब कई चुनाव हुए हैं, उन चुनावों में हम 3-4 लाख वोटों से हारे हैं। क्या इसका मतलब है कि इन सभी विदेशियों ने पीएम मोदी को वोट दिया? इसका मतलब है कि मतदाता सूची में किसी भी संदिग्ध तत्व के नाम जुड़ने के लिए [illegible] दोषी है। इसका मतलब है कि उन्होंने जो भी चुनाव जीते हैं, वे सभी धोखाधड़ी वाले रहे हैं। जहां तक नेपाल की बात है तो बिहार और नेपाल का रोटी और बेटी का संबंध है।

### बिहार की वोटर लिस्ट में विदेशी घुसपैठ पर क्या बोले प्रशांत किशोर?

जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने इसपर कहा, चुनाव आयोग ने पुनरीक्षण की प्रक्रिया शुरू की है। यदि वे बता रहे हैं कि यहां नेपाली और बांग्लादेशी हैं तो यह बड़ी चिंता की बात है। क्या चुनाव आयोग यह स्वीकार कर रहा है कि जिस निर्वाचक नामावली से लोकसभा का चुनाव हुआ, उसमें बड़ी संख्या में बांग्लादेशी या गैर कानूनी लोग शामिल थे? दूसरी बड़ी बात है कि यदि यह लोग बिहार में आकर रह रहे हैं तो बिहार में तो भाजपा-नीतीश की सरकार है, यह लोग कैसे रह रहे हैं? पुलिस प्रशासन क्या कर रहा है? नीतीश सरकार को जवाब देना चाहिए कि उनकी सरकार के रहते ऐसे लोगों को बिहार में आकर रहने, यहां की सुविधाओं का लाभ लेने, वोट देने का अधिकार कैसे मिल गया?

## जयपुर में दो पक्षों में हुई पत्थरबाजी

### कांच की बोतल निकालकर लाए लोग; 11 गिरफ्तार किए गए, मौके पर शांति

बढ़ता राजस्थान



जयपुर (का.स.)। जयपुर के रामगंज थाना इलाके में देर रात पथराव के बाद मौके पर शांति बनी हुई है। पुलिस की और आरएसी की टीम मौके पर निरंतर निगरानी रखी हुई है। दरअसल, देर रात कुछ युवकों ने एक महिला पर कमेंट किए थे। इस पर महिला के पति ने युवकों को मौके से भगाने का प्रयास किया।इस पर सामने वाले युवकों ने महिला के पति पर हमला कर दिया। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच पथराव शुरू हो गया। देर रात करीब साढ़े 10 बजे से शुरू हुआ विवाद साढ़े 11 बजे तक रहा। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शांति कराई। अब इस घटना का वीडियो भी सामने आया है।

**पथराव से डरी बच्ची ने चिल्लाते हुए बनाया वीडियो**

घटना के दौरान कॉलोनी के लोग बाहर निकल कर झगड़ा देखने लगे थे। इसी दौरान दोनों पक्षों ने पथराव करना शुरू किया। एक पक्ष ने घर में रखे हुए बैग बाहर निकाले। इसमें कांच की बोतलें थीं। इन बोतलों को एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर फेंकना शुरू किया। इस का बच्ची ने चिल्लाते हुए वीडियो बनाया। वहीं, मौके पर लगे हुए सीसीटीवी कैमरे में भी घटना को लेकर कुछ फुटेज सामने आये हैं। जिन की पुलिस जांच कर रही हैं।

**11 लोगों को डिटेन कर शांतिभंग में गिरफ्तार किया**

एसएचओ रामगंज सुभाष यादव ने बताया- घटना की जानकारी मिलने पर तत्काल टीम को मौके पर भेज दिया गया था। इस दौरान पुलिस ने 11 लोगों को डिटेन कर शांतिभंग में गिरफ्तार किया। दूसरे पक्ष की ओर से मिली रिपोर्ट के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई हैं। जिस में कॉलोनी के कुछ युवकों पर महिला के घर लौटने के दौरान टिप्पणी करने का आरोप लगाया गया है। इलाके में पूरी तरह से शांति व्यवस्था बनी हुई है।

## राजस्थान में 4 भर्ती परीक्षाओं पर वैकेंसी निकालने की तैयारी

### शिक्षक भर्ती, प्लाटून कमांडर, जमादार और लैब-असिस्टेंट की जुलाई में जारी होगी विज्ञप्ति



बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड जुलाई के महीने में 3 से 4 भर्ती परीक्षाओं की वैकेंसी निकालने जा रहा है। इनमें शिक्षक भर्ती परीक्षा (रीट मैंस), प्लाटून कमांडर, लैब असिस्टेंट और जमादार जैसी भर्ती परीक्षाएं शामिल हैं। इन भर्ती परीक्षाओं की विज्ञप्ति इसी महीने जारी किया जाना प्रस्तावित है। वहीं, इसके बाद अगले महीने आवेदन की प्रक्रिया शुरू होगी।राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष आलोक राज ने बताया- राजस्थान में इसी महीने 3 से 4 भर्ती परीक्षाओं की विज्ञप्ति जारी किया जाना प्रस्तावित है। इनमें शिक्षक भर्ती परीक्षा (रीट मैंस), लैब असिस्टेंट प्लाटून कमांडर और जमादार भर्ती परीक्षा शामिल है। इनमें से प्लाटून कमांडर, लैब असिस्टेंट और जमादार की अभ्यर्थना आ चुकी है। शिक्षक भर्ती परीक्षा (रीट मैंस) की अभ्यर्थना को लेकर शिक्षा विभाग से लगातार बातचीत का दौर जारी है।

**700 से 800 लैब असिस्टेंट के पदों पर भर्ती की तैयारी**

आलोक राज ने बताया- कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा प्लाटून कमांडर के 100 से कम पदों पर भर्ती विज्ञप्ति जारी की जाएगी। लैब असिस्टेंट के 200 से कम पदों पर भर्ती प्रस्तावित है।

## सरकार ने पेपरलीक पर 4 भर्तियों की रिपोर्ट जारी की

### एसआई भर्ती में 80 से ज्यादा गिरफ्तार हो चुके, 6 ट्रेनी रडार पर; पीटीआई में 185 को बर्खास्त किया

बढ़ता राजस्थान



जयपुर (का.स.)। भजनलाल सरकार ने पेपर लीक से जुड़ी चार भर्तियों पर अब तक की गई कार्रवाई की रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट में सरकार ने पेपर लीक माफिया के खिलाफ ठोस कार्रवाई का दावा करते हुए आंकड़े जारी किए हैं। इसके साथ कांग्रेस सरकार पर मामले को दबाने का आरोप लगाया है।सरकार ने सब इंस्पेक्टर (एसआई) भर्ती-2021, पीटीआई भर्ती-2022, सीएचओ भर्ती-2022 और ईओ-आरओ भर्ती-2022 में की गई कार्रवाई को लेकर रिपोर्ट जारी की हैं। इसमें एसआई भर्ती में कुल 80 से ज्यादा लोगों की गिरफ्तारी दिखाई गई है। वहीं, पीटीआई भर्ती में 185 अभ्यर्थी बर्खास्त किए गए हैं।सरकार ने कहा कि हमने पिछले डेढ़ साल में 69 हजार पदों पर सरकारी नौकरी दी हैं। वहीं, 1 लाख 88 हजार पदों पर भर्ती प्रक्रियाधीन हैं। इनमें एक में भी पेपर लीक का कोई प्रकरण सामने नहीं आया।

पहली बार आरपीएससी और आरएसएसबी ने भर्ती कलेंडर जारी किया है। सालों बाद प्रदेश में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी और चालक के पदों पर भर्ती हो रही है। एफएसओ के 198 पद, सूचना सहायक के 3415 पद और पशु चिकित्सा अधिकारी के 900 पदों पर लंबे समय से न्यायालय में भर्ती अटकी हुई थी। जिस पर मजबूत पैरवी करते हुए इन भर्तियों से हटवाई गई हैं।

**पहली बार नियुक्ति पा चुके अभ्यर्थियों पर कार्रवाई**

सब इंस्पेक्टर (एसआई) भर्ती-2021 मामले की रिपोर्ट जारी करते हुए सरकार ने कहा- इस मामले मे एसआईटी अभी तक 53 ट्रेनी एसआई, 6 अभ्यर्थी (ट्रेनिंग में शामिल नहीं हुए) सहित 80 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है।

करीब 6 ट्रेनी एसआई अभी एसआईटी की रडार पर हैं। इनके खिलाफ एसआईटी को पुख्ता सबूत मिले हैं। ऐसे में इनकी जल्द गिरफ्तारी की संभावना हैं। सरकार ने कहा कि यह भर्ती कांग्रेस के शासनकाल में हुई थी। लेकिन इस पर पिछली सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की।

**पीटीआई भर्ती का मामला कांग्रेस ने दबाया**

सरकार ने अपनी रिपोर्ट में पीटीआई भर्ती-2022 के आंकड़े जारी करते हुए कहा कि 5546 पदों के लिए 25 सितम्बर 2022 को लिखित परीक्षा आयोजित हुई थी। भर्ती में दो गुना सफल अभ्यर्थियों को बुलाना था। लेकिन महज 18 अभ्यर्थी पदों के मुकाबले अधिक बुलाए गए। उसके बाद भी कट ऑफ में 56 अंकों की वृद्धि देखी गई। इस पर फर्जीवाड़े की आशंका जताते हुए 900 से अधिक अभ्यर्थियों के संदिग्ध प्रमाण शिक्षा विभाग को सौंपे गए।







सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर( राज. ) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, नि□बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# दिल्ली जयपुर राजमार्ग पर बड़ा हादसा टला: हरियाणा रोड़वेज बस और ट्रेलर मे हुई भिड़ंत

बढ़ता राजस्थान



पावटा (सुशील कुमार बंसल )। कस्बे से होकर गुजर रहे दिल्ली जयपुर राजमार्ग संख्या 48 पर हरियाणा रोड़वेज बस और ट्रेलर की भिड़ंत में रविवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। बस चालक करण सिंह पुत्र लालचंद यादव, ग्राम - पाली (कुंड) जिला रेवाड़ी की लापरवाही से यह हादसा हुआ। प्राप्त सूचना के अनुसार, बस जयपुर से सवारियां भरकर चली थी, जब पावटा मुख्य बस स्टैंड पर शनिवार दोपहर पश्चात 03ः20 के आसपास तेज रफ्तार से आ रही रोड़वेज चालक ने अचानक से स्वयं की लाइन बदलते हुए दूसरी लाइन में आकर ब्रेक लगा दिया। इस अचानक ब्रेक लगाने से एक अन्य ट्रेलर अनियंत्रित होकर बस से टक्करा गया। ट्रक व बस में तेज धमाके के साथ हुई भिड़ंत से लोग मौके पर बचाव के लिए दौड़े। गनीमत रही कि दिन का समय होने के कारण और बस स्टैंड पर खड़ी सवारियां हादसे की चपेट में नहीं आई, वरना एक बड़ा हादसा हो सकता था। हादसे में किसी को ज्यादा चोट नहीं लगी, लेकिन अनियंत्रित ट्रेलर टक्कर के बाद पुलिया पर लगी रेलिंग को तोड़ते हुए दूसरी लाइन दिल्ली जयपुर राजमार्ग पर आ गया। हादसे के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची प्रागपुरा थाना पुलिस ने सड़क पर लगे जाम को खुलवाकर रास्ते को सुचारू करवाया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और दोषी चालक के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही है। हादसे के बाद यात्रियों ने राहत की सांस ली और चालक की लापरवाही की निंदा की।

# कांग्रेस सेवा दल की नव गठित कार्यकारिणी सदस्यों का अभिनन्दन

बढ़ता राजस्थान




पावटा (सुशील कुमार बंसल )। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवा दल कोटपूतली-बहरोड़ जिले की नव गठित कार्यकारिणी सदस्यों का पावटा स्थित होटल ग्रिन पार्क में माला व साफा पहनाकर स्वागत अभिनन्दन किया गया। कार्यक्रम सामाजिक कार्यकर्ता ओपी बायला के मुख्य आतिथ्य एवं चोबाला सरपंच प्रतिनिधि राजू धनकड़ की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। मुख्य वक्ता जिलाध्यक्ष रघुवीर सिंह यादव ने कहा कि नव गठित कार्यकारिणी सदस्यों को अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के लिए पूरी तरह से तैयार रहना होगा। राजू धनकड़ ने कहा कि कांग्रेस सेवा दल की भूमिका समाज के वंचित वर्गों के लिए काम करने में महत्वपूर्ण होगी। ओपी बायला ने नव गठित कार्यकारिणी सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि वे अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के लिए पूरी तरह से तैयार रहें। बायला ने कहा कि कांग्रेस की सामाजिक सेवाएं और नेतृत्व क्षमता हमेशा से ही प्रेरणादायक रही हैं और आगे भी वे इसी तरह से समाज के लिए काम करते रहेंगे। इस दौरान पावटा ब्लॉक अध्यक्ष गोपाल सिंह, जिला महासचिव बजरंग यादव, राजेन्द्र यादव, करतार सिंह शेखावत, विकास वर्मा कुनेड़, सुबेसिंह शेखावत एवं जिला सचिव कैलाश यादव, राजू यादव ठेकेदार, कांग्रेस नेता जुगल किशोर यादव, मखन स्वामी समेत अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान नव गठित कार्यकारिणी सदस्यों का जोरदार स्वागत किया और उन्हें माला व साफा पहनाकर अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर सभी ने नव गठित कार्यकारिणी सदस्यों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सेंट ग्रिगोरियस स्कूल में एआई नोवा लैब उद्घाटन,नवीन छात्रसंघ कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न



बढ़ता राजस्थान

उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )। सेंट ग्रिगोरियस सी. से. स्कूल, उदयपुर में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के माध्यम से भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहने के संकल्प,एआई. प्रयोगशाला नवाचार,अन्वेषण और डिजिटल सशक्तिकरण के उद्देश्य से 'ए. आई. नोवा लैब' का भव्य उद्घाटन, नवनिर्वाचित छात्रसंघ कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण एवं अहमदाबाद डायोसिस के परम पूज्य डॉ.गीवर्गीस मार थियोफिलोस की अध्यक्षता में एवं सुरेंद्र पांडे जिला संगठन आयुक्त स्काउट्स उदयपुर के मुख्य आतिथ्य में अलंकरण समारोह संपन्न हुआ।प्रारम्भ में ईश वंदना एवं विद्यालय गान के पश्चात विद्यालय के उप प्रधानाचार्य अनिल गोस्वामी ने आगंतुक अतिथियों एवं अभिभावकों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया।विद्यालय की प्रधानाचार्या शुभा जोस ने नवनिर्वाचित केन्द्रीय कार्यकारिणी की अध्यक्ष लातिका जोशी,उपाध्यक्ष ईशान्वी शर्मा, सचिव रुद्राक्षी गुप्ता, प्रवक्ता अग्रजा पेरीवाल,छात्र प्रतिनिधि प्रखर राठी,छात्रा प्रतिनिधि केरिस मिरियम वर्गीस, छात्र उप प्रतिनिधि निलय कुमार श्रीवास्तव, छात्रा उप प्रतिनिधि तन्मया सिंह , छात्र स्पोर्ट्स कप्तान कृष्णा चौहान , छात्रा स्पोर्ट्स कप्तान भूमि कोठारी, छात्र स्पोर्ट्स उप कप्तान यश श्रीमाली, छात्रा स्पोर्ट्स उप कप्तान गहना माखीजा, सार्जेंट एट आर्म्स अलीमा हीतावाला के साथ ही दल एवं कक्षा प्रतिनिधियों को अनुशासन, समर्पण, पद की गरिमा, गोपनीयता एवं छात्र-हित सर्वोपरि रखने की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि सुरेन्द्र पाण्डे ने भावी नागरिकों के लिए इस प्रकार के प्रशिक्षण को लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को जानने-समझने का अमूल्य अवसर बताया।

# युवा पीढ़ी जुड़े सिंधु दर्शन यात्रा से:देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत

बढ़ता राजस्थान




उदयपुर (दिनेश गोठवाल)। हिमालय परिवार द्वारा सिंधु दर्शन तीर्थ यात्रियों का सम्मान स्नेहमिलन व सम्मान समारोह रविवार को सेक्टर 5 हिरण मगरी स्थित घूमर गार्डन में रखा गया। समारोह के मुख्य अतिथि राज्य के कैबिनेट मंत्री देवस्थान, पशुपालन एवं डेयरी जोगाराम कुमावत थे।

इस अवसर पर हिमालय परिवार के प्रदेश महामंत्री,पार्षद एवं राजस्व समिति के अध्यक्ष अरविंद जारोली ने शब्दों द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया तथा यात्रा की शुरुआत से लगाकर 29वीं यात्रा का वर्णन संक्षिप्त में किया। उन्होंने राज्य सरकार से मांग करते हुए कहा की दूसरे प्रदेशों में दिए जाने वाली यात्रा को आर्थिक सहायता एवं सुविधाएं राजस्थान के यात्रियों को भी दी जाए, साथ ही सभी यात्रियों का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री जोगाराम कुमावत ने हिमालय परिवार की इस अनोखी यात्रा को राष्ट्रहित के लिए बताते हुए, सिंधु नदी के उद्गम एवं इतिहास के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि यात्राएं तो बहुत होती है लेकिन सिंधु दर्शन यात्रा अपने आप में एक धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व रखती, प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी द्वारा जम्मू कश्मीर एवं लेह लद्दाख के विकास के प्रयासों को इंगित करते हुए यह यात्रा और महत्वपूर्ण हो जाती है, ऐसी यात्राओं के प्रयासों के लिए हिमालय परिवार को धन्यवाद दिया।

उन्होंने राजस्थान सरकार द्वारा किए गए विभिन्न यात्राओं एवं पूर्व की सुविधाओं एवं वर्तमान सुविधाओं की तुलना कर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त किया, साथ ही हिमालय परिवार के प्रदेश महामंत्री द्वारा की गई आर्थिक सहायता बढ़ाने की मांग के लिए उचित बताते हुए कहा कि उन्होंने अग्रिम कार्रवाई कर दी,उसकी जानकारी प्रदान कर भविष्य में निश्चित तौर पर उसे बढ़ाई जाएगी।

भाजपा शहर विधायक ताराचंद जैन ने इस तीर्थ यात्रा को राष्ट्रीय चेतना को जागृत करने वाली यात्रा बताते हुए कहा कि उदयपुर इकाई दिनों दिन इस यात्रा में संख्यात्मक एवं गुणात्मक विस्तार कर रही हैं। इस सम्मान समारोह को भाजपा जिला अध्यक्ष गजपाल सिंह, कार्यक्रम संयोजक दिनेश माली एवं कार्यक्रम अध्यक्ष हेमेंद्र श्रीमाली ने भी संबोधित किया।सभी यात्रियों को प्रमाण पत्र दे कर सम्मानित किया। हिमालय परिवार के प्रांत संगठन मंत्री डॉ. सुशील निंबार्क ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि भजन लाल सरकार का यात्रा सबसिडी बढ़ाने के निर्णय से यात्रा में युवाओं की संख्या बढ़ेगी और देश की युवा पीढ़ी हिमालय देश के लिए कितना महत्वपूर्ण है,समझेगी । समारोह में सिंधु दर्शन यात्रा की स्मृतियों को सजोए एक सोनिनियर का भी विमोचन किया गया।कार्यक्रम के अंत में आभार जिला अध्यक्ष अशोक सारस्वत ने किया एवं सभी ने सामूहिकता से स्नेह भोज किया।

# प्रथम रंगोदय उत्सव 2025 के पोस्टर का किया विमोचन

बढ़ता राजस्थान



साहवा (कृष्ण कुमार)। साहित्य कला चेतना परिवार नोहर द्वारा छोटी नेहरू बाल वाटिका विद्यालय में प्रथम रंगोदय उत्सव 2025 का पोस्टर किया गया। रविवार को हुए कार्यक्रम में राजस्थान ललित कला अकादमी के पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मण व्यास, वरिष्ठ चित्रकार और शिक्षाविद महेंद्र प्रताप शर्मा, नेहरू बाल वाटिका विद्यालय (अँग्रेजी माध्यम) की प्रधानाध्यापिका वर्तिका शर्मा, सह आयोजक युवा व्यवसायी सिद्धार्थ सर्राफ, बाल साहित्यकार डॉ शिवराज भारतीय, काष्ठ मूर्तिकार और शिक्षक सुरेन्द्र सुथार, साहित्य कला चेतना परिवार के अध्यक्ष राधेश्याम गौड़, निदेशक कमल अग्रवाल, भाषा सचिव कुलदीप पारीक व अन्य नवोदित कलाकारों की गरिमामय उपस्थिति में पोस्टर का विमोचन किया गया और पत्रकार वार्ता की गई। प्रथम रंगोदय उत्सव 2025 के कार्यक्रम संयोजकों ने बताया कि साहित्य कला चेतना परिवार नोहर और श्री गोविंदम के सहयोग से रंगों के माध्यम से वर्षा के आगमन और सावन के तीज महोत्सव का स्वागत करने के उपलक्ष्य में नोहर से पहली बार प्रथम रंगोदय उत्सव - 2025 का आयोजन 20 जुलाई 2025 रविवार सुबह 9 बजे से 2 बजे तक स्थानीय नेहरू बाल वाटिका (अँग्रेजी माध्यम) परिसर में आयोजित किया जा रहा है। इस उत्सव में नोहर क्षेत्र के सभी रचनात्मक नवोदित कलाकारों को अवसर और अपनी कला को प्रदर्शित करने का मंच साहित्य कला चेतना परिवार और गोविंदम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित करवाया जा रहा है। जिसमें 8 से 18 वर्ष आयु वर्ग के सभी कलाकार बच्चों को अवसर प्रदान किया जा रहा है। इस उत्सव के निदेशक कमल अग्रवाल ने बताया कि इस रंगोदय उत्सव में प्रतिभागियों को चित्र बनाने हेतु सामग्री, अल्पाहार, जलपान आदि आयोजन स्थल पर संस्था के द्वारा उपलब्ध करवाई जाएगी। इस उत्सव में सभी प्रतिभागियों को सम्मान पत्र तथा उत्कृष्ट कलाकृतियों को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इस उत्सव में पंजीकरण के लिए 150 रूपये संस्था की ओर से निर्धारित किए गए है। इस उत्सव में निर्धारित पंजीकरण शुल्क के साथ16 जुलाई से पूर्व पंजीकरण करवा सकते है।

# वरूण सागर रोड़ स्थित आदित्य नगर में क्षतिग्रस्त पुलिया की मरम्मत एवं निर्माण कार्य शुरू

बढ़ता राजस्थान

अजमेर ( घनश्याम दास )। 13 जुलाई को विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने जिला कलक्टर को वरूण सागर रोड़ स्थित आदित्य नगर में बरसात के कारण क्षतिग्रस्त हुई पुलिया के अविलंब निर्माण के निर्देश दिए। जिला प्रशासन द्वारा क्षतिग्रस्त पुलिया की मरम्मत एवं निर्माण कार्य रविवार को शुरू करवाया दिया गया। विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने जिला प्रशासन को निर्देश दिए कि पिछले दिनों वरूण सागर रोड़ पर सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर के सामने स्थित आदित्य नगर में बनी पुलिया पानी के तेज बहाव के कारण टूट गई थी। इससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। इस पुलिया के टूटने के कारण आदित्य नगर एवं डिफेंस कॉलोनी की आवाजाही मुख्य सड़क से बंद हो गई है। इसके कारण महिलाएं एवं स्कूल कॉलेज आने जाने वाले विद्यार्थी परेशान हो रहे है। पुलिया का निर्माण अविलम्ब कराया जाए। जिला कलक्टर द्वारा शीघ्र ही अजमेर विकास प्राधिकरण को निर्देश देते हुए रविवार को क्षतिग्रस्त पुलिया की मरम्मत एवं निर्माण कार्य शुरू करवाया गया।




# प्रागपुरा पीएम श्री विद्यालय में होगा स्टेशनरी बैंक का निर्माण

## शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता- प्रिंसीपल विपिन कुमार मामोडिया ने विद्यार्थियों को बांटी कॉपियां

बढ़ता राजस्थान

पावटा ( सुशील कुमार बंसल )। कस्बे के पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रागपुरा में शनिवार को एक विशेष आयोजन हुआ, जिसमें कक्षा 01 से 08 तक के 90 विद्यार्थियों को करीब 540 कॉपियों का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रधान विपिन कुमार मामोडिया ने की, जिन्होंने शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाते हुए करीब 10 हजार रुपये की लागत की स्टेशनरी विद्यार्थियों में वितरित की। प्रिंसीपल विपिन कुमार मामोडिया की इस पहल से न केवल विद्यार्थियों को शिक्षा में मदद मिलेगी, बल्कि यह भी दिखाता है कि वे अपने जन्मदिन को मनाने के बजाय शिक्षा के प्रति कितने समर्पित हैं। व्याख्याता मालाराम यादव ने बताया कि संस्था प्रधान की पहल पर विद्यालय में जल्द एक स्टेशनरी बैंक का निर्माण करवाया जाएगा, जिसमें कक्षा 01 से कक्षा 12 तक के सभी छात्र-छात्राओं को निशुल्क रबड़, पेंसिल, कॉपियां और अन्य अध्ययन सामग्री प्रदान की जाएगी। वाइस प्रिंसीपल मनीषा देवी ने बताया कि स्टेशनरी बैंक में जमा अध्ययन सामग्री का शुल्क विद्यालय के सभी शिक्षकों द्वारा स्वेच्छा से वहन किया जाएगा। इस मौके पर वरिष्ठ शिक्षक गोविंद सिंह, उमाशंकर योगी, धोलाराम यादव, संजिता देवी, सुनिल कुमारी, रजनी चौहान, पुष्पा देवी, महावीर शर्मा, रामावतार स्वामी, प्रकाश गुर्जर, निखिल गुप्ता, अरविंद शर्मा समेत अन्य स्टॉफ सदस्य मौजूद थे।

# रोटरी क्लब उदय व 1 बटा विकास समिति का संयुक्त आयोजन

## पार्क में बैंचो का लाकार्पण व पौधरोपण कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान



उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )। रोटरी क्लब उदय व गोवर्धन विलास हाउसिंग सोसायटी 1 बटा विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में आज पार्क में वरिष्ठ पत्रकार स्व. संजय गोठवाल की स्मृति में लगायी गयी बैंचो का लोकार्पण एवं पार्क में ही पौधरोपण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। समिति अध्यक्ष जीवनसिंह पोखरना ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि पिछले काफी समय से पार्क में आमजन के बैठने के लिये बैंचों की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इसको ध्यान में रखते हुए वरिष्ठ पत्रकार स्व. संजय गोठवाल की स्मृति में उनके परिजनों की ओर से दो बैंचे भेंट गई जिसका आज रोटरी क्लब उदय के अध्यक्ष राघव भटनागर, शालिनी भटनागर, अशोक वीरवाल, डॉ. अनिता मोर्य, समिति अध्यक्ष जीवनसिंह पोखरना, सचिव भोलादीप साहनी, अनिता गोठवाल, भाजपा युवा मोर्चा महामंत्री उज्जवल जैन, संरक्षक मोहनलाल टेलर, अरूण कुमार मुन्दड़ा, पुरूषोत्तम पल्लव, डॉ. वल्लभ मण्डोवरा, जगदीश जोशी, भगवतीप्रसाद उपाध्याय, कन्हैयालाल खत्री, घनश्याम गोयल, गिरीश गोयल, सुरेन्द्र बोबल, चन्द्रकांत पालीवाल, हरीश मटोलिया, कैलाशचन्द्र शर्मा,राजेश व्यास,कविता व्यास सहित अनेक पुरूष व महिला सदस्यों ने लोकार्पण किया।

रोटरी क्लब उदय अध्यक्ष राघव भटनागर ने बताया कि इस अवसर पर पार्क में शीशम, परिजात, अशोक, आशापाल, कचनार, एरिकापाम, जामुन, रातरानी सहित विभिन्न किस्मों के औषधीय पौधे लगाये गये। उन्होंने पार्क में भी भविष्य में आवश्यकतानुसार कार्य करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर डॉ. ऋतु वैष्णव, सरिता सुनेरिया, अविनाश पोखरना सहित 50 से अधिक सदस्य मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन पंकज भारद्वाज व प्रसून भारद्वाज ने किया। अंत सचिव भोलादीप साहनी ने आभार ज्ञापित किया।

# अजमेर जिला कलक्टर ने केकड़ी में बजट घोषणाओं की प्रगति के संबंध में ली समीक्षा बैठक

## अधिकारियों को समयबद्ध क्रियान्विति के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान



अजमेर ( घनश्याम दास )। 13 जुलाई को जिला कलक्टर लोक बन्धु की अध्यक्षता में रविवार को उपखण्ड केकड़ी के पंचायत समिति सभागार में बजट वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में की गई बजट घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सार्वजनिक निर्माण विभाग, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग, बाल विकास परियोजना, पंचायती राज, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य , शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों की घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

जिला कलक्टर ने सभी लंबित बजट घोषणाओं की त्वरित क्रियान्विति सुनिश्चित करने तथा राज्य सरकार को भेजे गए प्रस्तावों की नियमित फॉलोअप करने के निर्देश दिए।

लोक बन्धु ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को केकड़ी क्षेत्र में सड़क निर्माण और सड़कों के उन्नयन कार्यों में गति बढ़ाने के निर्देश दिए । डीपीआर तैयार हो चुकी सड़कों का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारम्भ करने के निर्देश दिए। उन्होंने अटल ज्ञान केंद्रों की स्थापना के लिए चयनित ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्यों की गति बढ़ाने के निर्देश दिए । इससे स्थानीय युवाओं को इसका लाभ मिल सकेगा । उपखंड अधिकारी एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को पोषाहार की गुणवत्ता की निगरानी करने के निर्देश दिए । साथ ही नव स्थापित आंगनबाड़ी केंद्रों में सेवाओं को सुदृढ़ बनाए रखने को निर्देशित किया ।

जिला कलक्टर ने जलदाय विभाग के अधिकारियों को बजट घोषणाओं के तहत पाइपलाइन कार्यों के लिए स्वीकृत परियोजनाओं को शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए । पेयजल से संबंधित कार्यो को शीघ्र गति प्रदान की जानी चाहिए। मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान के तहत पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा स्वीकृत कार्यों में प्रगति लाने और नियत समय में पूर्ण करने के लिए ठोस क्रियान्विति के निर्देश दिए ।

उन्होंने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि वर्षा ऋतु में संभावित मौसमी बीमारियों को ध्यान में रखते हुए घर घर सर्वे, एंटी लार्वा गतिविधियाँ, फॉगिंग और एमएलओ छिड़काव की नियमितता सुनिश्चित की जाए।शिक्षा विभाग को सरवाड़ कन्या महाविद्यालय भवन के निर्माण की दिशा में लंबित कार्यों की समीक्षा कर शीघ्र कार्यवाही प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को प्रतिमाह गत माह की तुलनात्मक रिपोर्ट बनाकर लक्ष्य अनुसार प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए ।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर चंद्रशेखर भण्डारी, उपखण्ड अधिकारी सुभाष हेमानी , सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता गिरीराज, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता सहित अन्य जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे ।

## हरियाली को प्रोत्साहन देना होगा : डॉ. ओपी टांक

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** संकल्प आर्गेनाइजेशन के तत्वावधान में रविवार को यहां ज्योति नगर स्थित कठपुतली नगर में पौधारोपण किया गया। कठपुतली नगर विकास समिति के अध्यक्ष डॉ. ओपी टांक के निर्देशन में आंगनबाड़ी, स्कूली बच्चों एवं समिति के पदाधिकारियों व



कार्यकर्ताओं ने बस्ती के परिसर में कई छायादार पौधों को रोपा तथा उनकी सार-संभाल का संकल्प लिया।इस मौके पर विकास समिति के उपाध्यक्ष अशोक शर्मा, सुनील मंडल, कृष्णा मंडल, विनोद भाट एवं बस्ती के बाल गोपाल सहित सभी ने पौधारोपण कर उनकी देखभाल करने की शपथ ली। इस मौके पर डॉ. ओपी टांक ने कहा कि यदि पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाना है तो हरियाली को प्रोत्साहन देना होगा। आज का किया गया पौधारोपण आने वाली नस्लों के लिए स्वास्थ्यवर्धक होगा। उन्होंने सभी उपस्थित जनों को शपथ दिलाई कि वे पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिकाधिक पौधारोपण कर उनकी सार-संभाल करेंगे।

## नागाजी की गौर मुक्तिधाम सेवा समिति की कार्यकारिणी का गठन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** कस्बे के नागाजी की गौर में रविवार को नागाजी की गौर मुक्तिधाम सेवा समिति की बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें समिति अध्यक्ष व कार्यकारिणी का गठन किये जाने पर सहमति जताई गई। इस मौके पर सर्वसमाज के लोगों द्वारा ओमप्रकाश मीणा को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना



गया। वहीं उपाध्यक्ष जगदीश प्रसाद सैनी, सचिव प्रफुल्ल रमन, सहसचिव दयाराम प्रजापत,कोषाध्यक्ष प्रकाश चंद रावत, संरक्षक गंगाराम प्रजापति, बिड़दीचंद सैनी, भोलाराम चौहान, भीखाराम सैनी, सोनू आर्य व सहायक अध्यक्ष लीलाराम सैनी को सर्वसम्मति से चुना गया। साथ ही राजेंद्र प्रसाद सैनी, कन्हैयालाल सैनी, श्रीराम सैनी, रोहिताष सैनी, प्रमोद गुरुजी, रमन सैनी, हंसराज रावत, कुलदीप सैनी, जगदीश प्रसाद सैनी, राजू सैनी, चिरंजीलाल प्रजापति, पवन कुमार सैनी, प्रभूदयाल सैनी, अनिल संघई, हजारीलाल सैनी, रामेष्वर सैनी आदि को सदस्य बनाया गया।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन,103 मरीजों की जाँच, 15 चयनित ऑपरेशन के लिए

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** कोटपूतली बहरोड़ जिले के नारायणपुर।बुर्जा बागड़ीयो की ढाणी महात्मा गाँधी राजकीय विद्यालय में निशुल्क नेत्र जाँच परामर्श जागरूकता शिविर का आयोजन डॉ सर्राफ आई हॉस्पिटल तथा सक्षम के सयुक्त सहयोग से किया गया जिसमे दवा ,जाँच तथा मोतियाबिंद ऑपरेशन निशुल्क किया गया इस शिविर में कुल 103 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई, जिनमें से 15 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। शिविर के दौरान मरीजों को प्राथमिक उपचार भी प्रदान किया गया और उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया।शिविर के सफल आयोजन में सक्षम संस्था अध्यक्ष रामनिवाश यादव गुंता, सचिव मदन लाल सैनी,सूबेदार मंगत पोसवाल, उपसरपंच रमेश यादव,लीलाराम गुर्जर,छितर सहित कई जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों का विशेष सहयोग रहा।

## 4 साल से फरार 5000 रुपये का ईनामी आरोपी किशन यादव उर्फ कृष्ण यादव गिरफ्तार

### अपराधी किशन यादव उर्फ कृष्ण यादव के विरुद्ध हत्या, लुट, डकेती शराब तस्करी, मारपीट के 5 प्रकरण दर्ज हैं

बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा ( नि.स )।** समीपवर्ती नरेना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए हत्या के प्रकरण में फरार चल रहे 5 हजार के इनामी आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की हैं। जानकारी देते हुए महानिरीक्षक पुलिस सह-पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण आंनद शर्मा ने बताया कि पुलिस मुख्यालय द्वारा अवैध गतिविधियो व फरार व ईनामी वांछित अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान में अधिकाधिक सफलता हेतु अतिरिक्ति पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) रजनीश पूनिया आरपीएस, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (दूदू) शिवलाल बैरवा आरपीएस के निर्देशन में वृताधिकारी वृत सांभरलेक अनुपम मिश्रा आरपीएस के निकटतम सुपरविजन में थानाधिकारी थाना नरैना धर्मसिंह उपनिरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा आसूचना संकलन व तकनीकी सहायता द्वारा कडी मेहनत कर कार्यवाही करते हुए पुलिस थाना फुलेरा के क्षेत्र में हत्या के प्रकरण एवं आर्मस एक्ट में 04 साल से फरार 5000 रूपय का ईनामी वांछित आरोपी किशन यादव उर्फ कृष्ण यादव निवासी बोपडा थाना सदर भीवानी जिला भीवानी हरियाणा को डिटेन कर पुलिस थाना फुलेरा को सुपुर्द किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ हत्या-लूट,डकैती,शराब तस्करी के 5 मामले दर्ज हैं। 3 प्रकरण में अभी फरार चल रहा हैं।

## फुलेरा की आशा बाल भारती स्कूल में पौधारोपण किया

बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा ( नि.स )।** कस्बे की सामलपुरा रोड़ स्थित आशा बाल भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को निदेशक रामलाल चाहर के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने पौधारोपण किया।पौधारोपण कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल परिसर में हुई। जहां बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ पौधे लगाए। पौधरोपण के दौरान विद्यार्थियों को हरियाली का महत्व और पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर निदेशक रामलाल चाहर ने पौधारोपण के महत्व को समझाते हुए बताया कि यह हमें प्राकृतिक आपदाओं से बचाने के साथ-साथ हमारे वातावरण की सुंदरता को भी बढ़ाता है। इसलिए हमें अधिक से अधिक हरे पेड़-पौधे लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पौधा लगाना और उसे बचाना हम सबके लिए महत्वपूर्ण है। दूषित पर्यावरण से मौसम में बदलाव आ रहा है। ऐसे समय में हरे पेड़ पौधे हमें राहत देते हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र को हरा-भरा बनाने के लिए सभी लोग कम से कम 10-10 पौधे लगाए। उन पौधों का संरक्षण करना चाहिए। जिससे आने वाले समय मे बहुत बढ़ा परिवर्तन दिखने लगेगा।

# केंद्रीय पर्यावरण मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव ने किया नीमराणा से हरियाणा सीमा तक की सड़क का शिलान्यास

### केंद्रीय मंत्री लोकसभा क्षेत्र में पिछले 1 साल में 383 कार्यक्रमों में शामिल हुए, 600 से अधिक गांवों का दौरा किया, नीमराणा की जनता से मिले मान और सम्मान के लिए जताया आभार, केंद्र और राज्य सरकार क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध-यादव

बढ़ता राजस्थान



जयपुर(का.स.)। केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव रविवार को नीमराना के बावड़ी के पास आयोजित स्टेटहाईवे-111 (नीमराना से हरियाणा सीमा तक) सड़क के शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे।

यादव ने सड़क शिलान्यास कर आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि नीमराणा में केंद्र सरकार द्वारा 50 करोड़ रुपये की लागत का स्वीकृत स्टेटहाईवे-111 रोड़ नीमराना से नाघोड़ी, घिलोठ, डाबड़वास चावण्डी, माँढ़ण, गिगलाना, रायसराना, बिघाना जाट एवं हरियाणा सीमा की कनेक्टिविटी को बेहतर करेगा. उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने 2 सालों में करीब 270 किमी सड़क के लिए 270 करोड़ रुपए दिए हैं, जिनमें इस 48 किमी सड़क के लिए 50 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

यादव ने कहा कि मेरे यहां आने का मुख्य उद्देश्य नीमराणा की जनता को चुनावों में मेरा साथ देने के लिए धन्यवाद व आभार जताना था, यहां की जनता से मुझे बहुत ही मान और सम्मान मिला है. उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का मानना है सरकारी योजनाओं को सौ प्रतिशत पूरा कराना असली धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक न्याय है और मैं इसी को पूरा करने का प्रयास कर रहा हूँ. उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास एवं आने वाली पीढ़ी के लिए लाइब्रेरी एवं खेल के मैदान विषयों पर ग्रामीणों की चिंता होनी चाहिए, इस पर विचार होना चाहिए. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने %खेलो इंडिया% और जो %फिट है वो हिट है% का नारा दिया एवं देशभर में खेलों के प्रति रुझान बढ़ाने के लिए खेल सांसद उत्सव कराने के लिए प्रोत्साहन दिया. उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी में इस भावना को बढ़ाने के लिए हम सभी को साथ मिलकर आगे आना चाहिए।

यादव ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए केंद्र के साथ मिलकर केंद्र की योजनाओं को पूरा करने की सहमति दिखाई है. उन्होंने कहा कि मैने पिछले 1 साल में लोकसभा क्षेत्र में 383 से अधिक कार्यक्रम किए और लगभग 600 गांवों का दौरा किया एवं आमजन की समस्याओं के निस्तारण का प्रयास किया है. उन्होंने कहा कि पूर्वी राजस्थान की सबसे बड़ी जल समस्या के समाधान के लिए मुख्यमंत्री ने जन समस्याओं को समझा एवं केंद्र सरकार ने भी नदियों को जोड़ने के लिए विशेष समिति गठित की एवं माननीय प्रधानमंत्री ने पार्वती- काली सिंध- चंबल परियोजना को अनुमोदन दिया. राजस्थान और मध्यप्रदेश सरकार के समन्वय से केंद्र सरकार ने इस पर पूरा मार्गदर्शन दिया और इसी का परिणाम हुआ कि 28 जनवरी को दोनों राज्यो के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर हुए और प्रधानमंत्री की उपस्थिति में 17 दिसंबर को दोनों राज्यो का एमओयू का आदान-प्रदान भी हुआ. उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने राजस्थान सरकार की डीपीआर को स्वीकृति प्रदान कर दी है, इस पूरी परियोजना में कुल 4 हजार 102 मिलियन क्यूबिक मीटर जल उपलब्ध होगा, जिसमें 522 क्यूबिक मीटर जल को पुन संशोधित करके रखा जाएगा. उन्होंने कहा कि 300 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी अलवर, राजगढ़, रैनी, मालाखेड़ा, उमरैण के साथ-साथ हमारे क्षेत्र के जलाशयों में आएगा। इस दौरान बहरोड़ विधायक डॉ. जसवंत यादव सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# किसानों की खुशहाली के संकल्प की ओर अग्रसर राज्य सरकार

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में बीते डेढ़ साल में कृषि कल्याण योजनाओं में बने नये कीर्तिमान, फार्म पौंड, डिग्गी निर्माण, तारबंदी जैसे ज़मीनी कार्यों के लिए दिया रिकॉर्ड अनुदान

बढ़ता राजस्थान

जयपुर(का.स.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार किसानों के सशक्तीकरण और कृषि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है। राज्य सरकार द्वारा किसानों की आय को दुगुनी करने के लक्ष्य को साकार करने के लिए तारबंदी, फार्म पौंड, सिंचाई पाइपलाइन और सूक्ष्म सिंचाई जैसी योजनाओं को ज़मीनी स्तर पर लागू किया गया है।

राज्य सरकार द्वारा कृषकों के खेतों पर 32 हजार 164 फार्म पौंड का निर्माण करवाने के लिए अनुदान दिया गया है। जबकि गत सरकार के पूरे पांच साल में मात्र 29 हजार 430 फार्म पौंड का अनुदान ही दिया गया था। पिछले डेढ़ वर्ष में ही 7 हजार 465 डिग्गी निर्माण के लिए किसानों को अनुदान दिया जा चुका है। कुओं से खेत तक जल के अपव्यय को रोकने के लिए 25 हजार 787 किलोमीटर सिंचाई पाइपलाइन बिछाकर 53.89 करोड़ रुपये का अनुदान दिया गया। पाईपलाइन योजना में वर्तमान सरकार के डेढ़ साल में 77 हजार से अधिक किसानों को लाभान्वित किया जा चुका है जबकि पूर्ववर्ती सरकार के पहले डेढ़ वर्ष में 41 हजार 608 किसानों को ही इसका लाभ मिला था। जानवरों से फसलों की सुरक्षा हेतु 25 हजार 400 किलोमीटर तारबंदी कर 286 करोड़ रुपये का अनुदान वितरित किया गया। पूर्ववर्ती सरकार के पांच साल में 11 हजार 300 किलोमीटर तारबंदी के लिए ही अनुदान दिया गया था।

मृदा स्वास्थ्य से लेकर प्राकृतिक खेती तक, हर पहलू पर ध्यानवर्तमान सरकार के कार्यकाल में 12.86 लाख मृदा स्वास्थ्य कार्ड किसानों को वितरित किए गए हैं। 37 हजार 911 वर्मी कंपोस्ट इकाइयां स्थापित कर प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया गया है। 50.87 लाख महिला कृषकों को नि:शुल्क बीज मिनी किट प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया गया है।

सौर ऊर्जा और ड्रिप सिंचाई से बढ़ा उत्पादन, घटा खर्च

राज्य सरकार द्वारा 41 हजार 690 सोलर पंप सेट स्थापित कर 650.95 करोड़ रुपये का अनुदान दिया गया है। एक लाख 40 हजार 217 हैक्टेयर क्षेत्र में ड्रिप और मिनी सिंप्रकलर पद्धति लागू कर 713.58 करोड़ रुपये तथा एक लाख 73 हजार 786 हैक्टेयर में स्प्रिंकलर सेट स्थापित कर 193.26 करोड़ रुपये का अनुदान किसानों को मिला है।

संरक्षित खेती से बढ़ रही आय, ग्रीन हाउस और प्याज भंडारण की सुविधा

33.22 लाख वर्ग मीटर क्षेत्र में ग्रीन हाउस स्थापित कर एक हजार 24 कृषकों को 142.39 करोड़ रुपये का लाभ दिया गया है। 9 लाख 17 हजार वर्ग मीटर क्षेत्र में शेडनेट हाउस स्थापित कर 187 कृषकों को 25.20 करोड़ रुपये का अनुदान मिला है। 4 हजार 82 हैक्टेयर क्षेत्र में प्लास्टिक मल?मल्चिंग अपनाकर 4 हजार 843 कृषकों को 7.64 करोड़ रुपये की सहायता मिली है। प्याज के भंडारण हेतु 2 हजार 100 प्याज भंडार गृहों की स्थापना कर 40.75 करोड़ रुपये का अनुदान दिया गया है।

## विजयवर्गीय वैश्य राजसेवक परिषद द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का सफल आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** विजयवर्गीय वैश्य राजसेवक परिषद, जयपुर द्वारा रविवार को प्रात: 9.15 बजे संगम भवन, प्रतापनगर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पर्यावरणीय पहल में परिषद के अनेक पदाधिकारी एवं समाज बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विश्वंबर दयाल - मुख्य संरक्षक, श्याम लाल - मुख्य सलाहकार,आनंद उपाध्यक्ष,हरिराम कोषाध्यक्ष,उमाकांत -संयुक्त महासचिव, देवेंद्र -सह कोषाध्यक्ष,अशोक- वनस्थली कार्यालय मंत्री, सुमन -सांस्कृतिक मंत्री,मनोज - कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्री,बनवारी - मीडिया प्रभारी शामिल थे। इस अवसर पर परिषद के अन्य पदाधिकारी एवं समाज बंधु भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में परिषद के अध्यक्ष, शिव कुमार विजय बूटेरीवालो द्वारा सभी अतिथियों एवं सहभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। यह कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण की दिशा में समाज की सक्रिय भूमिका का उदाहरण प्रस्तुत करता है।

# जयपुर मैगनेट अवार्ड्स एंड बिज़नेस नेटवर्किंग मीट में किया उद्यमियों,विशेषज्ञों और समाजसेवियों को सम्मानित

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर( का.स. )।** राजधानी जयपुर में ताज़ाटॉक्स और अल्पर्ज़ क्लब की ओर से जयपुर मैगनेट अवार्ड्स एंड बिज़नेस नेटवर्किंग मीट 2025 का आयोजन किया गया। जिसमें अलग-अलग क्षेत्रों में शानदार कार्य कर रहे उद्यमियों, विशेषज्ञों और समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में सेलिब्रिटी गेस्ट एक्टर जुनैद हुसैन खान,मुख्य अतिथि अमिता शर्मा (स्प्रिचुअल हिलर,रेकी ग्रैंडमास्टर, एंजल कार्ड रीडर) और समाजसेवी पूनम खंगारोत ने समारोह की शोभा बढ़ाई। विशिष्ट अतिथियों में अनिल अरोड़ा (सब एडिटर, डायरेक्टर चेतन एडवरटाइजिंग), मोहित दुबे (टीवी एक्टर कलर्स), संजय सरदाना (एक्टर एंड सोशल वर्कर) और राहुल शर्मा शामिल थे। वहीं इस कार्यक्रम में बिज़नेस नेटवर्किंग मैगनेट्स को विशेष आमंत्रण दिया गया। जिनमें डॉ. चंद्रा, कविता शर्मा और नम्रता राठौर जैसी प्रतिष्ठित हस्तियाँ शामिल रहीं। आयोजनकर्ता आँचल पूरी और किशोर गिठाला ने बताया कि अलग-अलग क्षेत्रों में शानदार कार्य कर रहे उद्यमियों, विशेषज्ञों और समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। इनमें अमृता मित्तल, अंकिता बापना, अनु गुप्ता, अरविन्द कुमार, भारती शर्मा, डॉ. श्रद्धा आर्या, गीतू शर्मा, ज्योति शर्मा, कोहिनूर खान, मिनल्लाह माजिद, मोहम्मद आरिफ, मोनल गुप्ता, नीलू गोयल, नीना वि पारीक, प्रीती मनन बापना, राकेश गुर्जर, शक्ति सिंह राजावत, शिखा रेला, शिवानी बैस और विक्रम सिंह चिराना, गोवर्धन सिंह राजावत प्रमुख नाम हैं । आयोजनकर्ता ने सबका आभार व्यक्त किया। इस यादगार शाम को और खास बनाया एंकर अजय शर्मा की शानदार होस्टिंग ने। यह आयोजन प्रेरणा,पहचान और नेटवर्किंग का अनोखा संगम था।

## मीडिया प्रभारी बनवारीलाल विजय ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली छात्रों का किया सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** परमार्थ एवं आध्यात्मिक समिति,जयपुर द्वारा उन छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया जिन्होंने बोर्ड परीक्षाओं में 90प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। इस अवसर पर कुल 35 मेधावी विद्यार्थियों को माला पहनाकर एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मीडिया प्रभारी बनवारीलाल विजय ने विशेष रूप से 98प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली छात्रों को मंच पर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समिति द्वारा आयोजित इस सम्मान समारोह का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना एवं अन्य छात्रों को भी प्रेरणा देना था।

# भामाशाह देवदत्त जांगिड़ ने बनवाया साढ़े सात मंजिला पक्षी विश्राम घर

### नवनिर्मित पक्षी घर का रविवार को हुआ विधिवत उद्घाटन ,7 लाख की लागत से बने इस पक्षी घर को बनाने में 10 कारीगरों को लगा 1 महीने का वक्त

बढ़ता राजस्थान






कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)। कुछ लोगों में बेजुबान पक्षियों के प्रति इतना दया भाव होता है कि वो लोग उन पक्षियों के लिए कुछ ना कुछ करते रहते हैं। ऐसा ही उदाहरण कस्बा निवासी देवदत्त जांगिड़ पुत्र ओम प्रकाश जांगिड़ ने कस्बे की जयसिंह गौशाला परिसर में पक्षियों के लिए साढ़े सात मंजिला पक्षी घर का निर्माण करवा कर अनूठा उदाहरण पेश किया है। जिसका उद्घाटन रविवार को समाजसेवी लक्ष्मी नारायण जांगिड़ द्वारा विधिवत रूप से किया गया। तत्पश्चात प्रसादी वितरण कार्यक्रम भी रहा। इस मौके पर शहीदों की वीरांगनाओं का भी सम्मान किया गया। भामाशाह देवदत्त जांगिड़ ने पिता ओमप्रकाश जांगिड़ द्वारा जीवन में कुछ नया करने की प्रेरणा से ही उन्होंने ये पक्षी घर बनवाने का निर्णय लिया। इस पक्षी घर के निर्माण में गुजरात से आए 10 कारीगरों को करीब 1 महीना का वक्त लगा। एक मंजिल में करीब 112 फ्लैट हैं। इस हिसाब से साढ़े सात मंजिल में 840 फ्लैट बनाए गए है। एक प्लेट में करीब चार पक्षियों के रहने के हिसाब से साढ़े सात मंजिल में 3360 पक्षी निवास कर सकते हैं। इसके निर्माण में 7 लाख रुपए खर्च होने का अनुमान हैं। ये पक्षी घर गर्मी की तपती धूप में पक्षियों के लिए खासा उपयोगी साबित होगा। कस्बे में इस तरह का पक्षी घर का निर्माण पहली बार किसी भामाशाह ने करवाया है। देवदत्त जांगिड़ ने बताया कि इंसान अपने लिए तो सभी घर बनवाते हैं, कभी-कभी उन बेजुबान पक्षियों के बारे में भी सोचना चाहिए। जिनके पास बरसात और सर्दी के मौसम में बचाव के लिए कोई सहारा नहीं होता है। गौरतलब है कि भामाशाह देवदत्त जांगिड़ के पिता ओम प्रकाश जांगिड़ भी जीवन पर्यंत परमार्थ एवं सामाजिक कार्यों से जुड़े हुए थे। पिता की मिली प्रेरणा से, ये भी सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर रुचि लेते हैं। इस मौके पर गौशाला कमेटी एवं क्षेत्रवासियों ने इस पुनीत कार्य की सराहना करते हुए भामाशाह परिवार का स्वागत कर उनका आभार जताया। इस मौके पर धर्मदत्त जांगिड़, सुनील जांगिड़, मनोज जांगिड़, मनोज दिवान, पार्षद मनोज गौड़, रूपचंद जांगिड़, गौशाला अध्यक्ष सुरेश यादव, उपाध्यक्ष रोहतास सैनी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## सम्पादकीय

# पंजाबी अखबारों की राय: पंजाब में तेजी से बिगड़ रही कानून-व्यवस्था

जालंधर से प्रकाशित अजीत लिखता है— आजकल पूरे राज्य में लूटपाट का बोलबाला है। अबोहर की घटना के बाद सरकार एक बार फिर विपक्षी दलों के निशाने पर आ गई है। विपक्ष खासकर कांग्रेस ने मुख्यमंत्री से विधानसभा में कानून व्यवस्था के मुद्दे पर विशेष बहस की मांग की है।पंजाब में तेजी से बिगड़ती कानून-व्यवस्था, महाराष्ट्र में उद्धव और राज ठाकरे का गठबंधन और बिहार में चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण और उस पर सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों पर इस हफ्ते पंजाबी अखबारों ने अपनी राय प्रमुखता से रखी है।

सूबे की कानून व्यवस्था पर चंडीगढ़ से प्रकाशित पंजाबी ट्रिब्यून अपने संपादकीय %%पंजाब में बढ़ता अपराध%% में लिखता है- अबोहर के व्यापारी संजय वर्मा की दिनदहाड़े हत्या और मोगा के एक क्लीनिक में अभिनेत्री तानिया के पिता की गोली मारकर हत्या ने एक तरह से यह उजागर कर दिया है कि किस तरह संगठित अपराध राज्य में आपराधिक गतिविधियों को आसानी से अंजाम दे रहा है। अखबार लिखता है शिक्षित युवाओं में बेरोज़गारी, नशे की लत व जल्दी पैसे कमाने का लालच कई पंजाबी युवाओं को अपराध की ओर धकेल रहा है। सोशल मीडिया पर दुष्प्रचार और गैंगस्टरों का महिमामंडन आग में घी डालने का काम कर रहा है। पंजाब में आपराधिक-आतंकवादी गठजोड़ अब स्थानीय नहीं रहा; यह अंतर्राष्ट्रीय, तकनीकी रूप से सक्षम और वैचारिक रूप से अस्थिर हो गया है। यह संकट जितना लंबा चलेगा, पंजाब के भविष्य को पटरी पर लाना उतना ही मुश्किल होता जाएगा।

जालंधर से प्रकाशित पंजाबी जागरण लिखता है- पंजाब पिछले कुछ समय से आपराधिक गतिविधियों में बढ़ोतरी के कारण सुर्खियों में है। अबोहर में हुई एक घटना ने पूरे राज्य में सनसनी फैला दी है। लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़े एक समूह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के ज़रिए इस घटना की जिम्मेदारी ली है। ऐसा नहीं है कि राज्य में इस तरह की यह पहली घटना है। यह घटना आम बात है। अबोहर की घटना ने पंजाब में जबरन वसूली के बढ़ते मामलों पर भी प्रकाश डाला है।

जालंधर से प्रकाशित अजीत लिखता है— आजकल पूरे राज्य में लूटपाट का बोलबाला है। अबोहर की घटना के बाद सरकार एक बार फिर विपक्षी दलों के निशाने पर आ गई है। विपक्ष खासकर कांग्रेस ने मुख्यमंत्री से विधानसभा में कानून व्यवस्था के मुद्दे पर विशेष बहस की मांग की है।जालंधर से प्रकाशित रोजाना पंजाब टाइम्स लिखता है— वर्ष 2023-24 की रिपोर्टों के अनुसार, पंजाब में जबरन वसूली और धमकियों से जुड़े मामलों में वृद्धि देखी गई है। पंजाब पुलिस के आंकड़ों के अनुसार, जून 2022 से फरवरी 2023 तक जबरन वसूली और धमकी के 278 मामले दर्ज किए गए, जो मार्च 2023 से दिसंबर 2023 तक बढ़कर 307 हो गए। यह वृद्धि समाज और पुलिस प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती पेश कर रही है। अखबार लिखता है, सिद्धू मूसेवाला की हत्या ने संगठित अपराध की गंभीरता को उजागर किया, लेकिन इसके ख़िलाफ़ कोई बड़ी कार्रवाई नहीं हुई।

## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

### 14 जुलाई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 1223 फिलिप की मृत्यु के बाद उनके बेटे लुइस फ्रांस के राजा बने।
- 1223 लुई फ्रांस का राजा बन गया, जिसने तीन साल का छोटा कार्यकाल शुरू किया।
- 1456 बेलग्रेड के युद्ध में हंगरी ने ऑटोमन को पराजित किया।
- 1769 स्पैनिश सैनिक गैस्पर डी पोर्टोला ने पहले यूरोपीय लैंडपेडेडिशन को वर्तमान कैलिफोर्निया में नेतृत्व किया।
- 1771 कैलिफ़ोर्निया में मिशन सैन एंटोनियो डी पडुआ की स्थापना हुई।
- 1791 प्रीस्टले दंगे शुरू हुए, जिसमें जोसेफ प्रिस्टले और अन्य अविश्वसनीय डिसेंटर्स को बर्मिंघम, इंग्लैंड से बाहर कर दिया गया था।
- 1798 अमेरिकी कांग्रेस ने 'राजद्रोह एक्ट' को मंजूरी दी। इसके बाद सरकार के खिलाफ गलत या भ्रम फैलाने वाली बात लिखना, छापना या बोलना अपराध बन गया।
- 1798 द सेडिशन एक्ट यूनाइटेड स्टेट्स का कानून बन गया, जिससे अमेरिकी सरकार के बारे में गलत या दुर्भावनापूर्ण बयान लिखना, प्रकाशित करना या गलत बयान देना एक संघीय अपराध बन गया।
- 1827 होनोलूलू के रोमन कैथोलिक ड्योकिस की स्थापना राज्य के हवाई में की गई।
- 1845 पहली पोस्टमास्टर्स के अंतिम टिकट जारी किया गया।
- 1850 फ्रीजर द्वारा बनाई गई बर्फ का पहला सार्वजनिक प्रदर्शन किया गया।
- 1853 प्रथम यूएस वर्ल्ड का मेला न्यूयॉर्क के क्रिस्टल पैलेस में शुरू हुआ।
- 1853 न्यूजीलैंड में पहले आम चुनाव हुए।
- 1861 कॉट लिंग नामक अमरीकी व्यक्ति ने मशीनगन बनाई।
- 1865 एक सात सदस्यीय टीम ने मैटरहॉर्न का पहला आरोहण किया, जिसने वर्णवाद के स्वर्ण युग के अंत को चिह्नित किया।
- 1880 डोरचेस्टर जेल कनाडा में खोला गया।
- 1891 इरिक गुस?ताफ़ बोस्टरोम स्वीडन के प्रधानमंत्री बने।
- 1899 सबसे पहला गणतंत्र दक्षिण अमेरिका में घोषित किया गया।
- 1927 हवाई द्वीप में विमान की पहली व्यावसायिक उड़ान शुरू हुई।
- 1933 कानून की रोकथाम के लिए कानून के अधिनियमन के साथ, जिसे नाज़ी पार्टी ने वसंत ऋतु से दूर कर दिया, नाज़ी पार्टी ने अपना युगांतकारी कार्यक्रम शुरू किया।
- 1940 द्वितीय विश्वयुद्ध में जर्मनी के बमवर्षक विमानों ने स्वेज पर बमबारी किया।
- 1945 इटली ने अगले दिन जापान पर युद्ध की घोषणा की।
- 1950 कोरियाई युद्ध के एक शुरुआती युद्ध में, उत्तर कोरिया के सैनिकों ने दक्षिण कोरिया के ताएजन में अमेरिकी 24 वें इन्फैंट्री डिवीजन के मुख्यालय पर हमला करना शुरू कर दिया।
- 1957 राव्या अतीया ने मिस्र की नेशनल असेंबली में अरब दुनिया की पहली महिला सांसद को उकसाने के लिए अपनी सीट ली।
- 1958 इराक़ में जनरल अब्दुल करीम के विद्रोह के बाद राजशाही व्यवस्था का अंत और प्रजातंत्र की स्थापना हुई।

विशेष आलेख

# पीछे नहीं, बराबरी में, केरल के स्कूलों की नई बैठने की व्यवस्था एक क्रांतिकारी कदम



प्रियंका सौरभ

**बताया जाता है कि यह नई व्यवस्था एक फिल्म में दिखाई गई कल्पना से प्रेरित है। कभी-कभी सिनेमा केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि बदलाव की प्रेरणा भी बन जाता है। जिस तरह तारे ज़मीन पर ने विशेष बच्चों को लेकर दृष्टिकोण बदला, वैसे ही इस फिल्म ने शिक्षा व्यवस्था पर सोचने को मजबूर किया। केरल ने उस कल्पना को ज़मीन पर उतारा — और यही वह दृष्टिकोण है जो भारत के शिक्षा क्षेत्र में एक नयी रोशनी बन सकता है। शिक्षा केवल किताबी ज्ञान नहीं, वह एक मनोवैज्ञानिक प्रक्रिया है।**

भारत के शिक्षा तंत्र में दशकों से एक अदृश्य रेखा बनी रही है — आगे की बेंच और पीछे की बेंच। जहाँ आगे की बेंच पर बैठने वाले छात्र अक्सर मेधावी माने जाते हैं, वहीं पीछे की बेंच को उपेक्षा और उपहास का प्रतीक समझा जाता है। लेकिन केरल के सरकारी स्कूलों में हाल ही में जो बदलाव लाया गया है, वह इस मानसिकता को जँड से चुनौती देता है। अब वहां बैक बेंचर्स नाम की कोई चीज़ नहीं है।

केरल के स्कूलों में अब छात्रों को गोल घेरे में या यू-शेप में बैठाया जा रहा है, जिससे हर बच्चा शिक्षक के सामने होता है, न कोई आगे, न कोई पीछे। यह केवल एक बैठने की शैली नहीं, बल्कि एक वैचारिक क्रांति है — यह इस सोच को तोड़ता है कि सीखने का अधिकार कुछ बच्चों तक सीमित है।

इस बदलाव का उद्देश्य स्पष्ट है- बराबरी, भागीदारी और समावेशिता। हर बच्चा अब शिक्षक से आँख मिलाकर संवाद कर सकता है, अपने सवाल पूछ सकता है और खुद को महत्वपूर्ण महसूस कर सकता है।

बताया जाता है कि यह नई व्यवस्था एक फिल्म में दिखाई गई कल्पना से प्रेरित है। कभी-कभी सिनेमा केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि बदलाव की प्रेरणा भी बन जाता है। जिस तरह तारे ज़मीन पर ने विशेष बच्चों को लेकर दृष्टिकोण बदला, वैसे ही इस फिल्म ने शिक्षा व्यवस्था पर सोचने को मजबूर किया। केरल ने उस कल्पना को ज़मीन पर उतारा — और यही वह दृष्टिकोण है जो भारत के शिक्षा क्षेत्र में एक नयी रोशनी बन सकता है।

शिक्षा केवल किताबी ज्ञान नहीं, वह एक मनोवैज्ञानिक प्रक्रिया है। एक बच्चा जो हमेशा पीछे बैठाया जाता है, उसके आत्मविश्वास पर इसका असर पड़ता है। उसे लगता है कि वह कमतर है, गैर ज़रूरी है। लेकिन जब वही बच्चा शिक्षक के सामने बैठता है, चर्चा का हिस्सा बनता है, तो उसके भीतर एक नयी ऊर्जा जन्म लेती है।

नई बैठने की व्यवस्था केवल छात्रों के लिए नहीं, शिक्षकों के लिए भी एक चुनौती और अवसर दोनों है। अब शिक्षक को केवल सामने खड़े होकर भाषण देने वाला नहीं, बल्कि बातचीत और सहभागिता में विश्वास रखने वाला मार्गदर्शक बनना होगा। यह एक तरफा शिक्षा को दो तरफा संवाद में बदलता है।

यह नई व्यवस्था शिक्षा में लोकतंत्र लाने की शुरुआत है। जहाँ सभी बच्चों को समान दृष्टि से देखा जाता है। यह भारत के संविधान की उस मूल भावना के अनुरूप है, जो समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व की बात करता है।

भारत में शिक्षा को लेकर अक्सर यह शिकायत रहती है कि कक्षा का वातावरण असमानता को बढ़ावा देता है। कुछ बच्चों को ही शिक्षक का ध्यान मिलता है, जबकि अन्य बच्चे पीछे छूट जाते हैं। केरल की यह पहल इस असंतुलन को खत्म करने का प्रयास है। जब हर बच्चा एक जैसे स्थान पर बैठेगा, तो शिक्षक की दृष्टि और संवाद में भी समता आएगी।

शिक्षा के समाजशास्त्र के नजरिए से देखें तो यह व्यवस्था वर्ग, जाति और आर्थिक स्थिति से जुड़ी भेदभावपूर्ण मानसिकता को भी चुनौती देती है। पिछली पंक्तियों में अक्सर वे बच्चे बैठते थे जो या तो सामाजिक रूप से दबे हुए होते थे या जिनका आत्मविश्वास कम होता था। अब जब वे केंद्र में होंगे, तो उनके आत्म-सम्मान में वृद्धि होगी।

केरल का यह प्रयोग इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह केवल नीति-निर्माताओं द्वारा ऊपर से थोपा गया बदलाव नहीं है, बल्कि शिक्षकों, छात्रों और स्कूल प्रशासन की सामूहिक सोच और सहमति से उपजा विचार है। यह समावेशी शिक्षा के वैश्विक सिद्धांतों के अनुकूल है, जिसमें हर बच्चे को समान अवसर देना प्राथमिकता है।

नई व्यवस्था बच्चों को पारंपरिक अनुशासन की जज़गह से निकालती है और उन्हें संवाद, सहयोग और सहभागिता की दुनिया में लाती है। यह शिक्षण पद्धति को अधिक संवादात्मक, जीवंत और व्यावहारिक बनाती है।

इस मॉडल का एक मनोवैज्ञानिक पहलू भी है- जब बच्चा खुद को महत्वपूर्ण महसूस करता है, तो उसकी सीखने की क्षमता बढ़ जाती है। आत्म-सम्मान, आत्म-विश्वास और कक्षा में सक्रियता आपस में जुड़े हुए हैं। इसलिए यह व्यवस्था केवल बैठने की शैली नहीं, बल्कि सीखने की संस्कृति में बदलाव है। व्यवहारिक दृष्टि से यह व्यवस्था आसान नहीं है। देश के अधिकांश स्कूलों में कक्षाएं छोटी हैं, छात्र संख्या अधिक है और फर्नीचर सीमित। लेकिन यह असंभव भी नहीं है। यदि राजनीतिक इच्छाशक्ति हो और शिक्षक समुदाय इस दिशा में तैयार हो, तो यह मॉडल अन्य राज्यों में भी अपनाया जा सकता है। देशभर में शिक्षा बजट का एक हिस्सा कक्षा के पुनर्गठन में लगाया जाए तो यह केवल भौतिक परिवर्तन नहीं, मानसिक और शैक्षणिक बदलाव भी लेकर आएगा। इसके लिए शिक्षक प्रशिक्षण, स्कूलों की संरचना और पाठ्यचर्या में भी सुधार जरूरी है।

निजी स्कूलों को भी इस पहल से सीख लेनी चाहिए। अक्सर निजी स्कूल केवल रैंकिंग और परीक्षा परिणामों पर ध्यान देते हैं, लेकिन समावेशी, संवेदनशील और संवाद आधारित शिक्षा की ज़रूरत उन्हें भी है। अगर वे वास्तव में छात्रों का सम्पूर्ण विकास चाहते हैं, तो इस मॉडल को अपनाना न केवल उचित होगा बल्कि ज़रूरी भी।

# सड़क माँगोगे तो गड्ढे मिलेंगे, तारीख माँगो नेताजी मिलेंगे



आर.के.जैन

**नेताजी का ये जवाब तो सियासी नौटंकी के वर्ल्ड कप में सीधा हैट्रिक मारने जैसा है। सड़क बनाना? अरे भाई, वो तो बेकार का बखेड़ा है। सड़क बनी तो गड्ढे होंगे, गड्ढे होंगे तो जनता यूँ चीखेंगी, और फिर नेताजी को सफाई देनी पड़ेगी कि गड्ढे कैसे आए। तो क्यों न इस सारे नाटक से पिंड छुड़ाया जाए? नेताजी ने तो गजब का गुर बता दिया—सड़क की मांग को तारीख में टरकाओ, और जिम्मेदारी को धुएँ में उड़ा दो। जनता पूछे—सड़क कब बनेगी? नेताजी बोलें—पहले डिलीवरी की तारीख बताओ, गाड़ी भेज देंगे।**

सड़क बनाना? अरे भैया, ये तो वैसा ही सपना है जैसे ऊँट को झूले पर झुलाना। टेंडर की टकटकी, बजट की बकबक, ठेकेदार की ठिठोली, अफसरों की आँख-मिचौली—सब मिलकर सड़क का ऐसा भट्टा बिठाते हैं कि बनने से पहले ही उसके भाग्य में गड्ढे आरक्षित हो जाते हैं। ऊपर से बारिश की रिमझिम तो जैसे ठहाका मारती है—चलो भई, जितनी मिट्टी लगाई थी, सब बहा ले चलूँ! लेकिन असली तमाशा तो तब शुरू होता है, जब एक गर्भवती औरत सड़क की गुहार लगाती है—उसके लिए ये रास्ता नहीं, जिन्दगी-मौत की बाज़ी है। और नेताजी का जवाब सुनिए— डिलीवरी की डेट बताओ, हम एक हफ्ते पहले उठवा लेंगे! वाह नेताजी, ये क्या गजब का जुगाड़ निकाला है! सड़क बना दी तो गड्ढे पनपेंगे, गड्ढों की शिकायतें बरसेंगी, अखबार में फोटो छपेगा, ट्विटर पर ट्रेंड होगा—तो ये सब सिरदर्द क्यों मोल लें? तारीख का तड़का लगाओ, गाड़ी का 'ड्रामा' दिखाओ, और वाहवाही की मलाई चाट लो। ये है नेताजी का धांसू दिमाग—न सड़क की झंझट, न गड्ढे, न बजट की फाँसी, बस 'तारीख बताओ' की तुरुप चाल और जनता का जोकरखाना हर बार हाउसफुल।

नेताजी का ये जवाब तो सियासी नौटंकी के वर्ल्ड कप में सीधा हैट्रिक मारने जैसा है। सड़क बनाना? अरे भाई, वो तो बेकार का बखेड़ा है। सड़क बनी तो गड्ढे होंगे, गड्ढे होंगे तो जनता यूँ चीखेंगी, और फिर नेताजी को सफाई देनी पड़ेगी कि गड्ढे कैसे आए। तो क्यों न इस सारे नाटक से पिंड छुड़ाया जाए? नेताजी ने तो गजब का गुर बता दिया—सड़क की मांग को तारीख में टरकाओ, और जिम्मेदारी को धुएँ में उड़ा दो। जनता पूछे—सड़क कब बनेगी? नेताजी बोलें—पहले डिलीवरी की तारीख बताओ, गाड़ी भेज देंगे। वाह! गजब की लोकतांत्रिक 'होम डिलीवरी' सर्विस। सड़क बनाओगे तो गड्ढे पैदा होंगे, शिकायतें जन्म लेंगी, अखबार में फोटू छपेगा, विपक्ष हल्ला मचाएगा। इससे कहीं आसान है ये सियासी तमाशा—एक फोन उठाओ, चार चमचे तैनात करो, और तारीख का ड्रामा रच दो। नेताजी, आप तो सियासत के ब्लॉकबस्टर हीरो निकले—एक डायलॉग, और जनता खड़े होकर ताली बजाए, ठेकेदार को बोनस मिले, और आप अगले चुनाव के पोस्टर पर मुस्कराते रहो।

हमारे देश में सड़कें तो वैसे भी सियासी तमाशे का टेंट हैं। हर चुनाव में सड़कें चमकती हैं—पोस्टरों पर, प्रचार में, और नेताओं के झूठे झांसे में। लेकिन हकीकत? कीचड़ का कचरा, गड्ढों का गाना, और धूल का धमाल। और जब कोई गर्भवती महिला सड़क मांगे, जिसके लिए ये रास्ता अस्पताल तक की जिंदगी का सवाल है, तो नेताजी का जवाब है, तारीख बता! अरे, सड़क बनाकर गड्ढों की गालियां क्यों सुनें? गड्ढे तो हमारे रास्तों का रुतबा हैं, और शिकायतें तो जनता का रोज़ की जुगाली। नेताजी ने तो एक तीर से सारी सियासत साध ली—सड़क की बात टालो, तारीख पर आओ, और गाड़ी से गदगद कर दो।

## शख्सियत | बढ़ता राजस्थान



अशोक जी
( निदेशक आधुनिका इलेक्ट्रॉनिक )

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं। अलवर के जाने माने इलैक्ट्रॉनिक व्यवसायी अशोक कुमार जी। 35 वर्ष पूर्व रोड न-2 पर कॉलेज खत्म करने के बाद, बहुत ही छोटे स्तर पर इलेक्ट्रॉनिक्स आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक का बिजनेस शुरू किया था, घर में सभी सर्विस क्लास( डॉक्टर और इंजिनियर का परिवार ) होने के कारण व सही मायने में खुद पर विश्वास नहीं होने के कारण ये शुरुआत बड़े बिजनेस से नहीं कर पाए लेकिन अपने व्यव्हार,आगे बढ़ने की लगन,बिजनेस को समझने का रोज का होम वर्क तथा कुछ लोगों का इन पर भरोसा बिजनेस का बढ़ाने का मूल आधार बना और उसकी छाप कुछ बड़ी मल्टीनेशनल कंपनी तक भी पहुंची, 8 साल की कड़ी मेहनत के बाद आखिर इसी छोटी सी दुकान से इन्हें एक मल्टीनेशनल कंपनी एलजी को चलाने का चैलेंज मिला,5 वर्षों का वक्त भी मिला और ये उस चैलेंज को सफ्लता पूर्वक पूरा करने में न केवल सफ्ल रहे बल्कि उसी कंपनी में अलवर का पहला ब्रांड स्टोर भी खोला, जो भगत सिंह सर्किल पर आधुनिका एलजी ब्रांड स्टोर के नाम से है, साथ में इन्हें अलवर का डिस्ट्रिब्यूशन, सीएसडी कैंटीन सप्लाई और इंस्टीट्यूशनल सेल को भी अलवर में फैलाने का मौका मिला। उसके कुछ ही वर्षों बाद इन्होंने एक ओर ब्रांड स्टोर अपने भतीजे आशीष के साथ मिलकर जयंती मॉल में खोला। इस सभी चैलेंज को पूरा करने में अलवर जिले का भरपूर सहयोग और विश्वास मिला, जिसके ये हमेशा आभारी रहेंगे।

इनके पिता जी सिविल इंजिनियर श्री बनवारी लाल गुप्ता सिंचाई विभाग एवं यूआईटी अलवर में कार्यरत रहे। सामाजिक कार्यों में एवं खेलो में भी में रुचि होने के कारण ये रोटरी क्लब अलवर ग्रेटर, लायंस क्लब अलवर मत्स्य एवं जय कृष्णा क्लब अलवर के भी सक्रिय सदस्य हैं। ये विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से 14 बार रक्तदान कर चुके हैं। इनकी बेटी चार्टर्ड अकाउंटेंट(सीए) है, उसकी शादी भी सीए से हो गई है, और दोनों गुड़गांव में एक मल्टीनेशनल कंपनी के लिए काम करते है, एक बेटा वो नोएडा में एक मल्टीनेशनल कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजिनियर है। यूथ को अशोक जी एक संदेश है कि यदि दिमाग में गोल फिक्स हो ओर उसको पाने की ललक हो तो मंजिल मिल पाने ने तुम्हे कोई रोक नहीं सकता।

रूपक शर्मा

## पाठक पीठ | *खुशियाँ/झंझट या बोझ*

# ये तीनों शब्द एंड्रॉयड मोबाइल की देन है



कमलराज कल्ला
सेवानिवृत्त अधिकारी, इफको( गुजरात )

जब मेरी मां की शादी हुई तब उनकी उम्र 17-18 वर्ष की थी द्य पिताजी पास के ही गाँव में अध्यापक थे द्य आपसी पसंद की वज़ह से शादी हो गई द्य माँ ने शादी के बाद स्नातक और दो बार अलग- अलग विषयों में स्नातकोत्तर की उपाधि ली द्य स्नातक करने के दोरान ही उनकी सरकारी नोकरी लगी द्य स्नातक करने के दोरान ही तीन बच्चे हुए द्य उनदिनों हम दो कमरे के मकान में किराये पर रहते थे और बाद में खुद के डेढ़ कमरे के मकान और अर्ध खुला शौचालय में रहने लगे द्य दादी भी कभी हमारे साथ तो कभी चाचाजी के साथ रहती थी, दादाजी, जब हम 2-5 साल के थे तब ही चल बसे थे और नाना-नानी जब मम्मी 4 साल की तभी चल बसे थे द्य बाद में मेरी भुवा की लड़की आगे की पढ़ाई के लिए साथ में रहने लगी द्य अब हमारा परिवार 7 लोगों का था द्य कमरों की संख्या 2-3 हो गई, रहने की तो कोई समस्या ही नहीं थी क्योंकि रात का सोना तो छत पर या आँगन में होता था द्य पंखा या कूलर जब बड़े हो गए तब ही आए द्य माँ-पिताजी के झगडे चरम स्थिति पर पहुँचकर ही खत्म होते थे द्य पढाई, शरारत, निकम्मापन और बदमाशियों को लेकर हमारी कुटाई और पिटाई, जूते-चप्पल और लकड़ी से तबीयत से की जाती थी द्य समय नहीं है, कि शिकन माँ के ललाट पर कभी थी ही नही, क्योंकि मोबाइल, टीवी, किटी पार्टी, रेस्टोरेंट में खाना इत्यादि का झंझट था ही नहीं द्य

समय की तुलना, तब के और अबके से करना गलत है, परंतु अपनों समय ना देना और उन्हें बोझ समझना और भी गलत है द्य जब हम बीमार पडते है , तो पराये हाल चाल पूछने के चक्कर में बोझ लगते हैं, और अपने फरिश्ते लगने लगते हैं द्य यही जीवन का सत्य है

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
मेष राशि वालों का दिन मेहनत और लगन से काम करने का है। आपके पास साहस की कमी नहीं है, पर अकारण व्यवधान लाभ के रास्ते में रुकावट बन सकते हैं। यदि आप किसी नई योजना की शुरुआत करना चाहते हैं तो थोड़ा समय लें ।

### वृष
वृषभ राशि के लोगों के लिए दिन सावधानी से काम करने का है। किसी कार्य में अत्यधिक जल्दबाजी आपकी मेहनत पर पानी फेर सकती है। संयम बनाए रखें और खासतौर पर आर्थिक निर्णय सोच-समझकर लें।

### मिथुन
मिथुन राशि के लोगों के लिए दिन चुनौतियों से भरा रह सकता है। कार्यक्षेत्र में कोई नया टार्गेट या क्लाइंट मिलने की संभावना है, लेकिन यह आपके धैर्य की परीक्षा लेगा। पैसों के लेन-देन में लापरवाही भारी पड़ सकती है।

### कर्क
कर्क राशि के लोगों को सलाह है कि भाग्य के भरोसे न बैठें, आपको अपनी मेहनत के बल पर ही सफलता मिलेगी। कोई लंबी यात्रा की योजना बन सकती है जो थकान भरी होगी, पर उससे जुड़े लाभ भी होंगे। कार्यक्षेत्र में कोई अधूरा कार्य पूरा करने का दबाव रहेगा

### सिंह
सिंह राशि के लोगों के लिए समय अनुकूल है। आपके अधूरे काम सहजता से पूरे होंगे और मन में आत्मविश्वास बना रहेगा। कोई नया व्यवसायिक अवसर मिल सकता है, जिससे आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

### कन्या
कन्या राशि के लोगों का दिन शुभ रहेगा। सामाजिक समारोह में भाग लेने का मौका मिल सकता है। घर में किसी धार्मिक कार्य की योजना बन सकती है। कार्यक्षेत्र में योजनाएं फलीभूत होंगी, विशेषत: शिक्षा और लेखन क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल है।

### तुला
तुला राशि वालों के लिए कार्यक्षेत्र में आपकी साख बढ़ेगी और प्रभाव भी मजबूत होगा। एक के बाद एक समस्याएं सुलझेंगी जिससे आत्मबल में वृद्धि होगी। पेट और आंखों की समस्या से सतर्क रहें।

### वृश्चिक
वृश्चिक राशि के लोगों का दिन तरक?की से भरा होगा। जटिल कार्यों का समाधान मिलेगा और नए प्रॉजेक्ट की शुरुआत हो सकती है। व्यापार में साझेदारी लाभकारी साबित होगी। मानसिक तनाव और सिरदर्द हो सकता है।

### धनु
स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा। पिता तथा सरकार से लाभ मिलेगा। आर्थिक योजना अच्छी तरह पूरी कर सकेंगे। व्यापार-धंधे के लिए प्रवास की संभावना है। अन्य लोगों की सहायता करने का प्रयत्न करेंगे।

### मकर
मकर राशि के लोगों को लाभ होगा और पुरुषार्थ व साहस के बल पर आप नई ऊंचाइयां छू सकते हैं। कार्यक्षेत्र में किसी पुराने मुद्दे का समाधान मिलेगा। किसी चल-अचल संपत्ति का विवाद हल हो सकता है।

### कुंभ
कुंभ राशि के लोगों को लाभ होगा और बेहतर होगा कि आप किसी रिश्ते या कार्य में अनावश्यक शक से बचें। यह समय और धन दोनों का नुकसान करवा सकता है। नियोजित योजनाएं सफल होंगी।

### मीन
मीन राशि के लोगों का दिन सफलता और संतुलन दोनों लेकर आया है। कठिन समय खत्म होता दिख रहा है। व्यापार में नए अवसर मिलेंगे और विरोधियों पर विजय मिलेगी। खानपान पर ध्यान देना जरूरी है वरना पेट की समस्या उत्पन्न हो सकती है।

## रक्तदान शिविर में किया 89 ने रक्तदान

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** रोटरी क्लब मालपुरा ग्रीन के तत्वावधान में स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक के सहयोग से आयोजित रक्तदान शिविर में 89 जनो ने रक्तदान कर महान पुण्य का कार्य किया।



रविवार को सुभाष सर्किल पर शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ सहायक प्रान्तपाल भागचन्द जैन एवं जोन कोर्डिनेटर डॉ. अंकित जैन ने फीता काटकर किया। शिविर संयोजक नरेश काबरा व राजेश पारीक ने बताया कि शिविर में रक्तदान करने वालो का तांता लगा रहा। शिविर में 89 जनो ने रक्तदान कर महान पुण्य एवं जनसेवा का कार्य किया। इस दोरान क्लब अध्यक्ष महेश गुप्ता ने सभी रक्तदानदाताओं व स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक यूनिट का आभार प्रकट कर धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान क्लब के मंत्री सोहन अग्रवाल, राकेश जैन, अरूण काबरा पवन जैन संगम, जयनारायण जाट, सीताराम स्वामी, राजेश पारीक, अरविन्द काबरा, मधूसूदन पारीक, रामबाबू विजय, हेमन्त पावात, मनोज जैन सहित क्लब के अन्य सभी पदाधिकारी व सदस्य मौजुद रहे।

## 18वां विशाल भण्डारा 1 से 4 अगस्त तक

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** श्री श्याम मित्र मण्डल पदयात्रा संघ के तत्वावधान में डिग्गी कल्याण जी महाराज के 60वें पदयात्रा मेले की अवधि के दौरान 1 से 4 अगस्त तक श्रीधाम डिग्गी में 18वें विशाल भण्डारे का आयोजन किया जाएगा। संघ के पवन मेन्दवास्या ने बताया कि भण्डारा सुबह 10 से रात्रि 10 बजे तक निरन्तर चालु रहेगा। भण्डारे के समापन अवसर पर 5 अगस्त को दोपहर 3 बजे भण्डारा स्थल से शोभायात्रा निकलेगी जो कल्याण जी महाराज के मन्दिर पहुंच कर पवित्र निशान अप्रण के साथ भण्डारे का विधिवत समापन होगा।

## समग्र शिक्षाः राजस्थान में सहायक अभियंता के 25 व कनिष्ठ अभियंता के 197 पद रिक्त

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर/ जयपुर ( राकेश शर्मा )।** समग्र शिक्षा के तहत राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद मुख्यालय व जिला परियोजना कार्यालयों में सहायक अभियंता के रिक्त पदों को प्रतिनियुक्ति पर सेवानिवृत्त अधिकारियों से भरा जाएगा। इसके लिए शिक्षा परिषद एवं ब्लॉक मुख्यालयों पर कनिष्ठ अभियंताओं के रिक्त पदों को प्रतिनियुक्ति से भरने के लिए आवेदन मांगे गए हैं। प्रदेश में सहायक अभियंता के 25 तथा कनिष्ठ अभियंता के 197 रिक्त हैं। स्कूल शिक्षा परिषद व समग्र शिक्षा की राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त अनुपमा जोरवाल ने इन पदों के साक्षात्कार के लिए आवेदन 14 जुलाई सुबह 10 बजे से 4 अगस्त तक राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद की वेबसाइट पर पोर्टल के माध्यम से मांगे हैं।

**कनिष्ठ अभियंता के 197 पद रिक्त**

कनिष्ठ अभियंता के 197 पदों में सबसे अधिक जोधपुरमें 16, बाडमेर में 12, जयपुर, सीकर व उदयपुर में 9-9, चित्तौड़गढ़ व हनुमानगढ़ तथा भीलवाड़ा में 8-8, अलवर, जालोर, झालावाड़, झुंझुनूं, राजसमंद व सवाईमाधोपुर में 7-7, दौसा व प्रतापगढ़ में 6-6, बीकानेर, धोलपुर, गंगानगर व नागौर में 5-5, अजमेर, भरतपुर, डूंगरपुर, जैसलमेर, करौली व सिरोही में 4-4, बांसवाड़ा, चूरू, कोटा व पाली में 3-3 तथा बांरा, बूंदी तथा टोंक में 2-2 पद रिक्त हैं। इसके अलावा 2 पद आरसीएससीई मुख्यालय पर रिक्त हैं। भीलवाड़ा जिले में आठ पदों में भीलवाड़ा, बिजौलिया, हुरड़ा, मांडलगढ़, बनेड़ा, करेड़ा, बदनोर तथा रायपुर ब्लॉक शामिल हैं ।

## कृषि उपज मंडी समिति के स्थापना दिवस 18 से, कई प्रतियोगितओं का होगा आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** कृषि उपज मंडी समिति का स्थापना दिवस 18 से 20 जुलाई तक मनाया जाएगा। मंडी सचिव डॉ. कमलकिशोर सोनी ने बताया कि निवाई कृषि उपज मंडी समिति के स्थापना दिवस के तीन दिवसीय के आयोजन को लेकर कृषकों, हम्माल पल्लेदारों की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रकरणों का निस्तारण करके सहायता राशि के चैक वितरण किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि स्थापना दिवस के तहत खेलों व एथलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जिनमें टेनिस बॉल क्रिकेट, वॉलीबॉल, 100 व 200 मीटर दौड़, शतरंज, म्यूजिकल चेयर एवं साफा बांधने की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। आयोजन के तहत मंडी प्रांगण में सघन वृक्षारोपण किया जाएगा। इसके अलावा परिवर्तन एवं भागीदारी परिवर्तन से संबंधित प्रकरणों का निस्तारण के आदेश भी दिए जाएंगे। इसके साथ ही सबसे अधिक मंडी शुल्क एवं कृषक कल्याण शुल्क देने वाले प्रथम तीन व्यापारियों को सम्मानित किया जाएगा। कृषि उपज मंडी समिति के स्थापना दिवस पर आयोजित प्रतियोगिताओं में मंडी समिति के व्यापारियों, हम्माल पल्लेदार संघ, फल सब्जी मंडी, मुनीम संघ सहित प्रशासन की 8 टीमें भाग लेंगी।

## श्री मंशापूर्ण बालाजी मंदिर जमात में आज होगा विशाल सहस्त्राघट

### सैकड़ों श्रद्धालु करेंगे जलसा अभिषेक



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** जमात में स्थित श्री मंशापूर्ण मंदिर में सोमवार को श्री शशि शंकर महादेवजी का विद्वान पंडितों के सानिध्य में मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत सहस्त्र घट व जलधारा सहित कई धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा इस दौरान श्रद्धालुओं द्वारा शिवजी का विशेष पूजन किया जाएगा। बालाजी मंडल अध्यक्ष जीवतराम यादव ने बताया कि विशाल सहस्त्र घट के आयोजन को लेकर मंदिर पुजारी पंडित पुरुषोत्तम शर्मा, श्री मंशापूर्ण बालाजी मंदिर निर्माण समिति अध्यक्ष रामेश्वरप्रसाद चौहान, कोषाध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा, उपाध्यक्ष प्रेमचंद शर्मा, रामधन जाट, रामराय गुर्जर, दानवीर पारीक, शंभूदयाल, शशिकांत शर्मा व विजय शर्मा सहित सैकड़ो श्रद्धालु शिव जी के जलशाभिषेक करेंगे एवं विधिवत पूजा अर्चना करके खुशहाली की मनोकामना करेंगे।

# करौली के एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत, बाजार रहे बंद

### दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर हुआ बड़ा हादसा

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर/ करौली ( राकेश शर्मा )।** कोटा के दीगोद उपखंड क्षेत्र में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर रविवार सुबह बड़ा हादसा घटित हो गया। इस हादसे में करौली के रहने वाले एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। जबकि 10 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि हादसा सुबह करीब 5 बजे बुढादीत गांव के पास चंबल पुल पर हुआ।

हादसे की सूचना के बाद करौली के सर्राफा बाजार सहित कई इलाकों में दुकानें बंद रखी गईं। सीताबाड़ी क्षेत्र स्थित मृतकों के घर पर शोक व्यक्त करने वालों की भीड़ जुटी है।

जानकारी को मुताबिक, मृतकों में दो सगे ज्वेलर भाई अनिल सोनी (48) और ब्रजेश सोनी (45), उनकी मां गीता सोनी (63) और बहनोई सुरेश सोनी (45) शामिल हैं। सुरेश सोनी सरकारी शिक्षक थे और उनकी पोस्टिंग भरतपुर में थी।

ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि ज्वेलर परिवार शनिवार रात करौली के सीताबाड़ी इलाके से इंदौर गया था। जहां अनिल के बेटे रानू की सगाई और गोदभराई कार्यक्रम आयोजित था। रानू बेंगलुरु में इंजीनियर हैं। रात 9 बजे परिवार मिनी बस से वापस करौली के लिए रवाना हुआ था। सगाई समारोह से लौट समय मिनी बस आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई।

पुलिस का अनुमान है कि मिनी बस तेज रफ्तार में थी और संभवतः ड्राइवर को झपकी आने के कारण यह हादसा हुआ। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक ने कोटा के एमबीएस अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ा। मिनी बस में कुल 14 लोग सवार थे। घायल 10 लोगों में से 7 की हालत गंभीर बताई जा रही है। इनमें से चार को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि तीन का इलाज एमबीएस हॉस्पिटल कोटा में चल रहा है। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए कोटा भेजा गया है।

तीन ने मौके पर ही दम तोड़ा

अनिल के बेटे रानू की सगाई कार्यक्रम में सोनी परिवार के 14 लोग गए थे। रानू बेंगलुरु में इंजीनियर है। 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि एक ने एमबीएस हॉस्पिटल (कोटा) में इलाज के दौरान दम तोड़ा।

**तीन को हॉस्पिटल से छुट्टी दी गई**

सूचना पर बुढ़ादीत पुलिस मौके पर पहुंची। अनिल के भतीजे संजय ने बताया- परिवार के सदस्य सानिया, ममता, संजू, छोटू समेत 7 लोग हॉस्पिटल में भर्ती हैं। इनमें से 4 को प्राइवेट हॉस्पिटल ले जाया गया है। 3 का इलाज एमबीएस हॉस्पिटल में चल रहा है। तीन सदस्यों को हल्की चोट आई थी। उन्हें हॉस्पिटल से छुट्टी दे दी गई है।

# गलवा नदी में बहा ट्रैक्टर चालक, एसडीआरएफ और सिविल डिफेंस ने खोजकर निकाला शव

बढ़ता राजस्थान



सवाई माधोपुर(राकेश शर्मा)। जिले के चौथ का बरवाड़ा क्षेत्र में सिविल डिफेंस और एसडीआरएफ की टीम ने रविवार वार सुबह गलवा नदी से ट्रैक्टर चालक का शव ढूंढ़ निकाला। शव थाना पुलिस को सौंप दिया गया। क्षेत्र की जगमोदा-शेरसिंहपुरा पुलिया से शनिवार रात ट्रैक्टर ट्रॉली असंतुलित होकर की गलवा नदी में गिर गई थी. ट्रॉली के नदी में गिरने से ट्रैक्टर चालक पानी के तेज बहाव में बह गया। सूचना पर ग्रामीण पहुंचे और ट्रैक्टर चालक को तलाशा, लेकिन रात होने के कारण तलाशी अभियान रोकना पड़ा।

सिविल डिफेंस टीम के रजनीश ने बताया कि कुस्तला निवासी राकेश उर्फ गोलू मीणा शनिवार रात ट्रैक्टर ट्रॉली से गलवा नदी की पुलिया पार कर रहा था. नदी के तेज बहाव के चलते ट्रॉली का संतुलन बिगड़ गया। ट्रॉली गलवा नदी में गिर गई व ट्रैक्टर चालक राकेश बह गया।

सूचना पर पहुंचे ग्रामीणों ने अपने स्तर पर ट्रैक्टर चालक को तलाशने का प्रयास किया लेकिन बहाव तेज होने, रात अधिक होने व अंधेरे के कारण सफलता नहीं मिली। ग्रामीणों ने रविवार सुबह चौथ का बरवाड़ा थाना पुलिस, सिविल डिफेंस व एसडीआरएफ टीम को सूचना दी. टीमों ने नदी में तलाशी अभियान चलाया. करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद राकेश का शव मिल गया. शव चौथ का बरवाड़ा पुलिस को सौंपा है। पुलिस ने शव अस्पताल पहुंचाया।

## किसान वैज्ञानिक संवाद आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर में रविवार को राष्ट्रीय बकरी दिवस के मौके पर किसान वैज्ञानिक संवाद का कार्यक्रम आयोजित हुआ। संस्थान के



किसान हॉस्टल में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में जिले के 149 किसानो व पशुपालको ने भाग लिया। कार्यक्रम के दोरान किसानो व पशुपाकलो को संस्थान निदेशक डॉ. अरूण कुमार तोमर ने बकरी पालन के विभिन्न पहलुओ के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में भाग लेने वाले किसानो ने बकरी पालन को लेकर वैज्ञानिको के समक्ष कई प्रश्न व समस्याऐं रखी। जिनका वरिष्ठ वैज्ञानिको ने तुरन्त समाधान कर किसानो व पशुपालको की जिज्ञासा को शांत किया। कार्यक्रम समन्वयक एवं पशु अनुवाशिंकी एवं प्रजनन विभाग अध्यक्ष डॉ. डॉ. सिद्धार्थ सारथी मिश्रा ने वर्तमान परिवेश में बकरी पालन को सबसे सस्ता एवं सरल पशुपालन बताकर पशुपालको एवं किसानो को अधिक से अधिक बकरी पालन की ओर ध्यान देने का आव्हान किया। कार्यक्रम संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. आर.एस.भट्ठ, डॉ. जी.गणेश सोनवाणे, डॉ. अजय कुमार, डॉ. आर.पी.नागर, इन्द्र भूषण कुमार , डॉ. सी.पी.स्वर्णकार, डॉ. मेघा पाण्डेय, डॉ. अजीत सिंह महला, डॉ. ओमहरि चतुर्वेदी, सहित संस्थान के विभिन्न विभागो के वैज्ञानिको ने विचार प्रकट कर किसानो एव पशुपालको के प्रश्नो उत्तर दिए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अमरसिंह मीणा ने किया व अंत में डॉ. राजीव कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## आचार्य इन्द्रनंदी जी महाराज के 31वें चातुर्मास मंगल कलश की हुई स्थापना

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा उपखण्ड के अग्रवाल सेवा सदन में रविवार को आचार्य इन्द्रनंदी जी महाराज के 31वें चातुर्मास के मंगल कलश की स्थापना हुई। कार्यक्रम का शुभारम्भ ध्वजारोहण से हुआ जिसका लाभ केकड़ी निवासी मीठी देवी, राजेश कुमार,कमलेश कुमार, रमेश चन्द एवं इनके परिवार जनो को मिला। मंगल कलश स्थापना के बाद आयोजित धर्मसभा में प्रवचन करते हुए आचार्य इन्द्रनंदी जी महाराज ने कहा कि संत बहते दरिया समान है। जिस तरह पानी की



तरह बहता रहता है और जहां भी रूक जाता है वहां खुशियां ही खुशियां छा जाती है। ठीक इसी प्रकार संत चलते रहते हैं लेकिन चातुर्मास के दौरान चार महीने के लिए एक जगह ही ठहर जाता है। संत जहां भी ठहर जाते हैं खुशिशं ही खुशियां छा जाती है। लोग धर्म ज्ञान गंगा में डूबकी लगा कर पुण्य प्राप्त करते हैं। एक चातुर्मास ही ऐसा समय होता है जब श्रद्धालुओं को संतो का सांनिध्य मिल जाता है। इसलिए इस चातुर्मास की अवधि के दौरान संतो की शरण में आवश्यक रूप से उपस्थित होकर पुण्य प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम में अग्रवाल समाज चोरासी अध्यक्ष अनिल सुराशाही, उपाध्यक्ष पवन जैन, सरंक्षक त्रिलोकचन्द जैन, पूर्व प्रधान सुकुमार झण्डा, महामंत्री गोविन्द नारायण जैन, मंत्री विनोद नेवटा,चातुर्मास समिति अध्यक्ष विमल जैन पचेवर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष महावीर प्रसाद जैन, कोषाध्यक्ष प्रसन्न कुमार जैन, ब्लाक अध्यक्ष पदमचन्द कंछल, हुकुमचन्द गोयल सहित आसपास व दूरदराज से आए भारी संख्या में जैन समाज बंधु मौजुद रहे। मंगल कलश स्थापना का सम्पूर्ण कार्यक्रम प्रतिष्ठाचार्य मनोज जैन बागरोही की देखरेख में सम्पन्न हुआ।

# केन्द्र व राज्य सरकार की मंशा है कि कोई भी व्यक्ति सरकारी योजनाओं से नहीं रहे वंचित- शर्मा

### भाजपा कार्यकर्ता सम्मान समारोह में सरकारी योजनाओं सहित ग्रामीणों की समस्याओं पर की विस्तार से चर्चा



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** गांव आलियाबाद में भारतीय जनता पार्टी एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा के नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष रमाकान्त शर्मा, जिला प्रवक्ता योगेंद्रसिंह नाथावत एंव पूर्व उप प्रधान शंकरलाल शर्मा ने भाजपा के ध्वज का ध्वजा रोहण करके किया। मुख्य अतिथि भाजपा के नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष रमाकान्त शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरी दुनिया में देश को नाम गौरान्वित किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने देश व प्रदेश के चौमुखी विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी है। जिला प्रवक्ता योगेंद्रसिंह नाथावत ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार की मंशा है कि गांव-गांव व ढाणी- ढाणी में कोई भी व्यक्ति सरकारी योजनाओं से वंचित नहीं रहे। इसके लिए भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा गांव-गांव व ढाणी-ढाणी में लोगों को जागरूक करने का कार्य कर रहे है। समारोह में भाजपा के कार्यकर्ताओं एवं ग्रामवासियों ने नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष रमाकान्त शर्मा, जिला प्रवक्ता योगेंद्रसिंह नाथावत का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। समारोह में भाजपा की योजनाओं सहित ग्रामीणों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष मुरारीलाल शर्मा, जिला सोशल मीडिया प्रभारी विजय मनोहरिया, रामपाल शर्मा, राधेश्याम भगत, बाबूलाल शर्मा, सियाराम शर्मा, अनिल शर्मा, गणपत शास्त्री, राजेंद्र पटेल, जगदीश पुजारी, मुकेश शर्मा, गणेश पंचोली, राजूलाल शर्मा, खेमराज शर्मा, विशाल शर्मा, श्याम शर्मा, रामेश्वरप्रसाद शर्मा, मदनलाल शर्मा, रामजीलाल शर्मा, सीताराम सेन व योगेश शर्मा सहित कई कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद थे।

# अनदेखी : 18 हजार स्कूलों में नहीं है 44 हजार व्याख्याताओं के पद

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** पिछले 12 साल से राज्य सरकार की ओर से क्रमोन्नत किए गए हजारों उच्च माध्यमिक विद्यालयों में आज तक स्वीकृत नहीं किए गए हैं। स्थिति यह है कि अनिवार्य विषय हिन्दी व अंग्रेजी के पद, 2020-21 के बाद क्रमोन्नत स्कूलों में वैकल्पिक विषयों के व्याख्याता पदों की वित्तीय स्वीकृति नहीं दी गई है।

गौरतलब है कि प्रदेश में नया शिक्षण सत्र एक बार फिर शुरू हो चुका है, लेकिन 18 हजार स्कूलों में इस बार भी 44 हजार व्याख्याताओं के पद स्वीकृत नहीं हो पाए हैं, ऐसे में शिक्षण व्यवस्था बेपटरी चल रही है। वर्ष 2013 के बाद क्रमोन्नत होने वाले 13 हजार विद्यालयों में अनिवार्य विषय हिन्दी व अंग्रेजी के पद स्वीकृत नहीं होने से व्याख्याता नहीं है। प्रदेश में कुल 19 हजार के लगभग उच्च माध्यमिक स्तर की स्कूलें हैं, जिनमें मात्र 4 हजार में हिन्दी और अंग्रेजी के पद स्वीकृत हैं, जो वर्ष 2013 के पहले क्रमोन्नत हो चुकी थी। इसके अलावा 6 हजार विद्यालय ऐसे हैं, जिनमें वैकल्पिक विषयों के भी व्याख्याता नहीं है।

उल्लेखनीय है कि मार्च 2022 में सरकार ने जो 4 हजार माध्यमिक विद्यालय थे, उन सबको एक साथ उच्च माध्यमिक में क्रमोन्नत कर दिया, लेकिन एक भी वैकल्पिक विषयों के पद स्वीकृत नहीं किए। इसके बाद उच्च प्राथमिक विद्यालयों को सीधे उच्च माध्यमिक विद्यालयों में क्रमोन्नत करने लग गए। प्रदेश में पिछले सत्र तक ऐसी 2 हजार स्कूलें थीं। माध्यमिक शिक्षा विभाग ने एक जुलाई को एक और आदेश जारी कर 96 राजकीय उच्च प्राथमिक स्तर विद्यालयों को सीधे ही राजकीय उच्च माध्यमिक स्तर पर क्रमोन्नत किया गया, लेकिन व्याख्याताओं के पद स्वीकृत नहीं किए गए। विशेषज्ञों का कहना है कि वर्ष 2020-21 के बाद क्रमोन्नत स्कूलों में वैकल्पिक विषयों के व्याख्याता पदों की वित्तीय स्वीकृति नहीं दी गई है।

**स्कूलों में 26 हजार पदों की मांग**

शिक्षा विभाग में वर्ष 2010 तक उच्च माध्यमिक में क्रमोन्नत हुई स्कूलों में तो शिक्षकों के पूरे पद हैं, लेकिन इसके बाद क्रमोन्नत हुए करीब 13 हजार स्कूलों में हिंदी व अंग्रेजी के अनिवार्य विषयों के व्याख्याताओं के पद स्वीकृत नहीं किए गए। ऐसे में इन स्कूलों में 26 हजार पदों की मांग है, जिनके अभाव में नामांकन नहीं बढ़ रहा है।

### वित्तीय स्वीकृति के इंतजार में उलझे पद

गहलोत सरकार में माध्यमिक से उच्च माध्यमिक में 4075 व उच्च प्राथमिक से उच्च माध्यमिक में 1825 स्कूलेंक्रमोन्नत हुई। प्रत्येक स्कूल में व्याख्याता के तीन पदों के हिसाब से 18 हजार पदों की आवश्यकता है, लेकिन अब तक इन पदों की वित्तीय स्वीकृति जारी नहीं हुई है। व्याख्याताओं की कमी से जूझ रहे सरकारी स्कूलों में द्वितीय व तृतीय श्रेणी शिक्षक तक कक्षा 11 व 12 को पढ़ाने को मजबूर हैं।

### मापदण्ड अनुसार पदों की स्वीकृति की जाए

नए व पुराने स्टाफिंग पैटर्न में बहुत कम अंतर है। लगभग हू-ब-हू स्टाफिंग पैटर्न है। स्टाफिंग पैटर्न के मापदंडों अनुसार पदों का सृजन किया जाना चाहिए। प्रति 2 वर्ष बाद स्टाफिंग पैटर्न की समीक्षा करते हुए विद्यालय के नामांकन अनुसार पदों का निर्धारण करने का प्रावधान पहले भी था, अब भी है, जबकि 10 वर्षों में एक बार भी समीक्षा नहीं हुई है। 2021 के बाद क्रमोन्नत 6 हजार उच्च माध्यमिक विद्यालयों में 4 वर्ष बाद भी ऐच्छिक विषयों के व्याख्याता पद अभी तक स्वीकृत नहीं किए गए। जबकि विद्यालय क्रमोन्नत होते ही प्रथम वर्ष ही व्याख्याता पदों की स्वीकृति का प्रावधान है। स्टाफिंग पैटर्न की पालना करते हुए नामांकन अनुसार पदों की स्वीकृति की जानी चाहिए। संगठन की ओर से लम्बे समय से स्टाफिंग पैटर्न समीक्षा की मांग की जा रही है, लेकिन विभाग की ओर से कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

**-बसन्त कुमार ज्याणी, प्रदेश प्रवक्ता, राजस्थान वरिष्ठ शिक्षक संघ, रेस्टा**

दैनिक बढ़ता राजस्थान

## रक्तदान शिविर का सफल आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**भिवाड़ी ( नि.स. )।** रोटरी ब्लड कलेक्शन बस के माध्यम से आशियाना आँगन में एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस पुनीत कार्य में रोटरी क्लब एचीवर्स, इनरव्हील क्लब भिवाड़ी, तथा आशियाना वेलफेयर समिति ने संयुक्त रूप से भागीदारी निभाई। शिविर में कुल 109 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जो मानवता और सेवा के प्रति समर्पण का प्रतीक है।इस अवसर पर रोटरी क्लब एचीवर्स से अध्यक्ष सिद्धार्थ शर्मा, रोटेरियन आर.सी. जैन, सचिव नितिन गोयल, मनीष खंडेलवाल, विकास यादव, नरेश शर्मा, अखिल जैन, अमन गुलाटी , प्रियांशु मित्तल, रोहित अग्रवाल, सुनील खंडेलवाल, अभिमन्यु शर्मा, अमित रुखाया, सुमित गुप्ता उपस्थित रहे।इनरव्हील क्लब भिवाड़ी से अध्यक्ष विम्मी कालरा, वीणा यादव, श्वेता जैन, हिमानी कालरा, गीता चौधरी, दर्शना जैनानी, काफ़िया खंडेलवाल, बरखा झालानी, कल्पना खंडेलवाल, उषा गुलाटी एवं अन्य सदस्यगण भी शामिल हुए।रोटरी क्लब भिवाड़ी से राजेश अग्रवाल, हरीश गौड़,संजय गुलाटी,हरीश पालीवाल, प्रशांत खंडेलवाल, हेमंत शर्मा उपस्थित रहे ।शिविर में युवाओं के साथ-साथ महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। रक्तदाताओं को रक्तदान के पश्चात प्रमाण पत्र और आभार पत्र प्रदान किए गए। साथ ही, ग्रीन कोर की ओर से रक्तदाताओं को मोमेंटो भेंट किए गए।रोटरी क्लब एचीवर्स के अध्यक्ष सिद्धार्थ शर्मा ने अपने संबोधन में कहा -रक्तदान महादान है।इस भाव को लेकर हमारा क्लब समाज में आगे भी इसी प्रकार के सेवा कार्यों को निरंतर करता रहेगा।



## शहादत दिवस पर शहीद को दी श्रद्धांजलि

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** उपखण्ड क्षेत्र के हाजीपुर ग्राम पंचायत में स्थित गुजरांवाली में 13 जुलाई 2018 में शहीद हुए संदीप यादव के 7 वें शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि नीमराना इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष तथा राजस्थान भवन एवं अन्य संनिर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड के पूर्व सदस्य कृष्ण गोपाल कौशिक व विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की स्थाई सदस्य रुकमणी कौशिक रही। सीआरपीएफ टीम से कर्नल आशुतोष ने शहीद की पत्नी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। वहीं शहीद के पिता बनवारी लाल यादव,उनकी माता कृष्णा देवी, पत्नी मनीषा यादव, पुत्र आशीष यादव के साथ अक्षतपूर्ण भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गईं। इस मौके पर युवा नेता अजय गुर्जर, सतीश यादव, सुभाष यादव, मनीष यादव, जग्गी यादव, अनिल यादव, योगेश यादव सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। वहीं मुख्य अतिथि ने उपस्थित गणमान्य लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारा बेटा शहीद संदीप यादव आज भी हमारे दिलों में रहते हुए यहां उपस्थित है।हम उन सभी वीर शहीदों को हृदय की गहराईयों से याद कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। इस दौरान कार्यक्रम संयोजक धनवंत यादव एवं नरेंद्र यादव द्वारा मुण्डली गौशाला में गौ चिकित्सा कार्यक्रम रखा गया। जिसमें गौमाताओं को चिकित्सा उपलब्ध करवाई गईं।



## निशुल्क नेत्र जांच परामर्श जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** रविवार को महात्मा गाँधी राजकीय विद्यालय बागड़ीयो की ढाणी बुर्जा तहसील नारायणपुर जिला कोटपुतली बहरोड में निशुल्क नेत्र जाँच परामर्श जागरूकता शिविर का आयोजन डॉ सर्राफ आई हॉस्पिटल तथा सक्षम के सयुक्त सहयोग से किया गया। जिसमे दवा ,जाँच तथा मोतियाबिंद ऑपरेशन निशुल्क किया जायेगा जिसमे 103 ओपीढ़ी तथा 15 मरीज मोतिया बिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित हुए। इस दौरान समाजसेवी छितरमल मेघवाल, सक्षम जिला अद्यक्ष रामनिवाश यादव गुंता शाहपुर वाले, सूबेदार मंगत पोसवाल , कबूल चंद सरपंच ,रमेश उपसरपंच मदन लाल सैनी चतरपुरा लीलाराम बागड़ी सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## कुत्ते को बचाने के चक्कर में पलटी पिकअप, 40 घायल:गोगामेडी से अलवर के कठूमर आ रहे थे, अब 15 से ज्यादा अस्पताल में भर्ती

बढ़ता राजस्थान

**अलवर।** गोगामेडी से अलवर लौटते समय झुंझुनूं के पिलानी के निकट रात करीब 9 बजे पिकअप पलट गई। जिससे पिकअप में सवार 40 में से 20 से अधिक लोग घायल हो गए। कुछ घायल अलवर, भरतपुर व झुंझुनूं में भर्ती हुए हैं। अचानक ब्रेक लगाने के कारण पिकअप पलटी थी।घायल के परिजन राजू ने बताया कि अलवर जिले के कठूमर थाना क्षेत्र के गांव गुंडवास से गोगामेड़ी दर्शन के लिए निकले ग्रामीण शनिवार रात को वापस लौट रहे थे, तब पिकअप के आगे अचानक कुत्ता आ गया। तेजी से ब्रेक लगाने के कारण पिकअप पलट गई। पिकअप में 40 लोग सवार थे, जो सभी घायल हो गए। घायलों को तत्काल आसपास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया, जिनमें से कुछ को गंभीर हालत में जयपुर, भरतपुर और अलवर के लिए रेफर किया गया है। फिलहाल अलवर के अस्पताल में कैलाश, आशीष सहित कई लोग भर्ती हैं। घायल हुए लोगों में महेंद्र, राजू, लालाराम, गोलू और देवेंद्र सहित कई अन्य शामिल हैं। ये सभी एक ही गांव के रहने वाले हैं और धार्मिक यात्रा पर निकले थे। हादसे के बाद पूरे गांव में हड़कंप मच गया है। फिलहाल घायलों का अलग-अलग अस्पतालों में इलाज जारी है।

## बहरोड़ में बारिश के बाद कोहरा:जयपुर मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के लिए येलो अलर्ट जारी किया

बढ़ता राजस्थान

**अलवर।** बहरोड़ और आसपास के क्षेत्रों में रविवार की सुबह सुहावनी रही। शनिवार की शाम 7 बजे से शुरू हुई बारिश देर रात तक जारी रही। क्षेत्र में 18 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। रविवार सुबह से आसमान में बादल छाए हुए हैं और हल्का कोहरा भी देखा गया। जयपुर मौसम केंद्र ने अगले 24 घंटों के लिए बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। सावन के महीने में मानसून की बारिश से पूरा इलाका भीग चुका है।दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर कई जगह पानी जमा हो जाता है। इससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हाईवे और सर्विस रोड के बीच बने जल निकासी के नाले बंद हैं। स्थानीय लोगों द्वारा इन नालों में मिट्टी और कचरा डाल दिया गया है।

# देश के विकास में पुरुषार्थी समाज की महती भूमिका: संजय शर्मा

### पुरुषार्थी समाज का प्रतिभावान सम्मान समारोह, समाज की 171 प्रतिभावान प्रतिभाओं को किया सममानित

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने कहा है कि भारत माता की सेवा करने ओर देश के नव निर्माण में पुरुषार्थी समाज की महती भूमिका है। देश की आजादी के आंदोलन में शहीद भगत सिंह जैसे सैकड़ों स्वतंत्रा सेनानी हुए। मंत्री शर्मा प्रताप ऑडोटोरियम में जिला पुरुषार्थी समिति की ओर से आयोजित जिला स्तरीय प्रतिभा सममान समारोह में बोल रहे थे। शर्मा ने कहा कि अलवर में पुरुषार्थी समिति की ओर से युवा और प्रतिभावान बच्चों को सममानित करना प्रेरणादायक है। जो समाज अच्छी शिक्षा ग्रहण करता है वहीं आगे बढ़ता है। पुरुषार्थी समाज की मांग पर कोचिंग ओर स्कूल के लिए जमीन आवंटन कराने के प्रयास होंगे।

इस अवसर रामगढ़ विधायक सुखवंत सिंह ने कहा कि अलवर जिले के पुरुषार्थी समाज ने सेवा के माध्यम से अपनी अलग पहचान बनाई है। समिति के संरक्षक राकेश अरोड़ा ने कुछ मांगे रखी हैं जिनको सरकार के पास मंत्री ओर सांसद के सहयोग से भेजा जाएगा। जिला पुरुषार्थी समिति के अध्यक्ष कुलदीप कालरा ने स्वागत भाषण दिया। मुख्य सलाहकार राकेश अरोड़ा ने पंजाबी बोर्ड का गठन ओर पुरुषार्थी समाज के शिक्षण संस्थान के लिए जमीन आवंटित करने की मांग की।


इस अवसर पर अतिथि भाजपा नेता जय आहूजा, भाजपा पंजाब के प्रवक्ता यादवेंद्र सिंह थे। मंच पर अतिथियों का स्वागत कुलदीप कालरा, राकेश अरोड़ा, हरमीत सिंह, सुदेश खामरा, राजेश मक्कड़, अशोक आहूजा, राजेश सेतिया, के के मदान, दौलत राम हजरती, दीवान चंद सेतिया, धर्मेंद्र अदलखा, अजय सहगल, दर्शन अरोड़ा, जयराज मेंहदीरता, संदीप कालरा, वंदना भाटिया, किशन ग्रोवर, तिलक झाम, तिलक चावला,अजय अरोड़ा, रमेश जुनेजा,अर्जुन तखतानी, महेश निहालवानी, ए ठाकुरदास भोजवानी, तेजू रामचंदनानी व किशन ग्रोवर ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत गुरुद्वारा सुख धाम के नन्हे बच्चों की ओर से तैयार शबद कीर्तन से हुई जिसे खूब सराहा गया। कार्यक्रम में समाजसेवी जगदीश खुराना व दौलतराम हजरती का सममान किया गया।मंच संचालन दिनेश शर्मा ओर सुरेश नागपाल ने किया। मंच प्रभारी राजेश मुखीजा थे। अंत में कुलदीप कालरा ने आभार जताया। कार्यक्रम स्थल पर सभी सममानित बच्चों व युवाओं के फोटो सहित सेल्फी प्वाइंट बनाया गया था जिसे खूब सराहा गया। कार्यक्रम स्थल को आकर्षक तरीके से सजाया गया था जिसमें अलवर, खैरथल व तिजारा जिलों के समाज के लोगों ने भाग लिया।

जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाओं को सुना (कलर बोक्स

वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने अपने निवास स्थान 201 रघुमार्ग पर जनसुनवाई कर विभिन्न स्थानों से पेयजल, विद्युत, सडक, पुलिस आदि की परिवेदनाएं लेकर आए फरियादियों की परिवेदनाओं को संवेदनशीलता के साथ सुनकर संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि फरियादियों की समस्याओं का निराकरण होने पर उन्हें सूचित कर उनके संतुष्टि स्तर में वृद्धि करें। उन्होंने निर्देश दिये कि आमजन को मूलभूत समस्याओं की प्राथमिकता से सुनवाई करें। इस कार्य में लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इसके उपरान्त मंत्री संजय शर्मा ने अलवर शहर के लिए मिशन सच वेबसाइट का लोकार्पण किया। इस दौरान श्री राजेश रवि, श्री प्रेम पाठक, श्री विजय यादव, श्री प्रदीप पंचौली सहित प्रबुद्ध व्यक्ति मौजूद रहे।

## बिना मात्रा को शहर अलवर (पार्ट-4)



जय सिया राम भायलाओं.. अलवर की एक खासियत तो बता ही दूं, तुमकू या ऐसा शानदार शहर है कि बस पूछो ही मति ,यहां हर आदमीन कू रोड पर यदि खड्डा ना हों और पेट को पानी भी नाय हिले तो मजा नाय आएं। ऐसी आदत पड़गी कि साफ सुधरी रोड देखर ऐसो मुँह बना लेंगा कि बस.. बडों रीजन या है कि यहां जीवन खड्डान में निकल गो और आदत नाय साफ सुधरी रोड पे चलबा की, या मारे अलवर का लोगन की आदत बनगी अब कोई बुराई नाय, कोई शिकायत नाय, बस खड्डा वाली सडक और अपनों खटारो वाई में राजी है यहां को आदमी। कोई विरोध भी नाय करे, ना कभी प्रयास करे कि..भाई बुरो मति मानजाईयों पण मौकू कई बार लगें कि ये पार्षद जो होंवे ये काई के लिए होंवे सारो शहर गंदगी से अटो,सारी सडक टूटी,नाली फुलमफुल कीचड़ ते भरी,रोड पे गाय खड़ी तो ये क्यू बैठा हुआ हैं.. तुम भी खड़ा हो जाओं भाई..चक्कर या है कि अब मैं अपना मुँह ते काई बोलू सब जाणे कि भीतर काई चल रो है। दो चारन की तो ख्वूं नाय बाकि सबका मामला सैट हैं वार्ड की सफाई में कागजन में कितरा आदमी हैं और वार्ड में कित्ता नजर आ रहया हैं..अब मैं तो ज्यादा पढ़ो लिखों नाय हूं बाकि तुम खुद ही लगा लो कि कोण की जेब में कित्तो माल जा रहयों है..खैर बाकि पॉचवा पार्ट में.

**रूपक शर्मा**

## अपराधी की किसी भी तरह मदद नहीं करें,तभी अपराध मुक्त होगा क्षेत्र:मलिक

### समाज सेवा किसी भी क्षेत्र में हो, पुण्य का कार्य, इसी दिशा में आगे बढे समाज

बढ़ता राजस्थान



बानसूर( धीरज मौर्य )। नगर पालिका क्षेत्र में स्थित भाजपा के पूर्व प्रदेशमंत्री और भाजपा नेता महेन्द्र यादव के आवास पर नेत्र चिकित्सा एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन हुआ। इस शिविर में उपस्थित मरीजों और उनके परिजनों को सम्बोधित करते हुए बानसूर थानाधिकारी सुरेन्द्र मलिक ने कहा कि समाज सेवा किसी भी क्षेत्र में हो,पुनीत कार्य है!समाज को इसी दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि अपराधी की किसी भी तरह मदद नहीं करे समाज और परिवार, जिससे समाज की मुख्यधारा में वापसी हो सके। मलिक ने कहा कि क्षेत्र मैं सैकड़ों विद्यालय संचालित हैं तो दर्जनों महाविद्यालय संचालित हैं। माता -पिता या परिजनों को चाहिए कि अपने बालकों पर नजर बनाकर रखें। उसके यार दोस्त कैसे हैं उन पर भी नजर रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आपके परिवार का बालक यदि गलत दिशा में जा रहा है और पुलिस ने उसे पकड़ा है तो उसकी शिफारिश नहीं करें। जिससे वह बालक समाज की मुख्यधारा में समलित हो सके। उन्होंने कहा कि आपके आस-पड़ोस में यदि कोई अपराधी अपराध को कारित कर पनाह ले रहा है तो उसकी सूचना तुरन्त पुलिस को दें। आपकी पहचान बिलकुल गुप्त रखी जाएगी। थानाधिकारी सुरेन्द्र मलिक ने भाजपा नेता महेन्द्र यादव को जन्मदिन की अग्रिम बधाई देते हुए कहा कि आपका चरित्र उत्तम है तभी तो आप वर्षों से समाज सेवा कर रहे हैं चाहे नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में या ब्लड डोनेशन कैम्पों के माध्यम से या जरुरतमंद लोगों की मदद करके या गौसेवा करके मैं आपको धन्यवाद देता हूँ। उन्होंने कहा कि आपकी सेवा भावना की झलक देखने के लिए ही मैं यहाँ आया हूँ, आप समाज को एक अच्छी दिशा दिखा रहे हैं नहीं,नई पीढ़ी को इस और ध्यान देकर सीखना चाहिए। इस अवसर पर मलिक का माला साफा और दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया वहीं भगवान श्रीराम की मूर्ति भी भेंट की गई।

## रैम्प हटाने को लेकर महापंचायत, हरियाणा प्रशासन चाक चौबन्द

बढ़ता राजस्थान

**भिवाड़ी ( नि.स. )।** राजस्थान के भिवाड़ी और हरियाणा के धारूहेड़ा बोर्डर पर बने रैंप को हटाने की मांग को लेकर रविवार को भिवाड़ी बाईपास पर सर्वसमाज की महापंचायत बुलाई गई है। महापंचायत में सर्व समाज के लोगों ने भिवाड़ी में जलभराव की समस्या के स्थाई समाधान और रैंप हटाने की रणनीति पर मंच के माध्यम से अपने विचार रखे। इस दौरान कोई अप्रिय घटना ना घटे इसके लिए रेवाड़ी कलेक्टर, एसपी, एसडीएम सहिम भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है। रैंप को हटाने के खिलाफ लोग भी काफी संख्या में वहा मौजूद हैं। भिवाड़ी की ओर से भी महापंचायत स्थल पर पुलिस प्रशासन के आला अधिकारी व पुलिस बल मौजूद है। हरियाणा प्रशासन के आश्वासन के बाद महापंचायत का समापन कर दिया गया। धारूहेड़ा एसडीएम ने बताया कि रैंप हटाओं महापंचायत के 11 सदस्य 3 दिन बाद मंगलवार को रेवाड़ी आकर सरकार के प्रतिनिधियों से वार्ता करेंगे। उस समय जो निर्णय होगा उस पर आगे की कार्यवाही की जायेगी।



## मानव सेवा,नारायण सेवा ऐसे कार्यों से मिलती है शान्ति:यादव

### भाजपा नेता ने लगवाया 15वाँ निःशुल्क नेत्र चिकित्सा, लैंस प्रत्यारोपण व ब्लड डोनेशन शिविर

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर( धीरज मौर्य )।** विधानसभा क्षेत्र की बानसूर नगर पालिका क्षेत्र में भाजपा नेता महेन्द्र यादव ने 15वाँ नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा एवं लैंस प्रत्यारोपण व ब्लड डोनेशन शिविर। इस मौके पर बोलते हुए भाजपा नेता महेन्द्र यादव ने कहा कि मुझे मेरे माता -पिता से संस्कार ही ऐसे मिले हैं कि मानव सेवा करूँ। उन्होंने कहा कि ब्लड डोनेशन व नेत्र चिकित्सा शिविर हम लगातार 26सालों से लगवा रहे हैं पर बानसूर विधानसभा क्षेत्र में यह 15वाँ शिविर है। इन 15शिविरों में 26हजार से अधिक मरीजों को हमने स्वास्थ्य लाभ देने का कार्य किया है। अब तक हजारों माताओं और बुजुर्गों के आँखों के ऑपरेशन करवाए गए हैं। जो आज भी बिलकुल स्वस्थ और ठीक हैं। यादव ने कहा कि इन शिविरों के माध्यम से मैं जन सेवा कर पाया हूँ और लगातार इस जन सेवा का कार्य जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि 18गौशालालों में भी 5-5हजार रूपये भिजवा दिए गए हैं। विधानसभा क्षेत्र के किसी भी नागरिक को महेन्द्र यादव खड़ा मिलेगा और खड़ा मिला भी है। मैं बानसूर विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों का दिया गया आशीर्वाद उन्हें नहीं लौटा सकता लेकिन हाँ मैं उनकी सेवा कर अपने आपको धन्य कर पाउँगा। उन्होंने राजनीति में आने के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि कहा कि राजनीति से भी समाज की सेवा की जा सकती है और ऐसे भी।राजनीति के माध्यम से तो मनुष्य भला -बुरा हो सकता है पर जन सेवा से तो उसके पुण्यों में वृद्धि होती है जो मैं कर रहा हूँ। इस मौके पर आने वाले समाजसेवियों, भाजपाईयों और गणमान्य लोगों का गोविन्द देवजी का दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया। इस मौके पर मिश्री देवी आई हॉस्पिटल नीमराणा बहरोड़ की टीम डॉ वीरेन्द्र यादव के नेतृत्व में जाँच कर चिकित्सा करती रही। वहीं जीवन ज्योति ब्लड बैंक की टीम ब्लड का संग्रह करती रही। इस मौके पर भाजपाईयों, समाजसेवीयों,गणमान्य लोगों सहित काफ़ी संख्या में मरीज मौजूद रहे।

### दिव्य भारत युवा संघ की संगोष्ठी आयोजित

# गायत्री परिवार उपजोंन अलवर करेगा साधना -स्वाध्याय

बढ़ता राजस्थान



अलवर (का.स.)। गायत्री परिवार उपजोंन अलवर के अंतर्गत गायत्री शक्तिपीठ अलवर पर रविवार को दोपहर 12:30 बजे दिव्य भारत युवा संघ की संगोष्ठी आयोजित की गई । संगोष्ठी को उपजोन समन्वयक दिनेश गुप्ता, संगठन प्रभारी ज्ञानेंद्र प्रसाद शर्मा ,जगदीश प्रसाद गुप्ता ने संबोधित किया एवं उपस्थित युवाओं को गायत्री परिवार की वंदनीय माताजी श्रीमती भगवती देवी शर्मा जी की जन्म शताब्दी वर्ष 2026 के लिए उत्साह एवं प्रेरणापूर्ण मार्गदर्शन दिया। दिनेश गुप्ता ने शांतिकुंज हरिद्वार के दिशा. निर्देशन में साधना एवं आओ गढ़ें शिल्पकार अभियान पर युवाओं से विचार विमर्श किया। इसके लिए उपजोन के अंतर्गत अलवर एखैरथल तिजारा एवं बहरोड. कोटपुतली जिले में गायत्री परिवार के सप्त आंदोलन में युवाओं की सक्रिय भागीदारी तय की।

शनिवार तथा रविवार को इन जिलों में युवा एवं वरिष्ठ परिजन रात्रि प्रवास करेंगे तथा तीनों जिलों में पारिवारिक गोष्ठी, देव स्थापना,साधना, गायत्री मंत्र जप के साथ-साथ सामाजिक कुरीतियों यथा पर्दा प्रथा,दहेज प्रथा,अंधविश्वास आदि दूर करते हुए सामाजिक समानता, उदारता,आपसी भाईचारे के निर्माण के सूत्र स्थापित कीए जाएंगे । संगठन प्रभारी ज्ञानेंद्र प्रसाद शर्मा जीएश्री जगदीश प्रसाद गुप्ता जीएश्रीमती ज्ञान देवी शर्मा जी एश्रीमती ममता गुप्ता जी एवं श्रीमती रजनी शर्मा जी ने अलवर शहर एवं अलवर ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं से बाल संस्कारशालाए व्यसन मुक्ति अभियान एनारी जागरण वृक्षारोपण तथा सामूहिक साधना में सहयोग की अपेक्षा की।

जिला युवा संयोजक जितेंद्र यादव ने अरुण गुप्ता एवं अभय दीप नरूका जी को माह के दूसरे रविवार को गायत्री शक्तिपीठ पर श्रमदान व स्वच्छता का दायित्व सौंपा । गोष्ठी के समापन पर वरिष्ठ युवा अमित वशिष्ठ ने युवाओं को सृजन साधना अभियान में 24 लाख गायत्री मंत्र जप से जुड़ने के लिए आवाहन किया ।अभी तक इस अभियान से जुड़कर लगभग 45 युवा प्रतिदिन 10 गायत्री महामंत्र की मालाओं का जप कर रहे हैं । शीघ्र इसमें और भी युवाओं को जोड़ा जा रहा है ।संगोष्ठी का समापन शांति पाठ के साथ हुआ। उपजोन अलवर की युवा प्रकोष्ठ की अगली बैठक खैरथल तिजारा जिले में की जानी तय हुई है वहां पर भी दिव्य भारत युवा प्रकोष्ठ का गठन शांतिकुंज हरिद्वार के उपजोंन अलवर के मार्गदर्शन में किया जाएगा।

गोष्ठी में श्री चंद्रपाल, निरंजन सैनी, जसवंत भाटी, अशोक शर्मा, अरुण गुप्ता, श्रीमती प्रियंका, प्रगति पारासर, अभयदीप नरूका, हरकेश मीणा ,गिरीश सेठी ,मुकेश गुप्ता जी उपस्थित रहे।

# खेतों के रास्ते हमारी प्रतिबद्धता,इसके लिए संकल्पित मन से काम कर रहे- ऊर्जा मंत्री

## रास्तों की समस्या के लिए जन सहभागिता की छेड़ें मुहिम , ऊर्जा मंत्री ने रास्ता दुरुस्तीकरण के लिए जन प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( दामोदर सिंह )।** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में रास्तों के दुरुस्तीकरण की समीक्षा बैठक लेकर निर्देश दिए कि यह कार्य अभियान के तौर पर निरंतर चलना चाहिए ताकि किसानों को परेशानी ना हो।

**साथ ही मंत्री ने रास्तों के दुरुस्तीकरण की अग्रिम रूपरेखा भी रखी।**

बैठक में जिला प्रमुख मुकेश मेघवाल, प्रधान जयवीर सिंह अमृतकुआं, कृष्णा शर्मा, उप प्रधान ओम अड़ूसा, जिला परिषद सीईओ राजपाल सिंह, खंड विकास अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी, सरपंच (प्रशासक), जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य मौजूद रहे।

बैठक में ऊर्जा मंत्री ने उपखंड अधिकारी और तहसीलदार से रास्तों की स्थिति की जानकारी ली और निर्देश दिए कि किसानों को बरसात में भी कोई समस्या ना आए, इसके लिए तत्परता से कार्य किया जाए। कीचड़ वाले रास्तों की छंटनी करके प्राथमिकता के आधार पर इन्हें पर ठीक कराएं।

मंत्री श्री नागर ने कहा रास्ते उपलब्ध कराना हमारी प्रतिबद्धता है इसके लिए बड़ा काम हुआ है लेकिन जो भी शेष है उसे तत्परता से किया जाए। जहां आपसी सहमति से रास्ते बनाए जा सकें, वहां समझाइश से कार्य किया जाए। ग्रामीणों को जन सहभागिता से रास्ते बनाने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाए।

कुछ संसाधन सरकार के हो और कुछ ग्रामीणों के सहयोग से मिलें तो काम त्वरित होगा और इसके बेहतर परिणाम आएंगे। इससे ग्रामीणों का कार्य के प्रति जुड़ाव भी रहेगा।

**अच्छा काम करने वाले जनप्रतिनिधियों का करेंगे सम्मान**

मंत्री नागर ने कहा कि ग्रेवल सडक के लिए यदि फंड की समस्या है तो वीडियो की अनुशंसा पर विधायक कोश से राशि दी जा सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि खेतों के रास्ते को लेकर बेहतर काम करने वाले जनप्रतिनिधियों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा जन सहयोग से गांव-गांव रास्तों के लिए मुहिम चलनी चाहिए ताकि अगली गर्मी तक किसी गांव में रास्ते की बड़ी समस्या ना रहे। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी कि स्वीकृत कार्यों में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाए। साथ ही जनसहयोग से होने वाले कार्यों में कोई घालमेल नहीं होना चाहिए।

**सफाई में ना हो ढिलाई**

सफाई के मुद्दे पर ऊर्जा मंत्री श्री नागर ने पंचायतों को गंभीरता बरतने को कहा। उन्होंने इस कार्य में भी जन सहभागिता को प्रोत्साहन देने की बात कही। उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था सब की जिम्मेदारी होनी चाहिए। गांव के एंट्री और एग्जिट प्वाइंट एवं दुकानों के क्षेत्र में विशेष ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने सफाई व्यवस्था सुदृढीकरण के लिए पंचायतों का क्लस्टर बनाकर सफाई व्यवस्था निर्धारित करने का भी सुझाव रखा। मंत्री श्री नागर ने सीएडी की नहरों के किनारे भी रास्तों के सुधार और सफाई कार्य को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यों के प्रस्ताव भिजवाए जाएं जिन्हें नरेगा के माध्यम से कराया जा सकेगा। ड्रेन सफाई के प्रस्ताव भी भिजवाए जाएं।

बैठक में जनप्रतिनिधियों ने सफाई, नाली, अतिक्रमण आदि के मुद्दों की ओर ध्यान आकृष्ट किया। हटाने के बाद वापस अतिक्रमण होने और पुलिस का सहयोग नहीं मिलने की बात कही।

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजपाल सिंह ने भी गांवों में रास्ते,सफाई और अतिक्रमण आदि के मुद्दों पर ग्रामीणों से जन सहभागिता की अपील की।

### अतिक्रमण पर त्वरित कार्रवाई हो लेकिन गरीब का घर ना उजड़े

मंत्री नागर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चरागाह भूमि से स्थाई रूप से अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया निर्धारित करें। यदि कोई व्यक्ति बार-बार अतिक्रमण करता है तो दंडात्मक कार्रवाई की जाए। बिना किसी भेदभाव के अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाए लेकिन यह ध्यान रखें कि किसी गरीब का घर नहीं उजड़े। आबादी और बसावट को नहीं छेड़ें लेकिन नए अतिक्रमण किसी सूरत में नहीं होने पाएं, यह सुनिश्चित करें। शिकायत मिलते ही तुरंत कार्रवाई की जाए। साथ ही सरपंच एवं ग्रामीण जन भी निगरानी रखते हुए अपनी भूमिका निभाएं।

# अग्रवाल सम्मेलन एवं युवा अग्रवाल सम्मेलन सामाजिक सौहार्द और पारिवारिक मेल-मिलाप का अनूठा आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( दामोदर सिंह )।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन एवं युवा अग्रवाल सम्मेलन, जिला कोटा द्वारा बूंदी रोड बायपास स्थित निजी वाटर पार्क में भव्य पूल पार्टी का आयोजन किया गया। यह आयोजन अग्र समाज के सैकड़ों सदस्यों की उपस्थिति में पारिवारिक, सामाजिक और मनोरंजनात्मक वातावरण में सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों, महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूल पार्टी में जहां सभी ने भीगते हुए फव्वारों और मस्ती भरे झूलों का आनंद लिया, वहीं महिलाओं और बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिनके विजेताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर निगम कोटा दक्षिण के नेता प्रतिपक्ष विवेक राजवंशी एवं बीजेपी शहर महामंत्री जगदीश जिंदल , समाज सेवी संदीप चाँदीवाले ,जगदीश जिन्दल उपाध्यक्ष एवं जिला चेयरमैन रामगोपाल अग्रवाल, जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश सिंघल, राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष हेमराज जिन्दल, जिला महामंत्री रमेशचन्द्र गोयल, प्रदेश महामंत्री सन्मति हरकारा , प्रदेश युवाध्यक्ष नितिन , मीडिया प्रभारी परमानन्द गोयल की गरिमामयी उपस्थिति रही।कार्यक्रम में सम्मेलन के युवा अध्यक्ष सुमित जैन , युवा महामंत्री लोकेश गुप्ता , महिला अध्यक्ष शमा गुप्ता , हेमलता गुप्ता, शारदा गोयल, सरिता जैन, प्रमिला अग्रवाल सहित अग्रवाल समाज के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी, महिला प्रतिनिधिगण, युवा कार्यकर्ता एवं समाजसेवी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस आयोजन का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों को एकजुट कर सौहार्दपूर्ण वातावरण का निर्माण करना रहा।

# गुरु द्रोण गिरधारी लाल जाट ने किया मिक्स डबल उपविजेताओं का सम्मान, स्टेट चैंपियनशिप की तैयारी में जुटे खिलाड़ी

बढ़ता राजस्थान



**रावतभाटा ( नि.स. )।** भारी पानी स्पोर्ट्स क्लब में गुरु द्रोण के नाम से प्रसिद्ध कोच श्री गिरधारी लाल जाट ने डिस्ट्रिक्ट क्लब चित्तोडगढ़ में आयोजित मिक्स डबल बेडमिंटन टूर्नामेंट में उप विजेता रहे प्रियांशु मेरोठा व रोहिणी मीना को केक कटवा कर एवम मेडल व शील्ड प्रदान कर उत्साह्वर्दन किया और बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की । दोनों ही बच्चों ने अपनी सफलता के लिए अपने गुरु व माता पिता का आभार व्यक्त किया । प्रियांशु मेरोठा पूर्व में भी क्लब की तरफ से आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओ में चेम्पियन रह चुका है । अभी हाल ही में आयोजित दस दिवसीय आवासीय एनसीसी शिविर में भी कमांडर के रूप में बेस्ट ड्रिल ग्रुप व बास्केटबाल् टीम में विजेता रहे है और दो मेडल प्राप्त किये है । मोके पर उपस्थित अन्य बच्चो को मिटाई वितरित की गई व सफलता के गुर सिखाए गए । अब आगे बच्चे स्टेट के लिए तैयारी कर रहे है ।

# शिक्षामंत्री ने विभाग की छवि को खराब करने वाले शिक्षक बर्खास्त करने के दिये निर्देश

## भीलवाड़ा जिले के मांडलगढ़ के पंचायत शिक्षक का है मामला

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने भीलवाड़ा जिले के पंचायत समिति मांडलगढ़ के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मोटरों का खेड़ा में पद स्थापित पंचायत शिक्षक मीठालाल मीणा को नौकरी से बर्खास्त करने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। कुछ मीडिया चैनलों में प्रसारित समाचार के अनुसार शिक्षक मीठालाल मीणा बालिका के साथ संदिग्ध अवस्था में अपने किराए के कमरे पर पकड़ा गया था। जिसके बाद ग्रामीणों ने उसकी धुनाई कर दी। शिक्षक और शिक्षार्थी का रिश्ता सबसे पवित्र, मामला संज्ञान में आते ही शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने शिक्षक के खिलाफ सख्त कार्यवाही करते हुए इसे सरकारी सेवा से बर्खास्त करने के निर्देश दिए है। शिक्षा मंत्री श्री दिलावर ने कहा कि शिक्षक की गलत हरकत से पूरे विभाग की छवि धूमिल हुई है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। शिक्षक और शिक्षार्थी का रिश्ता पवित्र होना चाहिए। ताकि अभिभावक अपने बच्चों को बिना किसी डर और संकोच के स्कूल में पढ़ने भेज सके।

# कोटा में एक घंटे तक झमाझम बारिश-मौसम विभाग ने जारी किया ऑरेंज अलर्ट, धान की फसल को मिलेगा फायदा

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** कोटा शहर और ग्रामीण इलाकों में साढ़े 11 बजे बाद अचानक मौसम में बदलाव हुआ। आसमान में काले बादल छाए, बादलों की गड़गड़ाहट के साथ ही शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में कहीं तेज तो कहीं रिमझिम बारिश का दौर शुरू हुआ। शहर भर में 1 घंटे तक झमाझम बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार कोटा जिले में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

किसानों को राहत

कोटा संभाग में किसानों ने धान की फसल की बुवाई की हुई है। बारिश होने से धान की फसल को फायदा होगा और अच्छी पैदावार होगी। बारिश होने से किसानों को ट्यूबवेल नहीं चलाना पड़ेगा, जिससे बिजली के खर्चे से भी राहत मिलेगी।

# महू ब्रांच 18 गांव जाट समाज की आम सभा मे लिए महत्वपूर्ण निर्णय

बढ़ता राजस्थान

**हिण्डौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** जाट समाज चौरासी 18 गांव ब्रान्च महू की आम सभा हनुमान मन्दिर महूखास पर जाट समाज 84 अध्यक्ष गजानन्द चौधरी की अध्यक्षता में रखी गई । सभा में समाज सुधार के निम्न प्रमुख विन्दुओं पर चर्चा की गई (1) भात जामने में कपडा और बर्तन की जगह नकद राशी का उपयोग (2) आमन्त्रण और निमन्त्रण कार्ड व्हाटसप द्वारा प्रेषित करना (3) शादीयों में बरात दिन में रखना दहेज का दिखावा बन्द करना (4) शराब आदि दुर्व्यसन पर पाबंदी एवं प्रतिभा सम्मान समारोह रखना । सभा का जाट समाज 18 गांव महामंत्री कप्तान सिह तोमर ने संचालन किया तथा जाट समाज चौरासी कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे । सभा में देवीसिंह सोलंकी, हरिसिंह, कैलाशी क्यारदा वीरेन्द्र, करतार धंधावली, भगवान सिंह अध्यक्ष महू ब्रांच 18 गाव, भरतलाल कोषाध्यक्ष 18 गांव, कुम्हेर डागुर, विजय सिंह, प्रिन्टू सोलंकी, प्रताप बैनीवाल, अशोक बैनीवाल, कुम्हेर सोलंकी, धर्मराज जाट, शिवगणेश, भरत सिंह, नरेश सोलंकी, राजेश सोलंकी आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# हर क्षैत्र से सुझाव लेकर कर रहे बेहतर विद्युत प्रबंधन:ऊर्जा मंत्री

## स्व. डॉ. लक्ष्मी सक्सेना द्वारा रचित पुस्तक एन एनालिसिस ऑफ फाइनेंशियल मैनेजमेंट ऑफ इलेक्ट्रिसिटी कंपनी का विमोचन

बढ़ता राजस्थान



कोटा (विनोद गौड़)। स्व. डॉ. लक्ष्मी सक्सेना द्वारा रचित पुस्तक एन एनालिसिस ऑफ फाइनेंशियल मैनेजमेंट ऑफ इलेक्ट्रिसिटी कंपनी इन स्पेशल रेफरेंस ऑफ राजस्थान राज्य विद्युत वितरण निगम लिमिटेड का विमोचन रविवार को शिवज्योति कान्वेंट स्कूल स्थित ऑडिटोरियम में किया गया। विमोचन समारोह के मुख्य अतिथि ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर रहे। अतिविशिष्ट अतिथि कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा,अध्यक्षता पूर्व महापौर महेश विजय ने की। कार्यक्रम निदेशक डॉ. धीरेंद्र सक्सेना ने बताया कि विशिष्ट अतिथि एडीजे अजमेर रेणु श्रीवास्तव, कोटा विश्वविद्यालय में शारीरिक शिक्षा विभाग के निदेशक डॉ. विजय सिंह, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी देवेंद्र भार्गव, डॉ. मनीष, भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मजीद मलिक कमांडो, शिक्षाविद महेश गुप्ता, दिनेश विजय, दैनिक भास्कर के जीएम बीएस झाला, रमेश नागर थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि विद्युत विभाग के बिना सामान्य जीवन जीना बहुत मुश्किल है। स्वर्गीय लक्ष्मी सक्सेना ने अपने शोध के द्वारा जो पुस्तक लिखी है, उसमें विद्युत विभाग के लिए वित्तीय प्रबंधन के अनमोल सुझाव होंगे। जिनका अध्ययन कर राज्य के विद्युत तंत्र और वित्तीय प्रबंधन को बेहतर करने का प्रयास किया जा सकता है। बेहतर प्रबन्धन के लिए राज्य में भी हर क्षेत्र से सुझाव लिए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि अभी पंजीकृत उपभोक्ताओं को राज्य सरकार 100 यूनिट निशुल्क बिजली दे रही है। जिससे राज्य सरकार पर 7- 8 हजार करोड रुपए का वित्तीय भार पड़ता है। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार सभी उपभोक्ताओं को डेढ़ सौ यूनिट बिजली फ्री देना चाहती है। उपभोक्ता अपनी छतों पर सोलर लगवाएं। जिनके घर या छत नहीं हैं, उनके लिए कम्युनिटी सोलर की सुविधा भी है।

संदीप शर्मा ने कहा कि नश्वर शरीर छोड़कर तो सभी जाते हैं, लेकिन जीवन में अपने कृतित्व से स्मृतियों को चिरस्थाई कुछ लोग ही कर पाते हैं। डॉ. लक्ष्मी सक्सेना ने अपने कार्यक्षेत्र को आत्मबल से विशिष्ट बनाने का काम किया। उनकी भावनाएं श्रेष्ठ रही होगी। उन्होंने अपने शोध के द्वारा बिजली विभाग को वित्तीय प्रबंधन का महत्वपूर्ण दस्तावेज दिया है। दिव्यांशी, प्रियांशी, रिया गुप्ता ने नृत्य की प्रस्तुति दी। अलका सक्सेना और मीनाक्षी ने पुस्तक परिचय कराया। धीरेंद्र सक्सेना ने आभार जताया। इस दौरान आशीष सक्सेना, लीलाधर मेहता, वीरेंद्र भटनागर, पवन सक्सेना, अमित सक्सेना, सोनल सक्सेना, अलका, गोपाल सिंह, विशाल सिंह, रूपल, अनीता अग्रवाल, समेत कई लोग मौजूद रहे।

# आईसीएआई के अध्यक्ष से मिला प्रतिनिधि मंडल



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** कोटा चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के प्रतिनिधि समूह ने बुधवार को भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट्स संस्थान के अध्यक्ष चरनजोत सिंह नंदा से मुलाकात कर कई मुद्दों पर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने कोटा में पेशे से संबंधित गतिविधियों, युवा पेशेवरों के सशक्तीकरण, तकनीकी प्रशिक्षण और लोकहित से जुड़ी सेवाओं के विस्तार जैसे विषयों पर बातचीत की। इस दौरान आईसीएआई के उपाध्यक्ष प्रसना कुमार डी, सीए मिलिंद विजयवर्गीय, सीए लोकेश माहेश्वरी, सीए रामलाल विजय, सीए मुरलीधर सोनी आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेसी पार्षदों का विरोध के छठवें दिन अनोखा प्रदर्शन:चंबल नदी के पानी में उतरकर जल सत्याग्रह, डेढ़ घंटे बारिश में डटे रहे

बढ़ता राजस्थान




**कोटा ( विनोद गौड़ )।** नगर निगम कोटा दक्षिण के कांग्रेस पार्षद रविवार को भी लगातार छठे दिन संघर्ष जारी रखते हुए जल सत्याग्रह करने पहुँच गये। पार्षद लेखराज योगी के मार्गदर्शन में भीतरिया कुंड पर चंबल नदी में सत्याग्रह के लिए जब सभी पार्षद उतरे तभी तेज बारिश भी शुरू हो गयी।

जल सत्याग्रह को देखने भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। सावन के कारण शिव मंदिर पर भीड़ थी, जिससे प्रदर्शन और अधिक जनभावनाओं से जुड़ता दिखा।2 घंटे तक चल लगभग डेढ़ घंटे तक चले इस प्रतीकात्मक सत्याग्रह में जमकर विरोध नारेबाजी की गयी।निगम प्रशासन मुर्दाबाद, सहित भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली गई। ।


बारिश के कारण चंबल का जलस्तर बढ़ता देख दादाबाड़ी सीआई मंगीलाल यादव मौके पर पहुँचे और सुरक्षा की दृष्टि से सभी से बाहर आने का आग्रह किया, जिसके बाद प्रदर्शन का शांतिपूर्ण समापन हुआ।पवन मीणा ने कहा कि नगर निगम आयुक्त हमारी मांगों को अनसुना करके लोकतंत्र और जनता की आवाज को दबाना चाहते हैं लेकिन हम डरने वाले नहीं चाहे जितनी बार सत्याग्रह करना पड़े हम बार-बार चंबल नदी में सत्याग्रह करने आते रहेंगे। आज के आयोजक पार्षद लेखराज योगी ने कहा चंबल की लहरों ने आज जनता के आक्रोश को आवाज़ दी है। जब तक न्याय नहीं मिलेगा, हमारा संघर्ष रुकेगा नहीं।विरोध प्रदर्शन मे कांग्रेस पार्षद इसरार मोहम्मद, देवेश तिवारी, शालिनी गौतम, कुलदीप गौतम, अंशु श्रृंगी, धनराज चेची, लेखराज योगी, मनोज गुप्ता, कुलदीप प्रजापति, मोहन नंदवाना, दीपक वर्मा, सोनू भील

महिला पार्षदों मे शालिनी गौतम, सलीना शेरी ने भी पानी मे उतरकर विरोध मे भाग लिया।

## 37वां चातुर्मास प्रज्ञालोक में श्रद्धा और गरिमा के साथ जारी

# जो 18 दोषों से रहित है, वही परमात्मा है आचार्य श्री :प्रज्ञा सागर महाराज

बढ़ता राजस्थान




**कोटा ( दामोदर सिंह )।** गुरु आस्था परिवार कोटा के तत्वावधान में तथा सकल दिगंबर जैन समाज कोटा के आमंत्रण पर, तपोभूमि प्रणेता, पर्यावरण संरक्षक एवं सुविख्यात जैनाचार्य आचार्य 108 श्री प्रज्ञासागर जी मुनिराज का 37वां चातुर्मास महावीर नगर प्रथम स्थित प्रज्ञालोक में श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक गरिमा के साथ संपन्न हो रहा है।

संगत से बदलती है रंगत, जीवन का निर्माण सत्संग से होता है तथा गलत संगति जीवन को गर्त में ले जाती है, सही चुनाव ही धर्म का सार है महाराज श्री ने आगे कहां कि नाम अच्छा हो या बदनाम यह तय करता है आपका कर्म और चरित्र।

गुरु आस्था परिवार के चेयरमैन यतीश जैन खेडावाला एवं अध्यक्ष लोकेश जैन सीसवाली ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार को आयोजित धार्मिक आयोजन में दीप प्रज्वलन, पाद प्रक्षालन, शास्त्र विराजमान, आरती एवं पूजन जैसे मंगल अवसरों का पुण्य सौभाग्य कांता देवी,डॉ. प्रमोद बंसल, नीतू बंसल एवं केशवरायपाटन के बंसल परिवार को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष लोकेश जैन सीसवाली ने किया।अपने प्रवचनों में आचार्य श्री प्रज्ञासागर जी ने जैन दर्शन की वैज्ञानिकता, तार्किकता एवं आध्यात्मिक गहराई को रेखांकित करते हुए कहा कि जो 18 दोषों से रहित है वही परमात्मा है। जैन धर्म में भगवान को न भोजन अर्पित किया जाता है, न जल - क्योंकि वे भूख, प्यास, रोग और व्याधियों से रहित, पूर्णत: निर्दोष होते हैं।उन्होंने जीवन में संगति के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि संगत गुण और दोष दोनों लाती है। खिलाड़ी के साथ रहने पर आप खिलाड़ी बनते हैं, अनाड़ी के साथ रहने पर अनाड़ी। जो व्यक्ति जीवन में महापुरुषों के आदर्शों को अपनाता है, उसका जीवन भी आदर्श बन जाता है।गुरुदेव ने उदाहरण देते हुए अपनी गुरुपरंपरा को स्मरण किया कि मैंने अपने गुरुदेव आचार्य श्री 108 पुष्पदंत सागर जी महाराज का अनुसरण किया, जिन्होंने आचार्य विमलसागर जी, उन्होंने आचार्य श्री 108 महावीरकीर्ति जी महाराज और फिर आचार्य श्री 108 आदिसागर जी महाराज को गुरुवर माना। यही परंपरा आचार्य कुंदकुंद तक जाती है। उनके अनुसरण से आज मुझे यह सम्मान व आदर प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर आयोजित गुरूपूजन एवं आरती समारोह में कोटा शहर के अनेक गणमान्य अतिथि एवं श्रद्धालु सम्मिलित हुए। प्रमुख उपस्थिति में भाजपा जिला महामंत्री जगदीश जिंदल, नेता प्रतिपक्ष विवेक राजवंशी, पार्षद विनय शर्मा, पार्षद योगेंद्र शर्मा, महामंत्री नवीन जैन, कोषाध्यक्ष अजय जैन, शैलेन्द्र जैन 'शैलू', गुलाबचंद लुहाड़िया, मिलाप अजमेरा, योगेश सिंघम, सौरभ जैन, अजय मेहरू, अजय खटकिडा, लोकेश दमदमा सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# गुरुकुल में संदिग्ध हालत में 2 स्टूडेंट की मौत:साथियों के साथ बरामदे में सोए थे दोनों, पास में बिल में मिला सांप

बढ़ता राजस्थान

धौलपुर (राजू शर्मा)। धौलपुर में गुरुकुल में संदिग्ध हालत में 2 बच्चों की मौत हो गई। दोनों अपने साथियों के साथ गुरुकुल के बरामदे में सोए हुए थे। बरामदे के पास बिल से सांप को भी पकड़ा गया है। मामला कोतवाली थाना इलाके के मचकुंड रोड स्थित शिवानंद आश्रम में संचालित श्री जय गुरुदेव शंकराचार्य वेद विज्ञान संस्थान का है।

कोतवाली थाने के सब इंस्पेक्टर अशोक कुमार ने बताया कि दोनों छात्रों की पहचान सातवीं कक्षा के विवेक शर्मा (11) पुत्र स्वर्गीय हरि ओम निवासी चितौरा थाना कोलारी और अमित शर्मा (14) पुत्र दीपा निवासी कैंथरी के रूप में हुई है। दोनों छात्र यहां आचार्य शिक्षा प्राप्त कर रहे थे।



**बरामदे में सोए थे दोनों**

सब इंस्पेक्टर अशोक कुमार ने बताया कि संस्थान में छोटे बच्चों को वेद ज्ञान दिया जाता है। रात को गुरुकुल आश्रम में पढ़ने वाले अमित (14) पुत्र दीपा निवासी केथरी, विवेक (11) पुत्र स्वर्गीय हरि ओम निवासी चितौरा थाना कोलारी, प्रियांशु (10), प्रांजल (12), मंगल पांडे (20) पुत्र भगवान दास निवासी भांतिपुरा, विवेक शुक्ला (38) पुत्र शिव मूर्ति निवासी शाहपुर गांव जिला प्रतापगढ़ और संतोष (36) पुत्र जगदीश निवासी पुरानी सराय धौलपुर बरामदे में सोए हुए थे।

**अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत किया घोषित**

सब इंस्पेक्टर अशोक कुमार ने बताया कि रात करीब 3 बजे विवेक शुक्ला को आस-पास में सांप होने का एहसास हुआ। वह उठा तो अमित और विवेक उसे बैठे हुए दिखाई दिए। जो थोड़ी देर में बेचैन होने लगे, तो दोनों के परिजनों को फोन से सूचना देकर अवगत कराया। इस पर अमित के पिता दीपाराम मौके पर पहुंचे और अपने लड़के को अस्पताल लेकर गए। विवेक को मंगल पांडे और प्रांजल बाइक से उसके घर ले गए। जिसके बाद घर वाले विवेक को लेकर अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों के मृत घोषित कर दिया।

**पास में बिल में बैठा मिला सांप**

सब इंस्पेक्टर अशोक कुमार ने बताया कि जिस जगह पर ये लोग सोए थे। उसी बरामदे में एक बिल के अंदर सांप बैठा हुआ था। पुलिस ने वन विभाग की टीम को मौके पर बुलाया। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सांप को बिल से बाहर निकाला। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## घरों में इलेक्ट्रॉनिक मीटर बदलने का सरकार ने लिया निर्णय

### भरतपुर सांसद जिला अध्यक्ष सहित कार्यकर्ताओं ने किया विरोध

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** घरों में बिजली के लगे हुए इलेक्ट्रॉनिक मीटरों को उखाड़ कर राजस्थान सरकार द्वारा लगाये जा रहे स्मार्ट मीटरों में किये जा रहे बड़े घोटाले का जिला कांग्रेस कमेटी भरतपुर के अध्यक्ष दिनेश सूपा एवं सांसद श्रीमती संजना जाटव सहित वरिष्ठ पदाधिकारीयों ने राजस्थान सरकार के इस फैसले का कडा विरोध किया है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिनेश सूपा एवं सांसद संजना जाटव ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि घरों में पहले से ही सही कार्य कर रहे इलेक्ट्रॉनिक मीटरों की जगह नए स्मार्ट मीटरों को खरीदने में सरकार ने 10000 करोड रुपए का टेंडर किया है, जबकि सही मीटरों को बदलकर दूसरा लगाना गैर कानूनी है तथा न्यायोचित भी नहीं है। इससे उपभोक्ताओं की जेब पर अतिरिक्त भार पड़ेगा तथा विभाग को कोई अतिरिक्त लाभ इस मीटर के लगाने से नहीं होगा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष सूपा ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार ऐसा हो रहा है जब घर का इलेक्ट्रॉनिक मीटर सही काम कर रहा है कोई खराबी भी नहीं है, फिर भी सरकार उस मीटर को बदलने के लिए प्राइवेट कंपनियों की टीम घरों पर भेज रही है और ऐसा स्मार्ट मीटर लगा रहे हैं, जिससे हर आदमी का पर्सनल डाटा चिप के जरिए सरकार के पास चला जाएगा। सरकार के इस अनुचित निर्णय का जिले भर के कांग्रेसियों ने विरोध जताया है। विरोध करने वालों में मुख्य रूप से साहब सिंह एडवोकेट, चुन्नी कसान, जगदीश बंजी, दयाचंद पचौरी,योगेश सिंघल, रामेश्वर सैनी, बबीता शर्मा,मनोज शर्मा, रेनू गौरावर, चंद्रकेश राजावत, हरिसिंह नागर, अशोक तांबी, सुरेश पदयात्री, प्रेम प्रजापत,रमेश पाठक, सौरभ सोलंकी,हरस्वरूप सरपंच, निरंजन जघीना, रमेश धावई, बृजभूषण जाटव,मुकेश जाटव, सुगड खैरा, रविन्द्र प्रधान,दीपेंद्र वुरावई, विनीतपाल सिंह, दिगम्बर खटाना, शहीद खान, गजराज सिंह, ओमप्रकाश प्रजापति,किशन जायसवाल, सहित काफी कार्यकर्ता शामिल थे।

## बच्चों के विवाद ने लिया हिंसक रूप: बाजार से लौट रहे युवक पर लाठी-सरियों से हमला, दो महिलाएं भी घायल

बढ़ता राजस्थान

5बाड़ी (धौलपुर) सदर थाना क्षेत्र के बरौली का पुरा गांव में बच्चों के आपसी विवाद ने शनिवार को हिंसक रूप ले लिया। विवाद के बाद एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के युवक पर लाठी-सरियों से हमला कर दिया। युवक को बचाने आईं परिवार की दो महिलाएं भी मारपीट में घायल हो गईं। घटना के बाद घायल युवक को परिजन तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका इलाज जारी है। परिजनों ने सदर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। अस्पताल में भर्ती पीड़ित राजन जाटव (30) ने बताया कि वह बाजार से लौट रहा था, तभी पड़ोसियों ने रास्ता रोककर उस पर हमला कर दिया। राजन ने बताया कि आरोपियों से पहले भी झगड़ा हो चुका है और तब पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई थी। इसी रंजिश के चलते उनके घर पर हमला किया गया। हमले के दौरान राजन को बचाने आईं शिवदेई और गौरा नामक महिलाएं भी हमलावरों की मारपीट का शिकार हो गईं। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सदर थाने के हेड कॉन्स्टेबल हल्केराम ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की तलाश जारी है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।



## कंचनपुर में आकाशीय बिजली गिरी: पशुपालक के 12 पशुओं की मौत, हल्का पटवारी ने किया निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** बाड़ी उपखंड के कंचनपुर थाना क्षेत्र के पूरा उलावटी गांव में बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से हादसा हो गया। क्षेत्र के मुकेश जाटव के आंगन में खड़ी 12 बकरियों की मौत हो गई।हल्का पटवारी दयाराम गुर्जर ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने पाया कि मृत बकरियों में 8 बड़ी और 4 छोटी बकरियां शामिल थीं। परिवार के अनुसार, बारिश के दौरान बिजली की तेज गरज और चमक से यह हादसा हुआ। हालांकि बकरियों की मौत का सटीक कारण पशु चिकित्सक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्पष्ट होगा। ग्रामीणों की मौजूदगी में तैयार किए गए मौका पर्चे के अनुसार, 8 बड़ी बकरियों की कीमत 96 हजार रुपये और 4 छोटी बकरियों की कीमत 40 हजार रुपये आंकी गई है। कुल मिलाकर किसान को 1.36 लाख रुपये का नुकसान हुआ है।मौका पर्चा बनाते समय राहुल सिंह, प्रकाश, मुकेश, सुनहरी, रमेश और जनप्रतिनिधि राजेंद्र गुर्जर जरदान सहित पीड़ित परिवार के सदस्य मौजूद थे।



## एनीकट में डूबने से दो सगे भाई बहिन की मौत फैली सनसनी

बढ़ता राजस्थान

**राजसमन्द (सुरेश बागोरा)।** जिले के केलवाड़ा थानां के पोखरना की भागल जड़फा एनीकट में आज सगे दो भाई बहिन की एनीकट में डूबने मौत हो गई,दोनो भाई बहिन भेस चराने जंगल मे गए थे, तालाब के पास एनीक्ट मे दोनो की डूबने से मौत हो गई, सूचना पर गांव में सनसनी फैल गई घटना को लेकर परिवारजनों द्वारा सूचना पर केलवाड़ा थाना अधिकारी विशाल गवारिया, एएसआई रोशन लाल रेगर, हेड कांस्टेबल अजय सिंह आदि मौके पर पहुंचे जहां ग्रामीणों की मदद से एनीकट में डूबे भावना 18 वर्ष पुत्री किशन सिंह परमार व उनके छोटे भाई रमेश उम्र12 पुत्र किशन सिंह के शव निकलवा कर पास ही समीचा अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है, पुलिस ने बताया कि दोनों की एनीकट में डूबने से मौत हुई है, और ये दोनों सगे भाई बहन है जो सवेरे अपनी भेसे चराने गए जहा वे एनीकट में नहाते समय गहरे पानी में डूबने से मृत्यु हो गई, घटना को लेकर मौके पर कई लोगों की भीड़ लग गई पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी। बताया कि पिता के दोनो संतान थी जिसकी मौत हो गई ऐसे में उनके चिराग बुझ गए है वही मौके पर ग्रामीणों ने परिवारजनों को ढांढस भी बंधाया जा रहा है।



## बघेल समाज व जेके कॉलेज का प्रतिभावान सम्मान समारोह हुआ आयोजित

### डॉ. गर्ग ने प्रतिभावान सम्मान समारोह में की शिरकत, लक्ष्य निर्धारित कर सकारात्मक सोच के साथ बढे आगे-डॉ. गर्ग

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** भरतपुर में बघेल समाज एवं जेके कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी की ओर से अलग-अलग स्थानों पर प्रतिभावान छात्र-छात्रा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिनमें वर्तमान विधायक व राष्ट्रीय लोकदल के महासचिव डॉ. सुभाष गर्ग ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित कर लक्ष्य निर्धारित कर योग्य बनने का आव्हान किया।

डॉ. गर्ग ने बघेल समाज की ओर आयोजित हुये बघेल छात्रावास में होलकर फांउडेशन संस्था द्वारा देवी अहिल्याबाई होलकर की जन्म जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में चतुर्थ जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का देवी अहिल्याबाई होलकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने समाज की प्रतिभाशाली प्रतिभाओं के अलावा उच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों एवं



खिलाडियों को पुरूस्कृत किया। समारोह को सम्बोधित करते हुये डॉ. गर्ग ने देवी अहिल्याबाई होलकर के आदर्शों को आत्मसात करने का आव्हान करते हुये विद्यार्थियों से अपील की कि वह लक्ष्य निर्धारित कर सकारात्मक सोच के साथ आगे बढे और पढ लिखकर योग्य बनकर देश के विकास में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि समाज द्वारा इस तरह के आयोजन किये जाने से बच्चों को प्रेरणा मिलती है और उनका आत्मविश्वास सुदृढ होता है। उन्होंने समाज द्वारा किये जा रहे सामाजिक कार्यों की सरहाना की। इस मौके पर बघेल समाज के अध्यक्ष राधेश्याम नौगाया, निवर्तमान पार्षद राकेश होलकर, डॉ. गजेन्द्र सिंह, डॉ. सुरेश पाल, डॉ. मेघश्याम बघेल, भगवान सिंह, हरविलास बघेल, प्रताप सिंह, रामबाबू बघेल, घनश्याम होलकर, नारायण सिंह, प्रतापसिंह, चन्द्रभान सहनावली, बलराम, राजवीर, योगेश, विष्णु बृजवासी, कन्हैया पहलवान, हरभान सिंह नौगाया, बंटी झीलरा आदि उपस्थित रहे।

इसी प्रकार गिरिश रिसोर्ट में जेके कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी की ओर से भी आयोजित हुये प्रतिभावान छात्र-छात्रा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर डॉ. गर्ग ने कहा कि मेहनत और लगन से किये गये कार्य से सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने सम्मानित हुये विद्यार्थियों को शुभकामनायें देते हुये कहा कि उनका सपना है कि भरतपुर एज्यूकेंशन हब के रूप में विकसित हो और वे जब भी मौका मिलता है प्रदेश के मुख्यमंत्री अथवा केन्द्रीय मंत्रियों से मुलाकात के दौरान भरतपुर में शिक्षा के क्षेत्र को विकसित करने का आग्रह करते हैं। इस मौके पर अग्रवाल समाज के जिलाध्यक्ष सीए अतुल मित्तल, सेवानिवृत जिला शिक्षा अधिकारी सतीश गुप्ता, विष्णु गर्ग, शिवानी खण्डेलवाल, निखिल खण्डेलवाल, मनीष अग्रवाल उपस्थित रहे। कॉलेज संचालक अरूण गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत कर महाविद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

## सुर लहरी फ्रेंड्स क्लब और रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 75 यूनिट रक्त अर्पण

### 51 व्यक्तियों ने भविष्य में जरूरत पड़ने पर लिया संकल्प, युवाओं को मिला प्रेरणा का संदेश, जन्मदिन बना रक्तदान दिवस, दूर-दराज से पहुंचे मित्र



बढ़ता राजस्थान

**राजसमन्द (सुरेश बागोरा)।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा राजसमंद की प्रेरणा से सुर लहरी फ्रेंड्स क्लब और भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी शाखा के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को प्रसिद्ध भजन गायक सुरलहरी लेहरुदास वैष्णव (तासोल) के 40वें जन्मदिवस पर विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मानद सचिव बृजलाल कुमावत ने बताया कि जिला मुख्यालय पर कांकरोली के कुमावत समाज भवन चौकी संस्थान रावली पटिया परिसर में आयोजित शविर में 75 व्यक्तियों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। इसके साथ ही 51 व्यक्तियों ने भविष्य में जरूरत पड़ने पर रक्तदान करने का संकल्प भी लिया। लेहरु दास वैष्णव के 40वें जन्मदिवस को एक नई सामाजिक प्रेरणा और रक्तदान के प्रति युवाओं में जागृति बढ़ाने के उद्देश्य से रक्तदान दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर राजसमंद, उदयपुर, जयपुर, चित्तौडगढ़, भीलवाड़ा, जोधपुर, पाली और सिरोही सहित गुजरात, महाराष्ट्र के विभिन्न स्थानों से उनके मित्र रक्तदान करने पहुंचे। सभी मित्रों ने लेहरुदास वैष्णव को अपने जन्मदिन पर की गई इस अनूठी पहल की सराहना की।

**गणमान्य व्यक्तियों ने किया अवलोकन**

शिविर का अवलोकन करने के लिए नगर परिषद सभापति अशोक टांक, पार्षद हेमंत रजक, समाजसेवी चंचल नंदवाना, कुमावत समाज अध्यक्ष सुंदरलाल कुमावत, मंत्री सुंदरलाल सिंगलवाल, सुरेश वैष्णव, हरीश चौधरी, जयसिंह जोधपुर, ओम प्रकाश वैष्णव धोइंदा, कुलदीपसिंह मावली, दिनेश बड़ाला, एसआई जसवंतसिंह कानावत, लक्ष्मणसिंह राव, लहरूलाल अहीर और किशन गाडरी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। संचालन डालचंद कुमावत ओर मुकेश पालीवाल ने किया। इस सफल आयोजन ने समाज में रक्तदान के महत्व और सामुदायिक सहयोग की भावना को मजबूती प्रदान की।

**शिविर में महत्वपूर्ण सहयोग और सेवाएं**

शिविर में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। मानद सचिव बृजलाल कुमावत, वाइस चेयरमैन प्रकाश कोठारी, प्रवक्ता सुरेश भाट, शब्बीर हुसैन बोहरा, संयुक्त सचिव दीपचंद गाडरी, गोपाललाल सरगरा और सुरेंद्र सिंह रांकावत ने शिविर के सफल आयोजन में अपनी भूमिका निभाई। वहीं रक्त संग्रहण का कार्य गीतांजलि मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल की टीम द्वारा किया गया जिसमें डॉ अजय कुमार, टेक्नीशियन सुरेंद्रसिंह, सतीश चंद्र, तेजपाल सिंह, मोतीसिंह, पूजा तंवर और गजेंद्र प्रजापत ने अपनी उत्कृष्ट सेवाएं दीं।

## रामेंद्र मीणा बाड़ी ब्लॉक एवं पुष्पेंद्र कुशवाहा सैंपऊ ब्लॉक के अध्यक्ष नियुक्त

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार बाड़ी विधानसभा क्षेत्र में रामेंद्र मीणा को बाड़ी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष ,पुष्पेंद्र कुशवाहा को सैंपऊ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष एवं सैफ सैय्यद खान को बाड़ी नगर अध्यक्ष नियुक्त किया है रामेंद्र मीणा , पुष्पेंद्र कुशवाहा एवं नगर अध्यक्ष सैफ सैय्यद खान ने नियुक्त करने पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ,सांसद भजनलाल जाटव, विधायक रोहित वोहरा,जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पंडित साकेत बिहारी शर्मा, विधानसभा प्रभारी सद्दाम हुसैन, पूर्व विधायक दलजीत सिंह,विधायक शोभा रानी



कुशवाहा, विधायक संजय जाटव, बाड़ी विधानसभा प्रत्याशी प्रशांत परमार सहित वरिष्ठ कांग्रेस जनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमें जो जिम्मेदारी मिली है हम सबको साथ लेकर ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे और बाड़ी विधानसभा क्षेत्र सहित जिले में कांग्रेस ओर पार्टी संगठन को मजबूत कर पार्टी की रीति नीति को आम जनता तक पहुंचाएंगे जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पंडित साकेत बिहारी शर्मा ने कहा कि कांग्रेस संगठन बूथ से लेकर प्रदेश स्तर तक नई राजनीतिक सोच के साथ आगे बढ़ने की योजना पर काम कर रहा है उन्होंने कहा कि ब्लॉक और मंडल स्तर पर सक्रिय कांग्रेस जनों को एवं ऊर्जावान चेहरों को जिम्मेदारी शीर्ष नेतृत्व दे रहा है उन्होंने कहा कि जिले में कांग्रेस संगठन मजबूत है और हम आने वाले पंचायत एवं स्थानीय निकाय के चुनावों में सफलता हासिल करेंगे ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करने वालों में वरिष्ठ कांग्रेस नेता पार्षद राजकुमार भारद्वाज, रामसेवक अजर राम अवतार शर्मा राजेश प्रजापति, सेवादल जिला प्रभारी रोशनी शिवहरे महिला अध्यक्ष शबनम खान, संगठन महासचिव अनिल अरेला , पंचायत समिति सदस्य केशव चंद्र मीणा लज्जाराम कोली अंसार खान मंडल अध्यक्ष राजेश कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष हरिशंकर गोयल ,योगेश अग्रवाल, मनीष मंगल, हरि पहाड़िया , नईम खान मंगल सिंह कुशवाह महेंद्र परमार छोटन रिजवी महादेव मीना शिवकेश मीणा पप्पू सोलंकी ऋषि पाल गुर्जर वैजयंती जाटव सहित कांग्रेस जनों ने नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त किया है।

# साधु संतों के सानिध्य में धेनुगोपाल गौशाला सियाणा में राजस्थान गौसेवा समिति जयपुर जिला शाखा राजसमन्द की वार्षिक बैठक आयोजित

## सालाना प्रतिवेदन पेश,गौमाताओ को राष्ट्र माता का दर्जा देने का संकल्प लिया

बढ़ता राजस्थान

**राजसमन्द (सुरेश बागोरा)।** राजस्थान गौसेवा समिति जयपुर जिला शाखा राजसमन्द की वार्षिक बैठक धेनु गोपाल गौशाला सियाणा में महामंडलेश्वर संत श्री सीताराम दास झडोल, महंत हरिदास आड़ावाड़ा आश्रम, संत डॉ बलराम दास छापर बाला हनुमान आश्रम कुंवारिया के सानिध्य कार्यक्रम की शुरूवात आचार्य पुष्कर पारीक ने वैदिक मंत्रोच्चार से गौमाता की पूजा अर्चना करवाई ।वही सन्तो ने आर्शीवचन दिया ।जिला गौ मीडिया प्रभारी माधव सिह पँवार ने बताया की राजस्थान गौसेवा समिति जयपुर जिला शाखा राजसमन्द की वार्षिक बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जेठु सिह राजपुरोहित ने की,मुक्य अतिथि रामसहाय विजयवर्गीय सरंक्षक ,विशिष्ट अतिथि हतिभगवांन बर्ग उपस्थित थे ।स्वागत उध्बोधन जितेंद्र लड्ढा ,गोविंद कासट पूर्व जिला महामंत्री ने दिया। इस अवसर पर जिला समिति के महामंत्री सुशील बडाला के द्वारा राजस्थान गौसेवा समिति जयपुर जिला शाखा राजसमन्द का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया ।ततपश्चात कार्यक्रम में सरंक्षक उध्बोधन रामसहाय विजयवर्गीय ने दिया ।हरिभगवांन बर्ग,जितेन्द्र लड्ढा ने गौमाताओ के सरक्षक व गौशाला विकास पर विस्तृत चर्चा करते हुए गौशाला की आर्थिक स्थिति को सुद्रढ़ करने के लिए संचालको को उपाय बताए एवं राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में



बताया ।कोषाध्यक्ष पुरषोत्तम आमेटा ने खर्चो का लेखाजोखा प्रस्तुत किया ।अंत मे

अध्यक्षीय उद्धबोधन में अध्यक्ष जेठु सिह राजपुरोहित ने कहा की गौमाताओ की सेवा में अगर जीवन भी खत्म हो जाये तो कोई बात नही ।गौमाताओ में 33 करोड़ देवी देवताओ का वास है ।अगर गौमाताओ की सेवा अगर हम तन मन धन से करते है तो भगवान को खुसी होंगी ।भगवान आप सभी संचालको पर अपना आशीर्वाद मिलता रहेगा ।जिला कार्यकारिणी सदा आपके कार्यो के लिए हमेशा खड़ी रहेगी ।अनुदान पर सरकार से वार्ता व बजट की बात आखिरी दौर में है ।जल्दी बजट गौशालाओ को मिल जाएगा ।इस अवसर पर जिले क आमेट,भीम,देवगढ़,कांकरोली,कुंवारिया, नाथद्वारा, राजसमन्द, रेलमगरा तहसील क्षेत्र के समस्त गौशालाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सन्तो ने समस्त गौ शाला संचालको को गौमाताओ को राष्ट्र माता का दर्जा मिले इसके लिए संकल्प दिलाया गया। और कहा की जबतक केंद्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा हमारी मांग को नही मानते तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा। वार्षिक बैठक में लक्ष्मीलाल ईनाणी जिला उपाध्यक्ष, कैलाश सिंह चौहान भीम,सुनील रावल मियाला,भग्गू भट्ट ठीककरवास,भभूत सिंह अरनिया,रामचंद्र पुजारी,सुरेश गुर्जर चारभुजा,लक्ष्मीलाल कुँआथल,तेजराम कुमावत,,रतनलाल कुमावत ,शंभूलाल सनवाड़,बी एल अजमेरा कांकरोली,प्रहलाद सिंह चुंडावत बलों का खेड़ा, नंदकिशोर शर्मा सियाणा सहित बड़ी संख्या में गोपालक व संचालक उपस्थित रहे।।

# राष्ट्र व्यापी आह्वान पर एक भारत-श्रेष्ठ भारत अभियान के जिले में संचालन के लिए जिला स्तरीय टीम का किया गठन

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्र व्यापी आह्वान के तहत एक भारत-श्रेष्ठ भारत अभियान के जिले में संचालन लिए जिला स्तरीय टीम का गठन किया हैं। भाजपा नेता संजय लाठी ने बताया कि जिले में एक भारत-श्रेष्ठ भारत के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष रामेश्वर मीणा ने प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार व सहमति से पूर्व पालिकाध्यक्ष भगवान लाड़ला को जिला संयोजक व पूर्व जिला महामंत्री अरविन्द गर्ग व डॉ. मनीष मीणा को जिला सह संयोजक नियुक्त किया हैं। जबकि पटेल दुर्गा शंकर चौधरी को बूंदी विधानसभा प्रभारी, लोकेश बागड़ा को केशवराय पाटन विधानसभा प्रभारी व सुरेन्द्र गोयल को हिण्डोली-नैनवां विधानसभा का प्रभारी मनोनीत किया हैं। इसी प्रकार जिलाध्यक्ष मीणा ने वन एवं पर्यावरण अभियान के संचालन के लिए पूर्व जिलाध्यक्ष कालू लाल जांगिड़ को जिला संयोजक नियुक्त किया हैं। उन्होंने बताया कि पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन बनाने के लिए इस अभियान को व्यापक स्तर पर चलाया जाएगा। यह अभियान आमजन को प्रकृति से जोडने का अवसर प्रदान करेगा।

# सावा गौशाला आश्रम पर द्वादश बारह ज्योतिर्लिंग मन्दिर का किया भूमि पूजन

बढ़ता राजस्थान



**निम्बाहेड़ा( प्रकाश खत्री )।** सावा गाँव मे राघव गोविन्द गौशाला आश्रम पर महाराजजी राघवनाथजी सरकार के सानिध्य मे गौशाला मे ग्यारह फ़ीट अखंड धुना के पास द्वादश बारह ज्योतिर्लिंग मन्दिर के भूमि पूजन और सवा किलो की चांदी की ईंट का पूजन किया गया,जिसमे समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे और पंडित ओमप्रकाश ने बताया की राघवनाथजी सरकार के सानिध्य मे 17,07,2025 गुरुवार को पंच शिला औरचांदी की ईंट मन्दिर के शिलान्यास कार्यक्रम सावा बस स्टैंड हनुमान मन्दिर से जुलुस सुबह सात बजे से आरम्भ होकर पुरे गाँव मे घूमते हुए गौशाला आश्रम पर पहुंचेंगे और मन्दिर की शिलान्यास चांदी की ईंट से करने के बाद मन्दिर निर्माण का कार्य शुरू किया जायेगा ।

# श्री गोपाल द्वारा मंदिर मे चातुर्मास के तहत श्री शिव महापुराण कथा का शुभारम्भ

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** श्री गोपाल द्वारा मंदिर एवं सम्पति ट्रस्ट भीलवाड़ा की ओर से चातुर्मास कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिसमे स्वामी कार्ष्णी ऋषिचेतन शास्त्री (रमण रेती वाले) के मुखाविंद से श्री शिव महापुराण, श्रीमद् भागवत कथा एवं श्री रामकथा से की जायेगी। इसी के तहत श्रावण बुदी तीज, रविवार दि. 13 जुलाई से श्री शिव महापुराण कथा का आरम्भ किया गया जिसका विश्राम श्रावण सुदी पूर्णिमा, शनिवार दि.09 अगस्त को होगा। ट्रस्ट के केदार जागेटिया ने बताया की श्री गोपाल द्वारा मंदिर के पुजारी उदय लाल व्यास सिर पर श्री शिव महापुराण कथा की पोथी रखकर आए। व्यास पीठ पूजा-अर्चना अशोक काबरा, गोपाल जागेटिया रामनारायण बाहेती, कैलाश बाहेती, कैलाश भदादा, सत्यनारायण तोतला, जगदीश लाहोटी ने की। उसके पश्चात कथा का शुभारम्भ किया गया। स्वामी कार्ष्णी ऋषिचेतन शास्त्री ने प्रथम दिन शिव पुराण पर प्रवचन दिया। उन्होने कहा की प्रभु भक्ति ही मोक्ष प्राप्ति का रास्ता है एवं सबसे सरल एवं उत्तम भक्ति प्रभु नाम सिमरन से होती है। अंत में गोपाल द्वारा मंदिर के पुजारी ने आरती की। उसके बाद प्रसाद वितरित किया गया। ट्रस्ट द्वारा सभी धर्म प्रेमी माताओं-बहनों व भाईयों से निवेदन किया की कथा श्रवण कर तन, मन, धन से सहयोग कर धर्म लाभ प्राप्त करें तथा अपने जीवन को सफल बनावें।

# युवक के अपहरण के छः आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, 8 लाख की मांगी थी फिरौती

बढ़ता राजस्थान




**लाखेरी( विश्वनाथ शर्मा )।** स्थानीय थाना पुलिस ने शहर के गणेशपुरा इलाके में 25 जून को युवक का अपहरण कर आठ लाख फिरौती मांगने वाले दस आरोपियों में से छः आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। थानाधिकारी सुभाष चंद शर्मा ने बताया कि सुभाष नगर निवासी अपहृत युवक की मां ने 26 जून को थाने में आकर उसके पुत्र दीपक सैनी के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई। फरियादियां ने रिपोर्ट में बताया कि उनका पुत्र दीपक सैनी 25 जून शाम को सात बजे मोटरसाइकिल लेकर बाजार गया था। इस दौरान उसके दोस्त वैभव तिवारी गांधीपुरा निवासी को अनजान नंबर से फोन आया कि में साइबर पुलिस से बोल रहा हूं हमने दीपक सैनी को उठा लिया है। इस पर वैभव तिवारी ने मेरे घर पर आकर दीपक के अपहरण की सूचना दी। थाना अधिकारी सुभाषचंद्र शर्मा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए युवक की तलाश हेतु विशेष टीम का गठन किया। टीम ने युवक की तलाश हेतु शहर के आम रास्तों पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले तथा आरोपियों की धरपकड़ करने हेतु जगह जगह तलाश शुरू की। गहन छानबीन तथा अनुसंधान के बाद पुलिस ने दस आरोपियों को डिटेन कर दस में से छ आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त कार और मोटरसाइकिल को भी जप्त किया। पुलिस द्वारा मोहम्मद अरशद (बंटी) पुत्र अब्दुल हकीम निवासी गांधीपुरा, रेहान पठान पुत्र आबिद पठान निवासी खातोली, थाना खतौली हाल निवास गांधीपुरा लाखेरी, भुवनेश (भुनेश्वर) पुत्र हरिशंकर गुर्जर निवासी चमावली, रोहित गोचर पुत्र राजेंद्र कुमार निवासी नयापुरा लाखेरी, आशिफ मोहम्मद पुत्र हारीफ मोहम्मद निवासी खाई पाडा राजपुरा थाना बारां हाल निवास गरमपुरा लाखेरी, अशोक कुमार मीणा पुत्र हंसराज मीणा बेलनगंज थाना इंद्रगढ़ को गिरफ्तार किया। आरोपी मोहमद अशरफ के खिलाफ लाखेरी थाने में अन्य कई मामले विचाराधीन चल रहे है।

# भारत विकास परिषद् राजस्थान (मध्य) प्रान्त की द्वितीय प्रान्तीय कार्यकारिणी बैठक पुष्कर में हुई संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )** सामाजिक एवं जनकल्याणकारी सेवा कार्यों में अग्रणी सामाजिक संगठन भारत विकास परिषद् राजस्थान (मध्य) प्रान्त की सत्र 2025-26 की द्वितीय प्रान्तीय कार्यकारिणी बैठक माहेश्वरी सेवा सदन, पुष्कर में रविवार को विधिवत रूप से संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रान्तीय अध्यक्ष राधेश्याम सोमानी ने की, केन्द्रीय पर्यवेक्षक के रुप में राष्ट्रीय सह-संयोजक (पर्यावरण) मुकन सिंह राठौड़ उपस्थित रहे। अतिथियों में प्रान्तीय वित्त सचिव अमित सोनी, तथा पर्यावरण संयोजक (रीजन) दिलीप पारीक प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बैठक का शुभारंभ मां भारती एवं युग पुरुष स्वामी विवेकानंद के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन और वंदे मातरम् गायन के साथ हुआ। तत्पश्चात् बैठक में मुख्य बिंदुओं पर विस्तृत




विचार-विमर्श एवं निर्णय लिए गए प्रथम प्रान्तीय कार्यकारिणी बैठक की कार्यवाही का अनुमोदन किया गया। बैठक में प्रान्तीय अध्यक्ष राधेश्याम सोमानी ने कहा की भारत विकास परिषद की प्रत्येक शाखा को 10 जरूरतमंद परिवार गोद लेने चाहिए और उनको स्वावलंबी बनाने का प्रयास करना चाहिए ताकि वह आत्मनिर्भर बन सके। भाविप की प्रत्येक शाखा को संस्कार केंद्र खोलने चाहिए संस्कार केन्द्रो के माध्यम से सेवा बस्ती वह अन्य बच्चों को संस्कारित करना चाहिए ताकि भारत की युवा पीढ़ी संस्कारी होकर राष्ट्र सेवा में अपना योगदान दे सके। बैठक में राष्ट्रीय सह-संयोजक मुकन सिंह राठौड़ ने पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता और राष्ट्र सेवा जैसे विषयों पर मार्गदर्शन देते हुए परिषद की गतिविधियों को जनभागीदारी एवं नवाचार से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रान्तीय वित्त सचिव अमित सोनी ने वित्तीय स्थिति का त्रैमासिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। प्रत्येक शाखा प्रभारी ने अपनी शाखा की गतिविधियों का त्रैमासिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। वर्ष 2025-26 हेतु प्रस्तावित कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा कर रणनीति तय की गई। गतिविधि संयोजकों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों की उपलब्धियों व आगामी योजनाओं पर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। प्रान्तीय संगठन सचिव ने शाखाओं की वर्तमान स्थिति का विश्लेषण कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। प्रान्तीय महासचिव ने समग्र त्रैमासिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए संगठन की प्रगति पर प्रकाश डाला। अन्य विविध विषयों पर प्रान्तीय अध्यक्ष की अनुमति से विचार-विमर्श हुआ। बैठक में राजस्थान (मध्य) प्रान्त की विभिन्न शाखाओं भीलवाड़ा, अजमेर, राजसमंद, ब्यावर, पुष्कर, नसीराबाद, केकड़ी, एवं किशनगढ़ से प्रान्तीय कार्यकारिणी सदस्यों ने भाग लिया और संगठन की मजबूती हेतु समर्पित भाव से संवाद किया। बैठक का समापन राष्ट्रगान एवं भारत माता की जय के गगनभेदी नारों के साथ हुआ। सभी उपस्थितजनों ने परिषद के उद्देश्यों को साकार करने हेतु संकल्प लिया। इस अवसर पर पुष्कर शाखा कार्यकारिणी को प्रान्तीय अध्यक्ष राधेश्याम सोमानी द्वारा शपथ दिलाई गई। बैठक में स्वास्थ्य पहल कार्यक्रम के अन्तर्गत 5 अगस्त 2025 को एनीमिया मुक्त राजस्थान कार्यक्रम के तहत एक ही दिन मैं एक लाख बालिकाओं के स्वास्थ्य जांच हेतु प्रभारियों को दायित्व दिया गया।

# मिट्टी के तवे पर उकेरी कलाकृति, रंग मल्हार में देश-विदेश के कलाकारों ने निभाई भागेदारी

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** दीपिका आर्ट अकादमी में 13 जुलाई रविवार को आयोजित रंग मल्हार कार्यक्रम में बच्चों और युवा चित्रकारों ने मिट्टी के तवे को अपनी कला का माध्यम बनाकर अनूठा प्रदर्शन किया। दीपिका आर्ट अकादमी और नवदीप क्राफ्ट एक्सपो प्राइवेट लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस 16वें रंग मल्हार कार्यक्रम में वर्षा की कामना और धरती मां के प्रति सम्मान का संदेश रचनात्मक ढंग से दिया गया। दीपिका पराशर ने बताया कि पूर्व वर्षों में कलाकार छाता, पेपर बैग, साइकिल, लालटेन, हाथ का पंखा, टी-शर्ट, झंडा और एप्रन पर चित्रकारी कर चुके हैं, जबकि इस वर्ष मिट्टी के तवे पर रंगों के माध्यम से भावनाओं को अभिव्यक्त किया गया। कार्यक्रम का आयोजन डॉक्टर विद्यासागर उपाध्याय की परिकल्पना पर



आधारित है, जिसमें प्रदेश के विभिन्न छोटे-बड़े शहरों से समकालीन और बाल कलाकारों की सक्रिय भागीदारी रही। यह आयोजन ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीकों से संपन्न हुआ, जिसमें कोरिया, हंगरी, जर्मनी, सिंगापुर, मलेशिया, श्रीलंका, बांग्लादेश और इंग्लैंड सहित कई देशों के कलाकारों ने भाग लिया। कलाकारों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों की प्रदर्शनी 20 जुलाई रविवार को दीपिका आर्ट अकादमी में शहरवासियों के लिए लगाई जाएगी। दीपिका पराशर ने कहा कि यह आयोजन केवल रंगों और चित्रों का उत्सव नहीं बल्कि हमारी धरती मां के प्रति प्रेम, समर्पण और संरक्षण का रचनात्मक प्रयास है। इस अवसर पर वरिष्ठ रंगकर्मी गोपाल आचार्य, पूर्व न्यास अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण, संगीत कला केंद्र के महेश जोशी, समाजसेवी दिव्या बांगड़, सीमा सांखला, महिमा राठौर, दीपिका पंवार और शैलेन्द्र पंवार अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। रंग मल्हार में आरोही, आवृत्ति जैन, ख्याति जैन, गुंजन, तान्या सिंह, सोना कोठारी, सुहानी बोहरा, शिल्पा चौधरी, अहाना पोरवाल, आर्ची जैन, ईसी ईरानी, झील चोरडिया, पार्थ चोरडिया, यशस्वी बाहेती, सोनू पारीक, तरुणा घीया, वर्णिका बंसल सहित अन्य बच्चों और युवा कलाकारों ने भाग लेकर मिट्टी के तवे पर अपनी कला का बेहतरीन प्रदर्शन किया।

# कांवड़ यात्रा के आयोजन से शहर का वातावरण हुआ भक्तिमय - अक्षय त्रिपाठी

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** कांवड़ यात्राओं के आयोजन से भीलवाड़ा शहर का वातावरण भक्तिमय हो रहा है। यह विचार जिला




कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने आज जुझारू कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पूर्वांचल समिति अध्यक्ष अर्चना दुबे के नेतृत्व में आयोजित कांवड़ यात्रा को रेलवे स्टेशन चौराहे पर गजाधर मानसिंहका धर्मशाला के सामने हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ करते हुऐ कहे । चन्द्र प्रकाश अमरवाल ने बताया कि कांवड़ यात्रा में भारी तादाद में पुरुष एवं महिलाएं दो -दो की पंक्तियों में अपने कन्धों पर गंगाजल भरी कांवड़े लिये चल रहे थे। त्रिपाठी सहित सभी कांग्रेसजनों ने स्टेशन चौराहे से सूचना केन्द्र तक कांवड़ यात्रा के साथ चलकर कांवड़ियों का उत्साह वर्धन किया ।कांवड़ यात्रा से पूर्व पूर्वांचल समिति की ओर से अर्चना दुबे ने जिलाध्यक्ष त्रिपाठी सहित सभी का दुपट्टा पहनाकर एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया ।इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी जगदीश मानसिंहका, महेश सोनी, एडवोकेट रामेश्वर जाट, मनोज पालीवाल, आशीष राजस्थला एवं शेलेन्द्र चौधरी सहित कई कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# गलवा बांध के भराव क्षेत्र में 36 घंटे के बाद मिला शव

## शुक्रवार को गलवा नदी का रपटा पार करते हुए बह गया था युवक

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( ( टी.आर सैनी )।** उपखण्ड क्षेत्र के गंभीरा निवासी टीकाराम मीणा (28) पुत्र हनुमान मीणा का शव 36 घंटे बाद रविवार सुबह गलवा बांध में मिला है। जो घटना स्थल से डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर एसडीआरएफ टीम के सर्च अभियान के तहत मिला है। टीम की सुचना पर उनियारा थाना पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उनियारा चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया गया जहां परिजनो की मौजूदगी में पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनो को सुर्पद किया गया है। गंभीरा के ग्रांमीणो ने बताया कि टीमाराम मीणा का खेत उसके गांव से दो किलोमीटर दूरी पर है। शुक्रवार को वह उसके खेत पर आया था। गांव के तीन-चार युवक भी उसके साथ थे। शुक्रवार की सांय करीब 7 बजे अपने खेत से भैसे लेकर गांव जा रहा था। रास्ते में गलवा बांध के भराव क्षेत्र में बहने वाली गलवा नदी की रपट तेज बहाव होने से उसका संतुलन बिगड़ गया। तेज बहाव के साथ वह पानी में बह गया। जबकी उसकी भैसे एंव अन्य साथी पूर्व में भी रपट को पार करके निकल चुके थे। उसके साथियो ने गांव में जाकर परिजनो को घटनाक्रम की जानकारी दी गई। इस पर शनिवार सुबह उनियारा थाना



पुलिस,एसटीआरएफ,सिविल डिंफेंस टीम एंव ग्रामीणजन मौके पर पहुॅचे। उन्होने सर्च अभियान चला कर बहे हुए युवक को तलाश किया लेकिन पूरे दिन गुजर जाने एंव सांय हो जाने के बाद भी युवक की जानकारी नहीं मिली। रविवार को प्रशासन के साथ टीम ने फिर सर्च अभियान शुरू किया। सवेरे आठ बजे करीब गलवा बांध के भराव क्षेत्र में टीकाराम का शव मिला। जैसे ही शव को लेकर टीम बांध से बाहर निकली तो परिजनो के हाल बेहाल हो गया। रो-रो कर उनका बुरा हाल हो गया। इस दौरान ग्रांमीणो की भारी भीड़ मौजूद रही।

# पाँच वर्षों से जनसेवा में समर्पित टीम भगत सिंह आर्मी, युवाओं के लिए बनी प्रेरणा

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा/फुलियाकलां, ( अमित शर्मा )।** समाज सेवा की नई परिभाषा गढ़ते हुए टीम भगत सिंह आर्मी पिछले पाँच वर्षों से लगातार सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रही है। कोरोना महामारी के कठिन समय में जब चारों ओर निराशा का माहौल था, तब भी इस टीम ने मैदान में रहकर राशन और मास्क वितरण सहित ज़रूरतमंदों तक सहायता पहुँचाकर जनसेवा की मिसाल पेश की। टीम का उद्देश्य केवल सेवा करना नहीं, बल्कि युवा चेतना का निर्माण करना भी है। गर्मियों में पशु-पक्षियों के लिए परिंडे लगाना, शहीदों की स्मृति में काव्य सम्मेलन और निबंध प्रतियोगिताएँ आयोजित करना, बच्चों में रचनात्मकता बढ़ाने के लिए विभिन्न आयोजनों का संचालन करना और रोजगार विषयक गोष्ठियाँ आयोजित करना जैसे अनेक प्रयासों के जरिए टीम ने समाज के हर वर्ग से संवाद स्थापित किया है। जय गोपाल भवन, फुलियाकलां सहित अन्य स्थानों पर किए गए कार्यों से टीम को न केवल भीलवाड़ा जिले में, बल्कि समूचे राजस्थान में पहचान मिली है। शहीद भगत सिंह के आदर्शों से प्रेरित होकर टीम सोच बदलो, समाज बदलो के मंत्र के साथ युवाओं को जोड़कर सामाजिक चेतना का विस्तार कर रही है। हाल ही में टीम के उपाध्यक्ष



हर्षित तोषनीवाल ने अंगदान का संकल्प लेकर समाज के सामने एक नई प्रेरणा प्रस्तुत की और यह संदेश दिया कि सेवा जीवन तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि मृत्यु के बाद भी किसी को जीवन देने का माध्यम बननी चाहिए। यह कदम युवाओं के लिए एक उदाहरण है कि सच्चा देशप्रेम नारों में नहीं, कर्मों में होता है। टीम भगत सिंह आर्मी अब एक संगठन नहीं, बल्कि एक आंदोलन बन चुकी है, जो सेवा, संस्कार और जागरूकता का संदेश समाज के हर कोने तक पहुँचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उपाध्यक्ष हर्षित ने बताया कि आने वाले वर्षों में टीम का उद्देश्य और अधिक क्षेत्रों में पहुँचकर युवाओं को समाज सेवा के लिए प्रेरित करना है।

# अच्छी बारिश की कामना को लेकर कपासन में दो दिवसीय खेड़ा देवत पूजन कार्य का शुभारंभ किया

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** क्षैत्र में अच्छी बारिश एवं खुशहाली की कामना को लेकर नगर कपासन में रविवार को दो दिवसीय खेड़ा देवत पूजन कार्य का शुभारंभ किया गया ।जिसमे क्षैत्र के धार्मिक स्थलों पर पूजन के साथ परंपरागत धार्मिक अनुष्ठान होगा।

उल्लेखनीय है कि नगर कपासन की वार्षिक परंपरानुसार करीब 8 किलोमीटर की परिधि में स्थित लगभग 125 धार्मिक स्थलों पर अच्छी बारिश की कामना को लेकर पूजन कार्य एवं अनुष्ठान किये जा रहे है ।इस दौरान गांव पटेल प्रतिनिधि,देवरों के भोपा, हजुरिया एवं पुजारियों के साथ उपस्थित श्रद्धालुओं द्वारा पूजन



कार्य शुरू किया गया।

यहां सभी देवरों ओर मंदिरों पर परंपरागत रूप में सिंदूर,मालीपन्ना,धूप बत्ती तथा गुड़ के चूरमे का भोग लगाया गया ।साथ ही ढोल की थाप के साथ पूजा का माहौल भक्तिमय हो गया ।प्रथम दिवस रविवार को नगर के सोमानी मोहल्ला स्थित बिल्ली देवरा भैरूजी स्थल से पूजन कार्य की शुरु किया गया ।इसके बाद तीन ढोल के साथ यात्रा आगे बढ़ी ।जो मामा भैरू, गौराजी,अटलाजी,खोड़ाजी बावजी,दलावा सती माता, शीतला माता,मसानिया भैरू जी,तेजाजी,जाखड़ माता जी,चामुंडा माताजी एवं कचहरी भैरूजी सहित अन्य स्थानों पर पूजा की गयी ।द्वितीय दिवस सावन के प्रथम सोमवार को बिल्ली देवरा से शुरू होकर लिंकन बालाजी,खाखरिया माताजी,मंगलाजी भैरू जी, लिलीरिया भैरू जी एवं श्री सोमेश्वर महादेव आदि धार्मिक स्थानों पर पूजा होगी ।कार्यक्रम का समापन सोमानी मोहल्ला स्थित बिल्ली के देवरे पर होगा ।पूजा में गांव पटेल पुत्र संपत जाट, अस्थल मंदिर के पुजारी एवं बार एसोसिएशन कपासन अध्यक्ष राधेश्याम वैष्णव,भूरालाल जाट,राजू सालवी,रमेश डानी,कालू सिंह,घनश्याम बारेगामा,देवकिशन माली,शांतिलाल माली,रामलाल,भूरालाल खंदोलिया,गणपतलाल राव,शांतिलाल माली भोपाजी,मनीष बारेगामा,नरेश प्रजापत,सुरेश,पूरण कुम्हार,घनश्याम राव,आकाश राव,धीरज बांकियादार आदि श्रद्धालु एवं पुजारी उपस्थित रहे।

इधर पूजन कार्य प्रारंभ होने के साथ ही रविवार सांयकाल दिनभर उमस के बाद सांयकाल तक काले गने बादलों ने क्षैत्र पर अपना घेराव डालना शुरू कर दिया ।जिससे हल्की रिमझिम के साथ क्षैत्र मौसम का मौसम खुशनुमा हो गया ।जिससे आमजन की अच्छी बारिश की कामना और प्रबल हो गयी है।

"इस संसार में कुछ भी स्थाई नहीं तो इस संसार की कोई वस्तु कैसे स्थाई हो सकती है।"
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# खास शख्सियतें अब राज्यसभा में, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उज्ज्वल निकम समेत चार दिग्गजों को किया नामित

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उज्ज्वल निकम (वकील), हर्षवर्धन श्रृंगला (राजनयिक), डॉ. मीनाक्षी जैन (इतिहासकार) और सी. सदानंदन मास्टर (शिक्षक/कार्यकर्ता) को राज्यसभा के लिए नामित किया है। ये नामांकन संविधान के तहत विशेष ज्ञान या अनुभव वाले व्यक्तियों को सदन में लाने के लिए किए गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने सभी को बधाई दी है।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार, 12 जुलाई, 2025 को राज्यसभा के लिए चार प्रतिष्ठित व्यक्तियों को नामित किया है। इन नामित सदस्यों में प्रख्यात वकील उज्ज्वल निकम, अनुभवी राजनयिक हर्षवर्धन श्रृंगला, जानी-मानी इतिहासकार डॉ. मीनाक्षी जैन और केरल के शिक्षक एवं सामाजिक कार्यकर्ता सी. सदानंदन मास्टर शामिल हैं।

एक आधिकारिक राजपत्र अधिसूचना के अनुसार, यह नामांकन पूर्व नामित सदस्यों के सेवानिवृत्त होने से खाली हुई सीटों को भरने के लिए किया गया है। राष्ट्रपति ने संविधान के अनुच्छेद 80(1)(ए) में मिली अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए इन नामों को मंजूरी दी है। यह अनुच्छेद राष्ट्रपति को साहित्य, विज्ञान, कला और समाज सेवा जैसे क्षेत्रों में विशेष ज्ञान या व्यावहारिक अनुभव रखने वाले व्यक्तियों को राज्यसभा में नामित करने का अधिकार देता है।

**उज्ज्वल निकम- न्याय के पक्षधर प्रसिद्ध वकील**

उज्ज्वल निकम भारत के सबसे प्रमुख लोक अभियोजकों में से एक हैं। वे 26/11 के मुंबई आतंकवादी हमलों सहित कई हाई-प्रोफाइल आपराधिक मामलों में विशेष लोक अभियोजक के रूप में अपनी भूमिका के लिए प्रसिद्ध हैं। 2024 के आम चुनावों में, भाजपा ने उन्हें मुंबई उत्तर



मध्य लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया था, हालांकि उन्हें कांग्रेस उम्मीदवार वर्षा गायकवाड़ से हार का सामना करना पड़ा था।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने निकम को बधाई देते हुए कहा, श्री उज्ज्वल निकम का कानूनी क्षेत्र और हमारे संविधान के प्रति समर्पण अनुकरणीय है। उन्होंने हमेशा संवैधानिक मूल्यों को मज़बूत करने और आम नागरिकों के साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार सुनिश्चित करने के लिए काम किया है। यह खुशी की बात है कि भारत के राष्ट्रपति ने उन्हें राज्यसभा के लिए मनोनीत किया है।

**हर्षवर्धन श्रृंगला- अनुभवी राजनयिक और रणनीतिक विचारक**

पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला ने संयुक्त राज्य अमेरिका, बांग्लादेश और थाईलैंड में राजदूत सहित कई महत्वपूर्ण राजनयिक पदों पर कार्य किया है। उन्होंने 2023 में भारत की त्र20 अध्यक्षता के लिए मुख्य समन्वयक के रूप में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

प्रधानमंत्री मोदी ने श्रृंगला को बधाई देते हुए कहा, श्री हर्षवर्धन श्रृंगला जी ने एक राजनयिक, बुद्धिजीवी और रणनीतिक विचारक के रूप में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उन्होंने भारत की विदेश नीति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। मुझे खुशी है कि उन्हें राष्ट्रपति द्वारा राज्यसभा के लिए नामित किया गया है। उनके अद्वितीय दृष्टिकोण संसदीय कार्यवाही को और समृद्ध करेंगे।

**सी. सदानंदन मास्टर- साहस और सामाजिक सेवा**

केरल के सी. सदानंदन मास्टर एक वरिष्ठ शिक्षक और सामाजिक कार्यकर्ता हैं, जिनका लंबे समय से भाजपा से जुड़ाव रहा है। उन्होंने 2021 का केरल विधानसभा चुनाव लड़ा था। वे 1994 में एक क्रूर राजनीतिक हिंसा में बच निकलने के लिए भी जाने जाते हैं, जब उन पर हमला किया गया था और उनके दोनों पैर काट दिए गए थे।

प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर सदानंदन मास्टर को बधाई दी, %श्री सी. सदानंदन मास्टर का जीवन साहस और अन्याय के आगे न झुकने की भावना का प्रतीक है। हिंसा और धमकी राष्ट्रीय विकास के प्रति उनके जज्बे को डिगा नहीं सकी। एक शिक्षक और सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में भी उनके प्रयास सराहनीय हैं।%

**डॉ. मीनाक्षी जैन- शिक्षा और इतिहास की प्रसिद्ध विद्वान**

इस सूची में प्रसिद्ध इतिहासकार और दिल्ली विश्वविद्यालय के गार्गी कॉलेज में इतिहास की पूर्व एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मीनाक्षी जैन का नाम भी शामिल है।

## विभागाध्यक्ष के यौन उत्पीडन से तंग छात्रा ने खुद को लगाई आग

**बीजेडी और टीएमसी ने भाजपा सरकार पर साधा निशाना**



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रिपोर्ट्स के अनुसार, बालासोर के एफएम स्वायत्त कॉलेज की द्वितीय वर्ष की इंटीग्रेटेड बी.एड. छात्रा ने विभागाध्यक्ष और सहायक प्रोफेसर समीर कुमार साहू के उत्पीडन से तंग आकर खुद को आग लगा ली। वह 90 प्रतिशत से अधिक जल चुकी है और उसकी हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। उसे बचाने की कोशिश करने वाला एक साथी छात्र भी 70 प्रतिशत तक जल गया है। दोनों का इलाज एम्स भुवनेश्वर में चल रहा है।

ओडिशा के बालासोर जिले में यौन उत्पीडन से परेशान एक कॉलेज छात्रा द्वारा खुद को आग लगाने की दिल दहला देने वाली घटना ने राज्य में हडकंप मचा दिया है। छात्रा ने अपने विभागाध्यक्ष पर बार-बार यौन संबंध बनाने की मांग करने और इनकार करने पर उसका भविष्य बर्बाद करने की धमकी देने का आरोप लगाया था। बालासोर में कॉलेज छात्रा के आत्मदाह के प्रयास के बाद प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की है। कॉलेज प्रिंसिपल को निलंबित कर दिया गया है, जबकि आरोपी विभागाध्यक्ष को गिरफ्तार कर लिया गया है।

रिपोर्ट्स के अनुसार, बालासोर के एफएम स्वायत्त कॉलेज की द्वितीय वर्ष की इंटीग्रेटेड बी.एड. छात्रा ने विभागाध्यक्ष और सहायक प्रोफेसर समीर कुमार साहू के उत्पीडन से तंग आकर खुद को आग लगा ली। वह 90 प्रतिशत से अधिक जल चुकी है और उसकी हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। उसे बचाने की कोशिश करने वाला एक साथी छात्र भी 70 प्रतिशत तक जल गया है। दोनों का इलाज एम्स भुवनेश्वर में चल रहा है।

## नजरबंदी और प्रतिबंध पर राजनीतिक दलों में उबाल, नेताओं का केंद्र सरकार पर तीखा वार

बढ़ता राजस्थान

**श्रीनगर (एजेंसी)।** उमर अब्दुल्ला ने इन प्रतिबंधों की कडी निंदा करते हुए एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 13 जुलाई का नरसंहार



हमारा जलियांवाला बाग है। यह कितनी शर्म की बात है कि ब्रिटिश शासन के हर रूप के खिलाफ लडने वाले सच्चे नायकों को आज सिर्फ इसलिए खलनायक के रूप में पेश किया जा रहा है क्योंकि वे मुसलमान थे। आज हमें उनकी कब्रों पर जाने का मौका भले ही न मिले, लेकिन हम उनके बलिदान को नहीं भूलेंगे।जम्मू-कश्मीर में 13 जुलाई को मनाए जाने वाले कश्मीर शहीद दिवस पर इस साल भी विवाद गहरा गया है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के प्रशासन ने इस दिन किसी भी तरह के कार्यक्रम की अनुमति नहीं दी, जिसके चलते उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली जम्मू-कश्मीर सरकार के कई मंत्रियों, विधायकों और विभिन्न राजनीतिक दलों के शीर्ष नेताओं को या तो नजरबंद कर दिया गया या हिरासत में ले लिया गया।यह दिन 1931 में हुए नरसंहार की बरसी के तौर पर मनाया जाता है, जब ब्रिटिश शासन के अधीन तत्कालीन जम्मू-कश्मीर रियासत के शासक हरि सिंह के खिलाफ हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान कई लोग मारे गए थे। केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन ने श्रीनगर के कई इलाकों में कडे प्रतिबंध लगाए और शहीदों के कब्रिस्तान की ओर जाने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी।

## खोखली सरकार अब माफी-मॉडल बन गई है, अभिनेता-नेता विजय का डीएमके सरकार पर हमला

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** काले कपड़े पहने हुए विजय ने एक तख्ती पकड़ी हुई थी, जिस पर लिखा था, सॉरी वेंडम, नीधि वेंडम (हमें न्याय चाहिए, माफ़ी नहीं)। टीवीके प्रमुख ने सवाल उठाया कि क्या मुख्यमंत्री स्टालिन ने 2021 से डीएमके शासन के दौरान हिरासत में यातना (जिससे मौतें हुईं) के सभी 24 पीड़ितों के परिवारों से माफी मांगी है।



तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) के संस्थापक और अभिनेता-राजनेता विजय ने रविवार को तमिलनाडु में हिरासत में मौतों को लेकर डीएमके सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि खोखली और सिर्फ़ प्रचार करने वाली डीएमके सरकार अब एक दयनीय माफ़ी-मॉडल सरकार में बदल गई है। यहां टीवीके की विरोध रैली को संबोधित करते हुए, विजय ने कहा कि हिरासत में यातना का शिकार हुआ अजित कुमार एक साधारण परिवार से था, और मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवार से माफ़ी मांगी है, जो कि सही है। काले कपड़े पहने हुए विजय ने एक तख्ती पकड़ी हुई थी, जिस पर लिखा था, सॉरी वेंडम, नीधि वेंडम (हमें न्याय चाहिए, माफ़ी नहीं)। टीवीके प्रमुख ने सवाल उठाया कि क्या मुख्यमंत्री स्टालिन ने 2021 से डीएमके शासन के दौरान हिरासत में यातना (जिससे मौतें हुईं) के सभी 24 पीड़ितों के परिवारों से माफ़ी मांगी है। उन्होंने सरकार से कहा, कृपया उन सभी से माफ़ी मांगें; साथ ही, क्या आपने सभी 24 पीड़ितों के परिवारों को मुआवज़ा दिया? कृपया उन्हें भी मुआवज़ा प्रदान करें। विजय ने डीएमके सरकार के रवैये पर भी सवाल उठाए। उन्होंने याद दिलाया कि जब 2020 में सथानकुलम मामले (जिसमें पुलिस द्वारा कथित रूप से प्रताड़ित कर पी जयराज और उनके बेटे जे बेनिक्स को मार डाला गया था) को तत्कालीन अन्नाद्रमुक सरकार ने सीबीआई को सौंपा था, तो स्टालिन ने इसे तमिलनाडु पुलिस का अपमान बताया था। विजय ने हैरानी जताते हुए पूछा कि जब ड़ीएमके सरकार ने कुछ दिन पहले अजित कुमार की हिरासत में मौत का मामला सीबीआई को सौंपा है, तो क्या यह भी पुलिस का अपमान नहीं है? उन्होंने कहा कि दोनों मामले एक जैसे ही हैं।

## पटना में कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल, व्यवसायी के बाद अब भाजपा नेता की गोली मारकर हत्या

बढ़ता राजस्थान

**पटना (एजेंसी)।** 52 वर्षीय सुरेंद्र केवट की हत्या बिहटा-सरमेरा स्टेट हाईवे के किनारे उनके खेत के पास की गई। रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार रात लगभग 9 बजे, केवट अपने खेत पर सिंचाई के लिए लगाए गए पानी के पंप को बंद करने गए थे। जब वह अपनी बाइक से वापस लौट रहे थे, तभी शेखपुरा गांव के पास दो बाइक सवार हमलावरों ने उन पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी।पटना में कानून-व्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है, जहां एक हफ्ते के भीतर दो हाई-प्रोफाइल हत्याओं ने पूरे शहर को चौंका दिया है। व्यवसायी गोपाल खेमका की हत्या के सदमे से लोग उबरे भी नहीं थे कि अब शेखपुरा गांव में भाजपा नेता सुरेंद्र केवट की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। इस घटना ने बिहार की राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।



### बिहटा-सरमेरा स्टेट हाईवे पर खौफनाक वारदात

52 वर्षीय सुरेंद्र केवट की हत्या बिहटा-सरमेरा स्टेट हाईवे के किनारे उनके खेत के पास की गई। लाइव हिंदुस्तान की रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार रात लगभग 9 बजे, केवट अपने खेत पर सिंचाई के लिए लगाए गए पानी के पंप को बंद करने गए थे। जब वह अपनी बाइक से वापस लौट रहे थे, तभी शेखपुरा गांव के पास दो बाइक सवार हमलावरों ने उन पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी।

### चार गोलियां लगने से हुई मौत

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हमलावरों ने केवट को बेहद करीब से चार गोलियां मारीं और मौके से फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल केवट को उनके परिवारजन तुरंत पटना एम्स ले गए, लेकिन इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। पीपरा थाना प्रभारी (एसएचओ) आरके पाल ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, और पुलिस हमलावरों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ-साथ तकनीकी निगरानी का भी सहारा ले रही है।

### स्थानीय पहचान और राजनीतिक सक्रियता

सुरेंद्र केवट स्थानीय स्तर पर एक पशु चिकित्सक और किसान के रूप में जाने जाते थे। वह शेखपुरा गांव में अपने परिवार के साथ रहते थे और पुनपुन प्रखंड में भाजपा के एक सक्रिय पदाधिकारी थे। हालांकि उनके पास पार्टी में कोई औपचारिक पद नहीं था, फिर भी वे क्षेत्र में राजनीतिक रूप से काफी सक्रिय थे।

पटना में एक हफ्ते से भी कम समय में यह दूसरी सनसनीखेज हत्या है। इससे पहले, व्यवसायी गोपाल खेमका की गांधी मैदान के पास उनके घर के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

## पाक में सैन्य तख्तापलट की अफवाहें, पाकिस्तानी पत्रकार मौसाद पर लगा आरोप

बढ़ता राजस्थान

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** जियो न्यूज़ नेटवर्क के जाने-माने पत्रकार और होस्ट हामिद मीर ने दावा किया है कि जरदारी की जगह सेना प्रमुख को राष्ट्रपति बनाने के लिए संभावित संवैधानिक संशोधन की मीडिया में जो चर्चा हो रही है, उसके पीछे इजरायली जासूसी एजेंसी मोसाद का हाथ है।पिछले दो दिनों से पाकिस्तान में एक कथित सैन्य तख्तापलट की अफवाहों ने ज़ोर पकड़ रखा है, जिसमें दावा किया जा रहा है कि मौजूदा राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी की जगह सेना प्रमुख राष्ट्रपति बन सकते हैं। इन अफवाहों ने पाकिस्तानी नेतृत्व को डैमेज कंट्रोल मोड में ला दिया है, क्योंकि सरकार इन खबरों को सिरे से खारिज कर रही है। हालांकि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने खुद इन खबरों को अफवाह करार दिया था, लेकिन अब एक पाकिस्तानी पत्रकार ने एक चौंकाने वाला षड्यंत्र सिद्धांत पेश किया है। जियो न्यूज़ नेटवर्क के जाने-माने पत्रकार और होस्ट हामिद मीर ने दावा किया है कि जरदारी की जगह सेना प्रमुख को राष्ट्रपति बनाने के लिए संभावित संवैधानिक संशोधन की मीडिया में जो चर्चा हो रही है, उसके पीछे इजरायली जासूसी एजेंसी मोसाद का हाथ है।मीर ने अपने %एक्स% हैंडल पर दावा किया कि यह अफवाह राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और सेना प्रमुख से जुड़ी सत्ता त्रिमूर्ति के खिलाफ मोसाद की जासूसी योजना का हिस्सा थी।

## तमिलनाडु में मालगाड़ी पटरी से उतरी, 18 बोगियां जली

**52 बोगियों में डीजल था, 40 अलग की गईं; तिरुवल्लूर रेलवे स्टेशन का इलाका खाली कराया**

बढ़ता राजस्थान

**तिरुवल्लूर (एजेंसी)।** मालगाड़ी चेन्नई हार्बर से वालाजाह रोड साइडिंग (वालाजाबाद) जा रही थी। तमिलनाडु के तिरुवल्लूर रेलवे स्टेशन के पास मनाली से जोलारपेट होते हुए कर्नाटक जा रही एक डीजल मालगाड़ी पटरी से उतर गई। इसके बाद उसमें आग लग गई। शुरुआत में पांच बोगियों में आग लगी। बाद में यह 18 बोगियां आग की चपेट में आ गईं। घटना रविवार सुबह 5.30 बजे हुई। मालगाड़ी में 52 बोगियां थीं।जिला कलेक्टर एम प्रताप ने बताया कि 40 बोगियों को जलती हुई ट्रेन से अलग कर लिया गया है। वहीं, रेलवे स्टेशन के आसपास रहने वाले लोगों को निकालकर सुरक्षित जगह पहुंचाया गया। आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल सका है।फायर ब्रिगेड की कई



टीमें बुलाई गईं। दोपहर तक मिली जानकारी के मुताबिक 10 गाड़ियों की मदद से आग पर लगभग काबू पा लिया गया है। इधर, रेलवे और पुलिस घटना वाली जगह से 100 मीटर दूर पटरी पर मिली दरार की भी जांच कर रहे हैं।

## ईरान के राष्ट्रपति इजराइली हमले में घायल हुए थे

**मीटिंग के दौरान इजराइली सेना ने 6 मिसाइलें दागीं, इमरजेंसी गेट से भागे**

बढ़ता राजस्थान

**तेहरान(एजेंसी)।** ईरान और इजराइल के बीच पिछले महीने 12 दिनों तक जंग हुई थी। इस दौरान 16 जून को इजराइल के हमले में ईरानी राष्ट्रपति मसूद पजशकियान घायल हो गए थे। ईरानी न्यूज एजेंसी फार्स ने इसकी जानकारी दी है।रिपोर्ट के मुताबिक इजराइल ने 16 जून को तेहरान के पश्चिमी हिस्से में एक इमारत पर 6 मिसाइलों से हमला किया था। उस समय इमारत में देश की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी कैबिनेट की बैठक चल रही थी।बैठक में राष्ट्रपति पजशकियान के साथ ईरान के संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ,



न्यायपालिका प्रमुख गुलाम-हुसैन मोहसेनी एजेई और कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। हालांकि ये सभी इमारत की निचली मंजिल में मौजूद थे, इसलिए हमले का उन पर बहुत असर नहीं हुआ। लिहाजा सभी इमरजेंसी गेट से भागने में कामयाब रहे।

**दम घोंट कर राष्ट्रपति को मारना चाहता था इजराइल**

रिपोर्ट में कहा गया है कि इजराइल, राष्ट्रपति पजशकियान को नसरल्लाह की तरह मारना चाहता था। इजराइल ने 1 अक्टूबर 2024 को बेरूत में नसरल्लाह के सीक्रेट बंकर पर हमला किया था। वह हिजबुल्लाह के टॉप कमांडरों के साथ मीटिंग कर रहे थे। 64 साल के नसरल्लाह की जहरीले धुएं में दम घुटने से मौत हो गई थी।इस बार भी इजराइली मिसाइलों ने खास तौर पर इमारत के आने-जाने के रास्तों और वेंटिलेशन सिस्टम को निशाना बनाया था, ताकि अंदर मौजूद लोगों को बाहर निकलने से रोका जा सके और उन्हें दम घोंटू माहौल में फंसाया जा सके।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र
मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार